चैत्र कृष्ण पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 4 अप्रैल 2024
वर्ष -34, अंक -68, पृष्ठ -14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



न्याय तंत्र की आजादी पर हमला बर्दाश्त नहीं 14

तापसी पन्नू की शादी का वीडियो आया सामने 2

## सत्य साईं के ठिकानों पर आईटी का छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बरेली में दो प्रतिष्ठानों के अलावा आवास पर टीम ने दस्तावेज खंगाले
- लखनऊ में गोमतीनगर स्थित सरस्वती अपार्टमेंट में पहुंचे, हड़कंप

**अमृत विचार :** आयकर विभाग ने बुधवार को सत्य साईं बिल्डर्स के संचालक रमेश गंगवार के प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। बिल्डर पर सरकारी ठेकों में लेनदेन को लेकर बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी का आरोप था। इनपुट मिलने के बाद आयकर विभाग ने लखनऊ और बरेली के कई प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। इसके अलावा काशीपुर में जांच टीम को उनका मकान बंद मिला। रमेश गंगवार के यूपी से लेकर दिल्ली तक करीब 15 आईएएस अफसरों से कारोबारी संपर्क बताए जा रहे हैं, जिसमें अधिकतर जिलों में बतौर जिलाधिकारी तैनात हैं।

बुधवार दोपहर आयकर टीम ने डीडीपुरम स्थित उनके आवास, इसके बाद कार्यालय पहुंची। पहुंचते ही सभी कर्मचारियों के मोबाइल फोन आदि जमा करा लिए गए। इसके बाद दस्तावेजों की खोजबीन कर उनकी जांच शुरू की गई। शाम को टीम दलेलनगर स्थित पैतृक आवास पहुंची और वहां भी दस्तावेजों को खंगाला गया। गोमतीनगर के सरस्वती अपार्टमेंट भी टीम पहुंची, लेकिन वहां से कुछ हासिल नहीं हो पाने की सूचना है। जांच के दौरान क्या मिला, क्या-क्या आरोप हैं, इसकी जानकारी को लेकर विभाग अभी मौन है। सूत्रों के मुताबिक गंगवार ने कुछ दिन पहले अल्मोड़ा में एक बड़ा टेंडर हासिल किया है। गंगवार एक राष्ट्रीय पार्टी से टिकट पाने के भी फिराक में थे। गंगवार ने बिल्डर के अलावा एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बना रखी है।

**जीएसटी चोरी के भी आरोप :** बिल्डर रमेश गंगवार पर आयकर विभाग के अलावा जीएसटी ने भी शिकंजा कस रखा है। आय अधिक होने पर टैक्स कम देने के आरोप लगे हैं। जीएसटी को लेकर अभी भी छानबीन की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक लखनऊ टीम रिकार्ड खंगाल रही है।

**4 क्लस्टरों की 17 सीटों पर भाजपा कोर कमेटी ने की चर्चा, शाह की बैठक को लेकर पदाधिकारियों ने रातभर किया मंथन**

# 17 लोस सीटों पर जीत का मंत्र दे गए केंद्रीय गृह मंत्री शाह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



मुरादाबाद में आयोजित बैठक में गृहमंत्री अमित शाह, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी, एमएलसी सतपाल सैनी, मंत्री कपिल देव अग्रवाल, सतेंद्र सिसौदिया।

**अमृत विचार:** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मुरादाबाद के रामपुर रोड स्थित होटल में बुधवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पहले, दूसरे व तीसरे चरण में होने वाले 4 क्लस्टरों की 17 लोकसभा सीटों पर जीत का मंत्र दे गए। उन्होंने बूथ प्रबंधन पर जोर देते हुए कहा कि बूथ कार्यकर्ता और पन्ना प्रमुखों की चुनाव जीतने में अहम भूमिका है।

पिछली बार जिन 14 लोकसभा सीटों को हारे थे इस बार गृहमंत्री ने उनको जीतने का लक्ष्य दिया है। कहा कि प्रदेश की 80 सीटें महत्वपूर्ण हैं। तभी हम अबकी बार 400 पार, तीसरी बार मोदी सरकार का संकल्प साकार कर पाएंगे। उन्होंने बैठक में विरोधियों के दुष्प्रचार का पार्टी के सोशल मीडिया सेक्टर से जवाब देने को कहा। उन्होंने ईमानदारी से बूथ प्रमुखों, पन्ना प्रमुखों, लोकसभा संयोजकों सहित कोर कमेटी के सभी सदस्यों को जीत के लिए पूरी ताकत से जुटने के लिए कहा। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, गन्ना व चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, कपिल देव अग्रवाल, बलदेव सिंह औलख, शिक्षामंत्री गुलाब देवी, संदीप सिंह, दिनेश, सोमेंद्र तोमर के अलावा क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया, प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी सतपाल सिंह सैनी, छत्रपाल सिंह, सुभाष यदुवंश, मोहित बेनीवाल, लक्ष्मीकांत वाजपेयी आदि मौजूद रहे।

### अभी कई बड़े काम करने हैं

गृहमंत्री ने कहा कि हमारा मकसद सिर्फ चुनाव जीतना नहीं है अभी कई बड़े काम करने हैं। इसलिए पार्टी को सर्वस्पर्शी बनाएं। अब कमियों की नहीं विकास को ऊंचाई देने का काम तीसरी बार सत्ता में आने पर मोदी सरकार करेगी। 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य सहयोग और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने से होगा।

### इन सीटों की हुई समीक्षा

गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में लोकसभा क्षेत्र मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, सम्भल, पीलीभीत, अलीगढ़ और मथुरा सहित 17 सीटों की बैठक में समीक्षा हुई।

## एक नजर

### वीवीपीएटी वाली याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि वह ईवीएम से किए मतदान और वीवीपीएटी का पुन: सत्यापन कराने वाली याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई करेगा। एनजीओ की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि मामले की तत्काल सुनवाई होनी चाहिए। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की पीठ ने कहा कि याचिका को अगले मंगलवार या बुधवार को सूचीबद्ध किया जाएगा। वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि चुनाव नजदीक आ रहे हैं और अगर मामले पर सुनवाई नहीं हुई तो याचिका निरर्थक हो जाएगी। पीठ में न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी भी हैं।

### दो बच्चियों से दुष्कर्म में नाबालिग दोषी

**नई दिल्ली।** दिल्ली अदालत ने 2017 में दो बच्चियों से दुष्कर्म के लिए नाबालिग को दोषी ठहराया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित सहरावत मामले की सुनवाई कर रहे थे। आरोपी पर सात और चार वर्ष की बच्चियों से दुष्कर्म पर पॉक्सो और आईपीसी के प्रावधानों के तहत मुकदमा हुआ था। अदालत ने मंगलवार को पारित आदेश में कहा, निर्णायक रूप से ऐसा कहा जा सकता है कि अभियोजन पक्ष बिना संदेह के आरोपों को साबित करने में सफल रहा कि आरोपी ने दोनों बच्चियों से दुष्कर्म दिया था।

# 29 सोना तस्कर सुरक्षाकर्मियों को धक्का देकर एयरपोर्ट से भागे

## शारजाह से 1 अप्रैल को आए थे 36 तस्कर, दो दिन से हो रही थी पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- एक तस्कर हुआ बेहोश, हंगामा कर भटकाया ध्यान
- सरोजनीनगर थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट दर्ज, टीमें गठित

**अमृत विचार:** चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट (अमौसी) पर सोना और सिगरेट तस्करी के मामले में हिरासत में लिए 36 से 29 आरोपियों द्वारा सुरक्षा कर्मियों को धक्का देकर भागने का मामला सामने आया है। एयरपोर्ट के सहायक आयुक्त एके सिंह ने बुधवार को सरोजनीनगर थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है। एडीसीपी दक्षिण शशांक सिंह ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को टीमें लगाई गई हैं।

अमौसी एयरपोर्ट पर 1 अप्रैल को राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) को सूचना मिली कि शारजाह से लखनऊ आ रही फ्लाइट से तस्कर 3.5 करोड़ का सोना और सिगरेट ला रहे हैं। टीम ने फ्लाइट से उतरे 36 यात्रियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। छह यात्रियों ने पेट में सोना होने की बात कुबूली। जबकि बाकी 30 यात्रियों से मंगलवार को पूछताछ हुई। 29 यात्रियों ने भी पेट में सोना होने की बात कही। जबकि महिला यात्री ने सोना होने से इनकार किया। दोपहर बाद सभी रमजान की बात कह हंगामा करने लगे। एक तस्कर बेहोश हो गया, जिसका इलाज कराने की मांग कर अन्य धमकी देने लगे।

कर्मियों का ध्यान भटकाकर 29 आरोपी सुरक्षाकर्मियों को धक्का देकर भाग गए। इसकी जानकारी डायल 100, चौकी प्रभारी अमौसी एयरपोर्ट और उप कमांडेंट सीआईएसएफ को दी गई। बीमार यात्री को अस्पताल भेजा गया। जिसे बाद में फिर एयरपोर्ट लाया गया, जहां बाकी बचे अन्य 6 तस्करों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। एडीसीपी का कहना है कि आरोपियों का नाम पता है। इसके आधार पर उनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

**ये 29 सोना तस्कर एयरपोर्ट से हुये फरार :** एयरपोर्ट से फरार होने वाले तस्करों में जैस मोहम्मद, इशरार, जुबैर अहमद, अलकाम मोहम्मद, अली मोहम्मद, अरशद, हफीजुर्रहमान, लकी, जहीर अहमद, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद नासिर, मो. अखलाद, सईदुल्जफर, नदीम अख्तर, रियासत अली, इमामुल हसन, मो. जहीर, जरीफ अहमद, मो. सलमान, मो. सरीक, मो. सुहैल, मो. इकबाल, आजम अली, मो. रजी, निजामुद्दीन, मो. उबैस, मो. इस्लाम, मो. अनस व मो. बशीर शामिल हैं।

### बीमार तस्कर की जांच में सब ठीक मिला

बीमार तस्कर की कस्टम के भी अधिकारियों ने अपोलो हॉस्पिटल के डॉक्टर बुला कर जांच कराई। डॉक्टर ने बेहोश तस्कर की जांच की तो उसका पल्स और शुगर लेवल सब ठीक निकला। लेकिन वहां मौजूद दूसरे यात्री उसे उठाकर चिल्लाने लगे। कस्टम टीम का कहना है कि पकड़े तस्करों ने रोजा रखा था। इफ्तारी के बाद सोना निकालने का प्रयास करने वाले थे। इसी को लेकर यात्रियों को खाने-पीने का सामान दिया था। सोमवार को सभी ने नमाज पढ़ रोजा खोला था।

# आतिशी को भाजपा ने मानहानि नोटिस भेजा, कहा- माफी मांगे

## आतिशी ने कहा था- भाजपा में शामिल होने का दबाव बनाया जा रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा दिल्ली इकाई ने आप नेता आतिशी को मानहानि नोटिस भेजा और अपने करीबी व्यक्ति के माध्यम से उन्हें भाजपा में शामिल होने के दावे पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को कहा है। आतिशी ने एक दिन पहले दावा किया था कि उनके सहित ''आप'' के चार वरिष्ठ नेताओं को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। आतिशी ने यह भी दावा किया था कि उन्हें या तो भाजपा में शामिल होने या फिर एक महीने में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के लिए तैयार रहने को कहा गया था।

वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को कहा कि आतिशी को मानहानि नोटिस भेजा गया है और उनसे अपने दावे के लिए माफी मांगने को कहा गया है। आतिशी सबूत देने में विफल रहीं कि उनसे किसने, कब और कैसे संपर्क किया था। वह हताशा में इस तरह के झूठे और निराधार आरोप लगा रही है, लेकिन हम उन्हें बचकर नहीं जाने देंगे। सचदेवा ने आतिशी से अपने दावे को साबित करने के लिए अपना फोन जांच एजेंसी को सौंपने को कहा। भाजपा दिल्ली इकाई के वकील ने कहा कि पार्टी ने आतिशी को अपना बयान वापस लेने के लिए मानहानि नोटिस भेजा है। वकील ने बयान को झूठा, अपमानजनक और मनगढ़ंत करार दिया और दावा किया कि यह बयान गलत इरादे से दिया गया था। अगर आतिशी अपने दावे को साबित करने में विफल रहती है तो उन पर कानूनी कार्यवाही होगी।

### केजरीवाल का वजन घटा : आतिशी



**नई दिल्ली।** आप नेता आतिशी ने दावा किया कि 21 मार्च को गिरफ्तार के बाद से मुख्यमंत्री केजरीवाल का वजन घट रहा है। आतिशी ने भाजपा पर केजरीवाल को जेल में रखकर स्वास्थ्य को खतरे में डालने का आरोप लगाया। आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री की सेहत के संबंध में कानूनी मदद लेगी। वहीं, तिहाड़ जेल प्रशासन ने आतिशी के दावों को खारिज करते हुए कहा केजरीवाल सामान्य है।

### सबूतों से छेड़छाड़ न करें संजय : कोर्ट



**नई दिल्ली।** दिल्ली की कोर्ट ने आप नेता संजय सिंह को बुधवार को निर्देश दिया कि वह आबकारी घोटाला मामले में सबूतों से छेड़छाड़ न करें या गवाहों को प्रभावित न करें। सुप्रीम कोर्ट से सिंह को मंगलवार को जमानत मिलने के बाद विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने नेता को तिहाड़ जेल से रिहा करने का आदेश देने से पहले ये निर्देश दिए। न्यायाधीश ने सिंह को पासपोर्ट जमा कराने, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) से बाहर जाने से पहले सूचित करने और फोन की 'लोकेशन' हमेशा चालू रखने का निर्देश दिया। सिंह के वकील ने संक्षिप्त सुनवाई के दौरान अदालत को सूचित किया कि नेता की पत्नी आरोपी की जमानतदार होंगी।

# परिवारवादी राजनीति के खिलाफ लड़ रहे : मोदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**चुनाव में विजय की आत्मा पोलिंग बूथ की जीत में**

- प्रधानमंत्री ने उ.प्र. में होने वाले चुनाव के तहत आने वाली लोकसभा सीटों के सभी बूथों के कार्यकर्ताओं को नमो ऐप पर संबोधित किया
- कहा, पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ने का लक्ष्य लेकर चलें 10 सीटों के सभी 22,648 बूथों के पार्टी कार्यकर्ता

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस बार चुनाव में परिवारवादी राजनीति के खिलाफ हम लोकतंत्र की भलाई के लिए लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि, चाचा-भतीजा के परिवार से उत्तर प्रदेश का मोह बहुत पहले ही भंग हो चुका है और भाजपा अपने कार्यकर्ताओं की मेहनत, निष्ठा और समर्पण के बूते इस लोस चुनाव में जीत की हैट्रिक लगाने जा रही है।

प्रधानमंत्री ने बुधवार को उत्तर प्रदेश में तीसरे चरण में होने वाले चुनाव के तहत आने वाली 10 लोकसभा सीटों के सभी 22,648 बूथों के पार्टी कार्यकर्ताओं को नमो ऐप पर वर्चुअली संबोधित किया। मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम की इस कड़ी में प्रधानमंत्री ने बूथ समिति के सदस्यों और पन्ना प्रभारियों को संबोधित करते हुए कुछ बूथ अध्यक्षों से भी बात की। इस दौरान नरेन्द्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को सलाह दी कि, वे अपने काम या व्यवहार से किसी को ठेस न पहुंचाएं। इसी कड़ी में मोदी ने कहा कि, पोलिंग बूथ पर विजय ही किसी भी चुनाव में जीत की आत्मा होती है और कार्यकर्ताओं को चुनाव में अपने बूथ के पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ने के लक्ष्य के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि हम चुनाव में कितनी ही बड़ी विजय प्राप्त करने की इच्छा रखते हों लेकिन जब तक पोलिंग बूथ नहीं जीतते हैं तब तक चुनाव जीत ही नहीं सकते हैं इसलिए चुनाव में विजय की जो आत्मा है वह पोलिंग बूथ की विजय में है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गर्मी के दिनों में अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखने की भी हिदायत दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव, हर चुनाव में आपकी मेहनत से नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। आप लोगों का यह जोश देखकर मुझे तो खुशी होती ही है लेकिन बाकी पार्टियों के नेता तो आपका यह जोश देखकर पहले ही ठंडे पड़ जाते हैं। उत्तर प्रदेश को लेकर मोदी ने भरोसा जताया कि यहां के सभी भाजपा कार्यकर्ता हर सीट पर, हर पोलिंग बूथ पर विजय सुनिश्चित करने के लिए जी जान से जुट गए हैं। आप लोगों को सही दिशा में अपने प्रयास तेज करने हैं और हर मतदाता तक अपनी बात पहुंचानी है।

# सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- प्रयागराज का राजीव नयन यूपी टीईटी का पेपर भी करा चुका है लीक
- नोएडा में पकड़े गए राजीव ने रीवा में 300 अभ्यर्थियों के समक्ष पढ़ा था पेपर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसने रीवा के रिसॉर्ट में 300 अभ्यर्थियों को बैठाकर पेपर पढ़ा था। ग्वालियर में एनआरएचएम घोटाले से जुड़े प्रकरण और यूपी में टीईटी पेपर लीक के आरोप में भी वह कौशांबी से जेल जा चुका है।

एडीजी (कानून -व्यवस्था) अमिताभ यश के मुताबिक पेपर लीक मामले में मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा मूल रूप से प्रयागराज के नैनी का रहने वाला है। पेपर लीक मामले में उसके खिलाफ मेरठ के थाना कंकरखेड़ा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मेरठ की एसटीएफ यूनिट उसकी तलाश कर रही थी। एडीजी के मुताबिक राजीव ने पूछताछ में बताया कि दो रिसॉर्ट में उसने पेपर पढ़े गए थे। लीक पेपर गुरुग्राम में पांच सौ अभ्यर्थियों के समक्ष पढ़ा गया। रीवा स्थित शिव महाशक्ति रिसॉर्ट में तीन सौ अभ्यर्थियों के सामने राजीव ने खुद पेपर पढ़ा था। एसटीएफ उसकी तलाश कर रही थी। मंगलवार को राजीव को नोएडा से गिरफ्तार कर लिया गया।

## सोना 69,200 व चांदी 80,700 के नए रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में सोने की कीमतों में तेजी से राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 830 रुपये के उछाल के साथ 69,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार यह दूसरा मौका है जब इस सप्ताह सोने के दाम रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचे हैं। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 68,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,700 रुपये के उछाल के साथ 80,700 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई।

## पूर्व विधायक को अवैध खनन पर 140 करोड़ का नोटिस

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी

- खनिज विभाग ने दो रकबों में अवैध खनन का किया खुलासा

कांग्रेस छोड़कर पिछले महीने भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायक संजय शुक्ला और तीन अन्य को इंदौर के जिला प्रशासन ने मुरम और पत्थर के अवैध खनन पर 140.60 करोड़ के प्रस्तावित जुर्माने का नोटिस जारी किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि खनिज विभाग ने इंदौर से सटे बारोली गांव में 5.50 हेक्टेयर और 3.40 हेक्टेयर के दो रकबों में अवैध खनन का खुलासा किया है।

अधिकारियों के मुताबिक इस अवैध खनन को लेकर मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत शुक्ला और तीन अन्य लोगों पर 140.60 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। नोटिस के प्रतिवादियों में शुक्ला के अलावा उनके भाई राजेंद्र शुक्ला, ईडन गार्डन गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित के अध्यक्ष और बारोली गांव के निवासी मेहरबान सिंह राजपूत है। नोटिस में कहा गया है कि बारोली गांव के दो रकबों में चार लाख घन मीटर मुरम और 2.23 लाख घन मीटर पत्थर के हुए खनन के आधार पर जुर्माना लगाया गया है। नोटिस में कहा गया है कि वे 19 अप्रैल को एडीएम की कोर्ट में पक्ष रखने को हाजिर हों।

**रामनवमी की व्यवस्था** | रामानंदीय संप्रदाय के संतों ने बताया अनुचित, विरोध में उठे स्वर

# रामलला को तीन दिन जगाए रखने को लेकर खड़ा हुआ बखेड़ा



अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद रामनवमी पर आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को राममंदिर में चैत्र शुक्ल नवरात्रि के अष्टमी, नवमी और दशमी को 24 घंटे दर्शन कराने की योजना को लेकर मंथन किया जा रहा है। यह सभी तिथियां 16, 17 और 18 अप्रैल को पड़ रही है। दर्शन लगातार होंगे तो रामलला आराम नहीं कर पाएंगे। रामलला को तीन दिन तक लगातार जगाए रखने पर बखेड़ा खड़ा हो गया है। रामानंद संप्रदाय के संत धर्माचार्य इसे अनुचित बताते हुए इस फैसले का विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि सिर्फ भीड़ को देखते हुए बालरूप में भगवान को इतनी देर जगाए रखना ठीक नहीं है। संतों का मानना है रामनवमी पर रात्रि 11 से सुबह चार बजे तक भगवान को शयन करने दिया जाए। हालांकि इस पर निर्णय श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को लेना है, ट्रस्ट ने दर्शन की व्यवस्था बनाए जाने का भरोसा दिया है।

### सुबह 4 से रात 10 बजे तक की है परंपरा



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेंद्र दास का कहना है कि रामानंद संप्रदाय में किसी भी मंदिर में रात्रि में भगवान को कई दिनों तक जगाए जाने की परंपरा नहीं है। विशेष रूप से कुछ विशेष आयोजनों के दौरान एक दिन के लिए जागरण व धार्मिक अनुष्ठान किया जाता है। उन्होंने बताया कि वैष्णो संप्रदाय में सुबह 4 से रात्रि 10 बजे तक दिनचर्या की परंपरा है और रात्रि 10 बजे के बाद किसी भी प्रक्रिया को शामिल नहीं किया गया है।

### किसी भी परंपरा में रात्रि जागरण की बात नहीं



रामानंद संप्रदाय के रामकथा वाचक पूर्व सांसद डॉ. राम विलास दास वेदांती ने कहा कि संप्रदाय के तहत भगवान की दिनचर्या को देखते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट विचार करेगा। शास्त्र अनुसार श्रीमद् वाल्मीकि रामायण, भागवत महापुराण, स्कंद पुराण में भगवान के दिनचर्या का वर्णन है। प्रात: ब्रह्म बेला में स्नान के बाद राग भोग, आरती व दोपहर में भोग और शयन और सायं में संध्या आरती फिर शयन आरती की परंपरा है। इसी अनुसार उनकी सेवा हो रही है। किसी भी परंपरा में रात्रि जागरण की बात नहीं है।

### भीड़ के कारण परंपरा में न करें बदलाव

महंत सत्येंद्र दास वेदांती ने कहा कि रामलला को 24 घंटे जगाए रखना सनातन धर्म और उपासना पद्धति के विरुद्ध है। अगर ट्रस्ट तीन दिन 24 घंटे दर्शन कर जाने की योजना पर निर्णय देता है तो इसका विरोध करते हैं। रामलला शिशु सामान हैं। उन्हें समय पर जगाने, उनकी आरती व भोगराज की व्यवस्था करना सही है। भीड़ बढ़ने से उनकी परंपरा में बदलाव नहीं करना चाहिए।

### एक दिन जगाना उचित लेकिन तीन दिन नहीं

दशरथ महल के महंत बिंदु गद्दाचार्य देवेंद्र प्रसाद आचार्य ने कहा कि भक्तों को दर्शन देना भगवान के बस में है। तीन दिन तक 24 घंटे दर्शन करने के मामले में टिप्पणी करना सही नहीं है, लेकिन यह जरूर है कि ट्रस्ट रामानंद संप्रदाय की परंपरा और उसके नियमों का पालन करते हुए फैसला ले। भगवान को 24 घंटे एक दिन के लिए जगाना तो उचित हो सकता है, लेकिन तीन दिन तक इस प्रकार से दर्शन की व्यवस्था करना न्याय संगत नहीं है। श्रद्धालुओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए रात्रि 12 से सुबह 4 बजे तक शयन की अवधि जरूर निर्धारित करें।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 04 | 203 |
| रियान पराग (आरआर) | 03 | 181 |
| हेनरिक क्लासेन (एसआरएच) | 03 | 167 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 03 | 07 |
| मयंक यादव (एलएसजी) | 02 | 06 |
| युजवेंद्र चहल (आरआर) | 03 | 06 |

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +2.518 |
| राजस्थान रॉयल्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +1.249 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.976 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.483 |
| गुजरात टाइटंस | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | -0.738 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | +0.204 |
| पंजाब किंग्स | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.337 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -0.876 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -1.347 |
| मुंबई इंडियंस | 03 | 00 | 03 | 00 | 00 | -1.423 |

# पंजाब के बल्लेबाजों के सामने गुजरात के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती

**अहमदाबाद, एजेंसी**

मयंक यादव की तूफानी गेंदबाजी के सामने ध्वस्त हुए पंजाब के बल्लेबाजी क्रम को गुरुवार को यहां मोटेरा की धीमी पिच पर गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। पंजाब किंग्स ने विरोधी के मैदान पर अपने पिछले दो मुकाबले गंवाए हैं और टाइटंस के खिलाफ हार से उसकी राह मुश्किल हो सकती है। दूसरी तरफ टाइटंस की टीम पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद पर सात विकेट की आसान जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी है।

पंजाब किंग्स की टीम के पास पिछले मैच में मयंक की गति का कोई जवाब नहीं था और उसके शीर्ष क्रम के अधिकांश बल्लेबाज नियमित रूप से 150 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे इस तेज गेंदबाज का सामना करने के लिए तैयार नहीं थे। मयंक बल्लेबाजों के शरीर को लक्ष्य बनाकर गेंदबाजी कर रहे हैं जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा के सामने पंजाब किंग्स को अलग तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। मोहित नकल बॉल, धीमे बाउंसर और वाइड यार्कर का काफी अच्छा इस्तेमाल करते हैं और इस साल आईपीएल में मयंक के अलावा ऐसे तेज गेंदबाज अधिक सफल रहे हैं जो अच्छी धीमी गेंदबाजी करने में सक्षम हैं। इससे शिखर धवन, जॉनी बेयरस्टो और जितेश शर्मा जैसे बल्लेबाजों को अलग तरह की चुनौती का सामना करना होगा जिन्हें गेंद का बल्ले पर आना पसंद है। पिछले मैच में पैर की मांसपेशियों में हल्की चोट के बाद अगर लियाम लिविंगस्टोन अनुपलब्ध रहते हैं तो पंजाब की मुसीबत और बढ़ जाएगी। पंजाब को इसके अलावा राशिद खान और नूर अहमद की फिरकी का भी सामना करना होगा। टाइटंस की टीम में शामिल अफगानिस्तान के तीसरे खिलाड़ी अजमतुल्लाह ओमरजई अपने ऑलराउंड कौशल से पंजाब किंग्स की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं। पंजाब की बल्लेबाजी से अधिक चिंता का विषय उसकी गेंदबाजी है, विशेषकर डेथ ओवरों में। दस लाख डॉलर से अधिक की कीमत पर टीम से जुड़ने वाले खिलाड़ियों में से एक हर्षल पटेल ने मौजूदा सत्र में अब तक निराश करते हुए 11.41 की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं। उन्होंने अब तक सभी तीन मैच में अपने कोटे के चार ओवर पूरे किए हैं। राहुल चाहर ने भी काफी निराश करते हुए 11.37 की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रोबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, सुशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुथार। **पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व ताइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया , विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु। **समय :** मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

# कोलकाता ने दिल्ली कैपिटल्स को 106 रनों से रौंदा

## सुनील नरेन और अंगकृष रघुवंशी ने जड़े अर्धशतक, कोलकाता के वैभव व वरुण ने तीन-तीन विकेट झटके



सुनील नरेन

**विशाखापटनम, एजेंसी**

सुनील नरेन के 85 रन और अंगकृष रघुवंशी की 54 रनों की तूफानी पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने बुधवार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 16वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 106 रनों से हरा दिया है।

273 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिल्टस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में पृथ्वी शॉ 10 रन का विकेट गवां दिया। उसके बाद मिचेल मार्श और अभिषेक पोरेल बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। ऐसे संकट के समय कप्तान ऋषभ पंत और डेविड वॉर्नर के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। वॉर्नर 13 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुये। ऋषभ पंत ने 25 गेंदों में पांच छक्कों और चार चौकों की मदद से 55 रनों की पारी खेली। वहीं ट्रिस्टन स्टब्स ने 32 गेंदों में चार चौके और चार छक्कों की मदद से 54 रन बनाये। अक्षर पटेल खाता भी नहीं खोल सके। सुमित कुमार सात रन, रसिख सलाम एक रन और एनरिक नॉर्टजे चार रन बनाकर आउट हुये। दिल्ली कैपिटल्स की टीम 17.2 ओवर में 166 रन पर ढ़ेर हो गई। दिल्ली की चार मैचों में यह तीसरी हार है। कोलकाता की ओर से वरुण चक्रवर्ती और वैभव अरोड़ा ने तीन-तीन विकेट लिये। मिचेल स्टार्क ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। सुनील नरेन और आंद्रे रसल को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को जीत के लिए 273 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां डॉ. वाई एस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में कोलकता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया।

- **दिल्ली कैपिटल्स की ओर से ऋषभ पंत ने सर्वाधिक 55 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 54 रनों की पारी खेली**

बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता के लिए फिल सॉल्ट और सुनील नरेन की सलाम जोड़ी ने पहले विकेट के लिए अच्छी शुरुआत करते हुए 60 रन जोड़े। पांचवें ओवर में नॉर्टजे ने फिल सॉल्ट को 18 रन पर आउट कर कोलकाता को पहला झटका दिया। इसके बाद आईपीएल में पर्दापण कर रहे अंगकृष रघुवंशी ने सुनील नरेन के साथ दूसरे विकेट के 104 रनों की ताबड़तोड़ साझेदारी करते हुए 27 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्कों की मदद से 54 रन बनाते हुए अपना पहला अर्धशतक लगाया। वहीं सुनील नरेन ने 39 गेंदों में सात चौकों और सात छक्कों की मदद से तूफानी अंदाज में 85 रन ठोक डाले। कप्तान श्रेयस अय्यर 11 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुये। आंद्रे रसल ने 19 गेंदों में चार चौके और तीन छक्कों की सहायता से 41 रन बनाये। रिंकू सिंह ने आठ गेंदों में तीन छक्कों और एक चौके की मदद से 26 रन ठोके। रमनदीप सिंह दो रन बनाकर आउट हुये। वेंकटेश अय्यर पांच रन और मिचेल स्टार्क एक रन बनाकर नाबाद रहे। कोलकाता ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 272 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। खेल के दौरान दिल्ली को धीमे ओवर रेट के कारण और एक अतिरिक्त फील्डर दायरे अंदर करना पड़ा। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से एनरिक नॉर्टजे ने तीन विकेट लिये। इशांत शर्मा ने दो विकेट लिये। खलील अहमद और मिचेल मार्श को एक-एक विकेट मिला।

**कोलकाता 272/7** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 22

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल साल्ट का स्टब्स बो नॉर्किया | 18 | 12 | 4/0 |
| सुनील नरेन का पंत बो मार्श | 85 | 39 | 7/7 |
| अंगकृष रघुवंशी का शर्मा बो नॉर्किया | 54 | 27 | 5/3 |
| आंद्रे रसेल बो शर्मा | 41 | 19 | 4/3 |
| श्रेयस अय्यर का स्टब्स बो अहमद | 18 | 11 | 0/2 |
| रिंकू सिंह का वॉर्नर बो नॉर्किया | 26 | 08 | 1/3 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 05 | 02 | 1/0 |
| रमनदीप सिंह का साव बो शर्मा | 02 | 02 | 0/0 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** खलील 4-0-43-1, इशांत 3-0-43-2, नॉर्टजे 4-0-59-3, रसिख 3-0-47-0, सुमित 2-0-19-0, अक्षर 1-0-18-0, मिचेल 3-0-37-1

**दिल्ली 166/10** — 17.2 ओवर, अतिरिक्त : 16

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डेविड वार्नर बो स्टार्क | 18 | 13 | 2/1 |
| पृथ्वी शॉ का चक्रवर्ती बो वैभव | 10 | 07 | 2/0 |
| मिशेल मार्श का रमनदीप बो स्टार्क | 00 | 02 | 0/0 |
| अभिषेक पोरेल का नरेन बो वैभव | 00 | 05 | 0/0 |
| ऋषभ पंत का श्रेयस बो चक्रवर्ती | 55 | 25 | 4/5 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का स्टार्क बो चक्रवर्ती | 54 | 32 | 4/4 |
| अक्षर पटेल का मनीष बो चक्रवर्ती | 00 | 01 | 0/0 |
| सुमित कुमार का मनीष बो नरेन | 07 | 06 | 0/1 |
| रशिक धर सलाम का सॉल्ट बो वैभव | 01 | 05 | 0/0 |
| एनरिक नॉर्टजे का श्रेयस बो रसेल | 04 | 06 | 0/0 |
| ईशांत शर्मा नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** मिशेल स्टार्क 3-0-25-2, वैभव अरोड़ा 4-0-27-3, आंद्रे रसेल 1.2-0-14-1, सुनील नरेन 4-0-29-1, वरूण चक्रवर्ती 4-0-33-3, वेंकटेश अय्यर 1-0-28-0

## खेल डायरी

### बेंगलुरु मैराथन में दौड़ेंगे 96 वर्ष के दत्तात्रेय

**बेंगलुरु।** 96 वर्ष के एन एस दत्तात्रेय 28 अप्रैल को यहां होने वाली टीसीएस विश्व 10के बेंगलुरु 2024 मैराथन में भाग लेने वाले सबसे उम्रदराज धावक होंगे। वह पहले भी इस रेस में हिस्सा ले चुके हैं। पांच साल पहले लंबी दौड़ में पदार्पण करने वाले दत्तात्रेय कई मैराथन और वॉकाथन में प्रतिभागी रह चुके हैं। उन्होंने कहा, ''पहली मैराथन के बाद ही मुझे लगा कि मैं इसमें जारी रख सकता हूं। मैंने फिट रहने के लिये शुरूआत की थी और जल्दी ही यह मेरे जीवन का हिस्सा बन गया। अगर आपके पास अपार दौलत है लेकिन आप उसे भोग नहीं सकते तो क्या फायदा। स्वास्थ्य बहुत जरूरी है, पैसा नहीं।''

### रोनाल्डो की सऊदी अरब में एक और हैट्रिक

**आभा (सऊदी अरब)।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 72 घंटे के अंतराल में अपनी दूसरी हैट्रिक लगाई जिसकी मदद से अल नासर ने सऊदी प्रो लीग में आभा को 8-0 से करारी शिकस्त दी। रोनाल्डो ने पहले हाफ में तीन गोल किए और दो गोल करने में मदद की। उनके इस प्रदर्शन की बदौलत सऊदी अरब में नौ बार के चैंपियन अल नासर ने बड़ी जीत हासिल की। पुर्तगाल के इस स्टार खिलाड़ी की लीग के वर्तमान सत्र में यह तीसरी हैट्रिक है। उन्होंने शनिवार को अल नासर की अल ताई पर 5-1 से जीत के दौरान भी हैट्रिक बनाई थी। वह अभी तक लीग में 29 गोल कर चुके हैं और इस मामले में शीर्ष पर काबिज हैं। अल नासर लीग की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर बना हुआ है।

### अनमोल कजाकिस्तान चैलेंज के प्री क्वार्टर फाइनल में

**अस्ताना।** भारत की युवा खिलाड़ी अनमोल खरब ने हमवतन मालविका बांसोड़ की कड़ी चुनौती से पार पाकर बुधवार को यहां कजाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता और मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन 17 वर्षीय अनमोल ने मालविका को 59 मिनट तक चले मैच में 21-13, 22-20 से पराजित किया। विश्व में 333वें नंबर के खिलाड़ी अनमोल अगले दौर में इंडोनेशिया की 21 वर्षीय खिलाड़ी नुरानी रातू अज़ाहरा से भिड़ेंगी। अनमोल को इससे पहले क्वालीफिकेशन दौर में कजाकिस्तान की कामिला स्मगुलोवा से वॉकओवर मिला।

### टी20 श्रृंखला में न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे ब्रेसवेल

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड ने अपने शीर्ष खिलाड़ियों के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में व्यस्त होने के कारण पाकिस्तान के खिलाफ इस महीने शुरू होने वाली पांच मैच की टी20 श्रृंखला के लिए ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल को कप्तान नियुक्त किया है। यह पहला अवसर होगा जबकि 33 वर्षीय ब्रेसवेल न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे। न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिच सेंटनर और केन विलियमसन जैसे खिलाड़ी आईपीएल में खेल रहे हैं, जबकि आगे के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए टिम साउदी के नाम पर विचार नहीं किया गया। चोटिल होने के कारण ब्रेसवेल पिछले साल मार्च से बाहर थे।

### अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने कथित उत्पीड़न की मौखिक शिकायत पर जांच खत्म की

**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बुधवार को कहा कि उसने एक पुरुष कर्मचारी द्वारा महिला कर्मचारी के उत्पीड़न की मौखिक शिकायत पर जांच खत्म कर दी है क्योंकि कथित पीड़िता और दूसरा पक्ष मामले को आगे नहीं बढाना चाहते थे। पिछले सप्ताह एआईएफएफ मुख्यालय की एक महिला कर्मचारी ने पुरूष सहकर्मी द्वारा उत्पीड़न की मौखिक शिकायत की थी लेकिन कोई औपचारिक आरोप नहीं लगाया था । एआईएफएफ ने एक बयान में कहा कि आंतरिक शिकायत समिति जांच आगे बढाने की स्थिति में नहीं है क्योंकि कथित पीड़िता और अन्य पक्ष मामले को आगे खींचना नहीं चाहते लिहाजा जांच खत्म की जाती है ।


## निकहत, लवलीना समेत अन्य मुक्केबाज तुर्की में लेंगे प्रशिक्षण

**नयी दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले विश्व चैंपियन निकहत जरीन और लवलीना बोरगोहेन समेत भारतीय मुक्केबाज तुर्की में विशेष शिविर में प्रशिक्षण लेंगे। युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) ने बुधवार को इसकी घोषणा की। खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉपस) के तहत तुर्की में प्रशिक्षण शिविर में निकहत और लवलीना के साथ शामिल होंगी। मुक्केबाजों को दो कोच और एक फिज़ियो भी उपलब्ध कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि निकहत और लवलीना ने पिछले वर्ष एशियन गेम्स 2023 में आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए मुक्केबाजी में भारत के लिए कोटा हासिल किया था।

## चोटिल शिवम मावी आईपीएल से हुए बाहर

**बेंगलुरु, एजेंसी**

लखनऊ सुपर जायंट्स (एचएसजी) के तेज गेंदबाज शिवम मावी चोटिल होने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से बाहर हो गए हैं। सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट में यह नहीं बताया कि चोट कहां लगी है। उन्होंने कहा, "मैं टूर्नामेंट को बहुत याद करूंगा। मैं यहां पर चोट के बाद आया था और सोचा था कि अपनी टीम के लिए मैच खेलूंगा और अच्छा करूंगा। लेकिन दुर्भाग्य से चोटिल होने की वजह से मुझे टूर्नामेंट छोड़ना होगा।"



उन्होंने कहा, "क्रिकेटर को इसके लिए मानसिक तौर पर मजबूत होना पड़ता है। अगर आपको चोट लगी है तो आपको यह देखने की जरूरत है कि वापसी के लिए क्या किया जा सकता है, आपको किन चीजो का ख्याल रखना है।" उन्होंने कहा, "हमारी बहुत अच्छी टीम है, मैं टीम के लिए बाहर से चीयर करूंगा और उम्मीद है कि हम जीतेंगे।" एलएसजी ने मावी की जगह किसी अन्य का चयन नहीं किया है। टीम के पास अभी मैट हेनरी, शमार जोसेफ, मोहसिन खान, मयंक यादव, यश ठाकुर, अरशद खान और युद्धवीर सिंह जैसे तेज गेंदबाज हैं।

## मुस्तफिजुर रहमान का सनराइजर्स के खिलाफ खेलना संदिग्ध

**नयी दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान टी-20 विश्वकप से पहले वीजा लेने के संबंध में स्वदेश लौट गए हैं ऐसे में उनका शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले अगले मैच में खेलना संदिग्ध माना जा रहा है। मुस्तफिजुर ने अपनी कटर्स और अधिक गति से सीएसके के आक्रमण को धार दी है। वह तीन मैचों में 15.14 की औसत और 8.83 की इकॉनमी से सात विकेट लेकर शीर्ष पर हैं। सीएसके के लिए शुरुआत करते हुए सात में से चार विकेट उनके 10 गेंद के भीतर आए है। यह कारनामा उन्होंने 22 मार्च को चेपॉक में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पहले मैच में किया था।

## श्रीलंका ने दूसरा टेस्ट जीत क्लीन स्वीप किया

**चट्टोग्राम (बांग्लादेश), एजेंसी**

तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा ने 50 रन देकर चार विकेट लिये जिससे श्रीलंका ने बुधवार को यहां दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को 192 रन से हराकर दो मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। श्रीलंका ने पहला टेस्ट मैच 328 रन से जीता था तथा दूसरे मैच में जीत से उसने बांग्लादेश में टेस्ट मैच नहीं हारने का रिकॉर्ड बरकरार रखा।

श्रीलंका ने इससे पहले टी20 श्रृंखला में 2-1 से जीत हासिल की थी। वनडे श्रृंखला में हालांकि वह इसी अंतर से हार गया था। बांग्लादेश ने 511 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच के पांचवें और अंतिम दिन सुबह 7 विकेट पर 268 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और उसकी पूरी टीम 318 रन पर आउट हो गई। मेहदी हसन मीराज 81 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी पारी में 100 गेंद खेली और 14 चौके लगाए। कामिंदु मेंडिस ने दिन के चौथे ओवर में ही ताइजुल इस्लाम को आउट करके श्रीलंका को दिन की पहली सफलता दिलाई। कुमारा ने इसके बाद हसन महमूद और सैयद खालिद अहमद को आउट करके श्रीलंका को जीत दिलाई। श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में 531 रन बनाए थे।

- **श्रीलंका ने इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ टी20 श्रृंखला में 2-1 से जीत हासिल की थी**

## बॉलीवुड हलचल

### आलिया भट्ट के लिए कंगना रनौत के खिलाफ क्यों खड़े हो गए थे रणदीप हुड्डा?



**मुंबई, एजेंसी।** रणदीप हुड्डा की गिनती उन एक्टर्स में होती है जो बेबाकी से अपनी बात रखते हैं। उन्हें फर्क नहीं पड़ता कि उनके बयान से किसी को क्या फर्क पड़ने वाला है। वह हमेशा सही के साथ खड़े रहना पसंद करते हैं। साल 2019 में वह आलिया भट्ट का सपोर्ट करने के लिए कंगना रनौत के खिलाफ खड़े हो गए थे। आलिया और रणदीप ने एक साथ फिल्म 'हाईवे' में काम किया था। कंगना ने आलिया को मीडियोकर एक्टर बताया था, उस वक्त के बारे में बात करते हुए रणदीप ने कहा है कि आलिया को बेवजह टारगेट किया गया था। सिद्धार्थ कनन को दिए इंटरव्यू में रणदीप ने आलिया के साथ अपने बॉन्ड के बारे में बात की। कंगना की बात पर आलिया को सपोर्ट करने को लेकर भी उन्होंने बताया। रणदीप ने कहा, "हाईवे के वक्त मेरा आलिया के साथ एक सच्चा रिश्ता बन गया था। मुझे नहीं पता कि आलिया की तरफ से भी ऐसा था या नहीं। वो उसकी मर्जी है। मैं सिर्फ अपनी बात कहूंगा। मैंने देखा है उसे हमेशा कुछ नया करने की कोशिश करते हुए। मैं दिल से उसके साथ खड़ा था क्योंकि उसे बिना वजह टारगेट किया जा रहा था।" कंगना के बारे में बात करते हुए रणदीप ने कहा, "अपने साथी कलाकारों या अपने साथ काम करने वालों या अपनी बिरादरी को उन चीज़ों पर निशाना बनाना जो आपको लगता है कि आपको नहीं मिलीं, भले ही मुझे लगता है कि आपको इस इंडस्ट्री से बहुत कुछ मिला है, यह बिल्कुल अशोभनीय है। मुझे लगा कि मुझे यह करना चाहिए और मैंने यह किया।"



### जब प्रोड्यूसर बोला- 'तेरे ऊपर कोई पैसा नहीं लगाएगा'

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के एक्टर विक्रांत मैसी को विधु चोपड़ा के निर्देशन में बनी 12वी फेल से एक्टर को अलग ही पहचान मिली है। उन्हें फिल्मफेयर 2024 का बेस्ट एक्टर क्रिटिक्स अवार्ड मिला। विक्रांत मैसी आज 3 अप्रैल को अपना जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर हम आपको एक्टर के स्ट्रगल के दिनों का एक किस्सा बताने जा रहे हैं, जो शायद ही आपको बता होगा। एक्टर ने अपने 17 साल के करियर में टीवी सीरियल्स से बॉलीवुड की कई फिल्मों में काम किया। हालांकि एक्टर को उनके करियर के शुरूआती दिनों में प्रोड्यूसर कास्ट नहीं करते थे। विक्रांत मैसी ने अपने एक इंटरव्यू में स्ट्रगल के दिनों को याद करते हुए कहा था कि "बहुत से ऐसे प्रोड्यूसर हैं, जिनके पास जब मैं काम मांगने जाता था तो वह कहते थे कि अगर वो फिल्म में होंगे तो कोई पैसा नहीं लगाएगा। मुझे पता है कि तू ये करेगा तो बहुत अच्छा करेगा लेकिन जब मैं तेरा नाम आगे पुश करूंगा न तो कोई पैसा नहीं लगाएगा।" एक्टर ने आगे कहा कि "जब फिल्मों में काम करना शुरू किया, सब लोग फर्राटेदार अंग्रेजी में बात कर रहे होते थे और तब अंग्रेजी में मेरा हाथ काफी तंग था। टीवी एक्टर को फिल्म वाले बहुत जलील करते हैं।"

### तापसी पन्नू की शादी का वीडियो आया सामने, लाल जोड़े में नाचती दिखीं



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। बीते काफी समय से ऐसी खबरें आ रही थीं कि एक्ट्रेस ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड बॉयफ्रेंड मैथियास के साथ परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में शादी कर ली है। हालांकि शादी की कोई फोटोज सामने नहीं आई हैं। वहीं एक्ट्रेस ने भी इस पर अभी तर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अब हाल ही में एक वीडियो सामने आया है, जो तापसी की शादी का बताया जा रहा है। हालांकि, वीडियो को लेकर भी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें एक्ट्रेस दुल्हन के लिबास में नजर आ रही हैं। एंट्री के दौरान एक्ट्रेस डांस करती हुई दिखाई दे रहीं हैं। वहीं मैथियास स्टेज पर उनका इंतजार करते नजर आ रहे हैं। तापसी दुल्हन के लुक में काफी प्यारी लग रही हैं। एक्ट्रेस ने लहंगा-साड़ी छोड़ अनारकली सूट पहना है। उन्होंने सुर्ख लाल जोड़ा पहना, जिसे लाल चूड़ा, सुनहरे कलीरे और ब्लैक सनग्लासेस के साथ स्टाइलिश टच दिया है। एक्ट्रेस जीत सिंह और चित्रा सिंह के गाने 'कोठे ते आ माहिया' पर डांस करते हुए आती हैं और फिर पहले तो वह दूल्हा बने मैथियास को गले लगाती और फिर जयमाला पहनाती हैं। इसके तापसी और मैथियास एक-दूजे संग जमकर ठुमके लगाते हैं। वीडियो के आखिरी शॉट में मैथियास को फूलों से सजी साइकिल पर बैठे दिखाया गया है। एक्ट्रेस ने पंजाबी रीति-रिवाजों से शादी की है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# 6 व 7 को जिले में गरजेंगे जगुआर, सुखोई व मिराज

## लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बांगरमऊ स्थित हवाई पट्टी पर होगा अभ्यास ○ पहले भी हवाई पट्टी पर हो चुका सफल अभ्यास

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे की एयर स्ट्रिप पर आगामी 6 व 7 अप्रैल को तीसरी बार एक्सरसाइज गगन शक्ति के तहत जगुआर, सुखोई, मिराज-2000 व मिग जैसे लड़ाकू विमान गरजेंगे। इन विमानों की सफल लैंडिंग को लेकर हवाई पट्टी पर साफ-सफाई व एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर बैरिकेडिंग लगाने का काम जारी है। इसके चलते 2 से 11 अप्रैल तक हवाई पट्टी के साढ़े तीन किमी क्षेत्र को ब्लाक किया गया है। इस दौरान वाहनों को सर्विस रोड से गुजारा जा रहा है।

बता दें कि वर्ष-2016 व 2017 में हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमानों का सफल अभ्यास हुआ था। बुधवार को लखनऊ एयरबेस से पहुंचे शशांक, सुमित, एस सिंह व राकेश सिंह सहित करीब तीन दर्जन वायु सेना के जवानों ने हवाई पट्टी को अपने कब्जे में लिया। वायुसेना के जवान एयर स्ट्रिप पर पैनी नजर रख रहे हैं। वहीं यूपी डेवलपमेंट अथारिटी द्वारा एयर स्ट्रिप पर लड़ाकू विमानों की एक्सरसाइज व हवाई पट्टी की व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त होने की सूचनाएं डीएम व एसपी समेत नोडल अधिकारी सुरक्षा लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे, मुख्य महाप्रबंधक एक्सप्रेस-वे व एयरफोर्स स्टेशन बख्शी तालाब लखनऊ के ग्रुप कैप्टन स्टेशन कमांडर 30 विंग को पहले ही दी जा चुकी हैं।



एयर स्ट्रिप को पेंट करते यूपीडा कर्मी। अमृत विचार



हवाई पट्टी के दोनों ओर पानी का छिड़काव करते यूपीडा कर्मी। अमृत विचार

### 6 अप्रैल से शुरू होगा अभ्यास

- आगामी 6 अप्रैल को कुछ फाइटर जेट हवाई पट्टी के नजदीक आकर उड़ जाएंगे। लड़ाकू विमान इस दिन एयर स्ट्रिप की लोकेशन और टच डाउन का स्थान चिन्हित करने के बाद वापस अपने बेस लौट जाएंगे। जबकि लड़ाकू विमानों का असली अभ्यास 7 अप्रैल को होगा। इस दिन वायु सेना के सुखोई, जैगुआर, मिराज और मिग 2000 फाइटर जेट तेज गर्जना के साथ हवाई पट्टी के चिन्हित स्थान पर टचडाउन करेंगे। किंतु कोई भी फाइटर जेट हवाई पट्टी पर न तो उतरेगा और न ही उड़ान भरेगा।



### वाहनों के आवागमन पर लगा प्रतिबंध

- बुधवार से हवाई पट्टी पर वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। लखनऊ की ओर से जाने वाले वाहन अंडरपास के निकट नसिरापुर के सामने से उतरकर सर्विस रोड के जरिए संडीला मार्ग अंडरपास के आगे पुन: एक्सप्रेसवे पर चढ़ रहे हैं। जबकि आगरा की ओर से जाने वाले वाहन संडीला मार्ग के पहले उतरकर सर्विस रोड के जरिए अंडरपास के निकट एक्सप्रेस वे पर चढ़ रहे हैं। जाम की स्थिति बनने पर जिला प्रशासन द्वारा वैकल्पिक रूट का भी निर्धारण कर लिया गया है। ऐसी स्थिति में सभी वाहन अरौल कानपुर से उतरकर नानामऊ मार्ग से संडीला मार्ग अथवा लखनऊ मार्ग से निकल जाएंगे।

### उतरेगा सी हरक्यूलिस मालवाहक विमान

- अभ्यास से करीब एक घंटा पूर्व हवाई पट्टी पर सी हरक्यूलिस मालवाहक विमान उतरेगा। इस विमान में वायुसेना के करीब दो दर्जन उच्च अधिकारी और आधा दर्जन जीपें उतरेंगे। अधिकारी इन जीपों से हवाई पट्टी की सुरक्षा करेंगे। अभ्यास के लिए वायु सेवा द्वारा विभागीय उद्घोषक की भी व्यवस्था की गई है। कमेंटेटर लाउडस्पीकर के जरिए लड़ाकू विमानों के आने की सूचना के साथ ही स्क्वाड्रन लीडर के नाम का भी उद्घोष करेंगे।

### बैरीकेडिंग कर बंद की गई हवाई पट्टी

- हवाई पट्टी दोनों तरफ से बंद कर दी गई है। जबकि हवाई पट्टी के समानांतर दोनों तरफ बैरिकेडिंग खड़ी कर दी गई है। जिससे भीड़ हवाई पट्टी के किनारे तक भटक न सके। आम जनता एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ स्थित खाई अथवा सर्विस रोड से ही लड़ाकू विमानों का अभ्यास देख सकेगी। वहीं वीआईपी मेहमानों, उच्च अधिकारियों और वायु सेवा के जवानों के लिए बाबा कुटिया के सामने पंडाल के जरिए छाया व पेयजल आदि की व्यवस्था की गई है।

**कान में रुई लगाने की सलाह:** एयरफोर्स के जवानों ने बताया कि फाइटर जेट की तीव्र गर्जना से कान का पर्दा फट सकता है। इसलिए प्रशासन द्वारा खास जनप्रतिनिधियों व उच्चंधिकारियों के लिए रुई का भी इंतजाम किया गया है। जबकि आमजन को कान में रखने के लिए रुई घर से लाने की सलाह दी गई है।

## सार-संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**उन्नाव।** कानपुर-लखनऊ रेलमार्ग पर दवा लेने आया युवक रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर कट गया। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर रेलवे और दही पुलिस पहुंची और जामा तलाशी में पास मिले मोबाइल से नंबर निकालकर परिजनों को सूचना दी। बुधवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द किया। पुरवा कोतवाली के अतरसई गांव निवासी गुलाब (36) पुत्र स्व. चौधरी सिंह गांव के बाहर ही सौंदर्य प्रसाधन की दुकान किए था। कुछ दिनों से उसका स्वास्थ्य खराब था। उसका इलाज दही थानांतर्गत राजेपुर में चल रहा था। बीती मंगलवार शाम को दुकान बंद कर वह राजेपुर जाने के लिए निकला था। दही क्षेत्र के कानपुर-लखनऊ रेलमार्ग स्थित राजेपुर रेलवे क्रासिंग के पास पैदल ट्रैक पार करते समय वह ट्रेन नहीं देख पाया और चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। गेट मैन की सूचना पर रेलवे व दही पुलिस पहुंची और शव ट्रैक से हटवाकर रूट क्लियर कराया। जेब में मिले फोन से नंबर निकाल कर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी और शव मोर्चरी में रखवाया। उसकी मौत की खबर सुन परिजनों में कोहराम मच गया। चचेरे भाई रंजीत ने बताया कि उसके दो बेटियां विधि व निधि है। वह तीन भाइयों में छोटा था। पति की मौत से पत्नी रश्मि रो-रोकर बेहाल है।

### पुलिस ने फ्लैग मार्च कर शांति बनाए रखने की अपील की

**नवाबगंज।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बुधवार को चौकी इंचार्ज नवाबगंज धर्मेंद्र नाथ मिश्रा की अगुवाई में पुलिस व सीआरपीएफ जवानों ने नवाबगंज कस्बे के वार्डों में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान नगर व क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील भी की गई।



रैली में शामिल स्कूली बच्चे व अधिकारी। अमृत विचार

### रैली निकालकर शत-प्रतिशत मतदान को किया जागरूक

**नवाबगंज।** मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर बुधवार को नवाबगंज नगर पंचायत में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें एसडीएम हसनगंज, नायब तहसीलदार व अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार सहित नगर के श्यामलाल इंटर कालेज के एनसीसी व स्काउट गाइड के कैडेट्स के अलावा शिक्षक व नगर पंचायत कर्मचारियों ने शामिल होकर लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने के प्रति जागरूक किया।

# खेत में लगी आग, 15 मिनट रोकनी पड़ी जम्मू तवी

संवाददाता फतेहपुर चौरासी

**अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थिति में रेलवे लाइन किनारे के गेंहू के खेत में अचानक आग लग गई। इससे उतमानपुर गांव निवासी महादीन के करीब तीन बिसुआ खेत में खड़ी गेहूं की फसल जल गई। धीरे-धीरे आग फैलते हुए रेलवे लाइन के किनारे तक पहुंच गई। ट्रैक किनारे उठ रही लपटें देख लोगों ने इसकी सूचना संबंधित विभाग के अधिकारियों को दी। इसी दौरान कानपुर से जम्मू जा रही जम्मू तवी एक्सप्रेस वहां पहुंच गई। आग का विकराल रूप देख लोको पायलट में ट्रेन को कुछ दूर पहले ही रोक दिया। ट्रेन के रुकने से उसमें सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, जब यात्रियों को पता चला कि आगे ट्रैक किनारे खेत में आग लगी है और उसे बुझाया जा रहा है। तब सभी ने राहत की सांस ली। इस दौरान ग्रामीणों व किसानों ने पास में स्थित तालाब व खेतों में लगे पंपिग सेट चलाकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसके बाद जम्मू तवी एक्सप्रेस को रवाना किया गया। इस दौरान ट्रेन करीब 15 मिनट तक वहीं खड़ी रही। ग्रामीणों की मानें तो इसके अलावा कोई अन्य नुकसान नहीं हुआ है।



खेत में लगी आग से उठता धुआं। अमृत विचार



आग के चलते रोकी गई जम्मू तवी।

## 375 लोगों को पाबंद कर रिपोर्ट एसडीएम को भेजी

**पुरवा उन्नाव।** आगामी लोकसभा चुनाव को शान्तिपूर्ण तरीके से निपटाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। कोतवाली पुलिस ने करीब 375 लोगों को पाबंद कराने के लिए रिपोर्ट एसडीएम न्यायालय भेजी है। कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि अब तक 375 लोगों को पाबंद करने के लिए नोटिस एसडीएम न्यायालय भेजी गई हैं। इसमें मिनी गुंडाएक्ट में 20 व गुंडाएक्ट में 8 व शस्त्र लाइसेंस 894 के सापेक्ष 362 शस्त्र जमा कराए जा चुके हैं।

# होली मिलन में किया सम्मान

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** आभार फाउंडेशन के होली मिलन समारोह में विभिन्न लोगों को सम्मानित किया गया। साथ ही वक्ताओं ने होली की शुभकामनाएं देते हुए लोगों से समाज की बेहतरी के प्रयास करने की अपील की। जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष आकाश मिश्रा, नगर पंचायत के ईओ अनिल कुमार, एथलेटिक्स कोच आमिर खान, कोतवाली निरीक्षक अवनीश सिंह, चौकी प्रभारी नवाबगंज धर्मेंद्र मिश्र, स्थानीय साहित्यकार विनोद मिश्र, प्रधानाचार्या माधुरी लता सिंह, गोपी नाथ साहू, उषा दीक्षित, अजय द्विवेदी, मौसमी शाह, अनिल तिवारी, उमेश पांडेय, प्रधानाचार्य डा. अनूप सिंह, रिंकू भंडारी, आलोक पांडेय मो. अख्तार व राजेंद्र विमल, आदि को नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी सहित आयोजकों में शामिल धर्मेश प्रताप सिंह, कुंवर नीरज सिंह व अंकित कुमार ने अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिंह देकर संम्मानित किया।



होली मिलन समारोह के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

# हैंगिंग से हुई विवाहिता की मौत पांच ससुरालियों पर रिपोर्ट

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

● हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के रामपुर अखौली गांव का मामला

**अमृत विचार।** प्रेम विवाह के 10 माह बाद हसनगंज के मेहंदीखेड़ा गांव में गर्भवती महिला का शव मंगलवार शाम उसके कमरे में फंदे से लटका मिला था। बुधवार को पैनल व वीडियो ग्राफी के बीच हुए पोस्टमार्टम में उसकी मौत हैंगिंग से होने की बात सामने आई है। भाई की तहरीर पर पति सहित पांच ससुरालियों पर दहेज प्रताड़ना सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

बता दें कि हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के रामपुर अखौली गांव निवासी सरोजनी पुत्री मेवालाल के इसी कोतवाली क्षेत्र के गांव मेहंदीखेड़ा निवासी रोहित वर्मा से प्रेम-संबंध थे। उसने जून-2023 में कोर्ट में शादी कर ली थी। भाई का आरोप था कि रोहित व अन्य ससुरालीजन बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित करते हैं। बीते सोमवार को मारपीट भी की गई थी। वहीं रोहित ने बताया कि पत्नी बिना जानकारी के लखनऊ अपने परिजनों से मिलने गई थी। फोन किया तो पत्नी रो रही थी। इससे वह उसे ले आया था। इसके बाद उसने फंदे से लटककर जान दे दी। सीओ संतोष सिंह ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

## बाइक की टक्कर से दो भाई हुए घायल

**उन्नाव।** औरास थानांतर्गत स्कूल से पढ़ाई कर साइकिल से लौट रहे दो सगे भाई तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से घायल हो गए। सीएचसी से डाक्टर ने उन्हें गंभीर देख प्राथमिक इलाज देकर लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। औरास थानाक्षेत्र के संडीला-चकलवंशी मार्ग पर सीमऊ गांव स्थित श्रीमती सरोजिनी शिक्षण संस्थान इंटर कालेज में गांव के ऋतिक पुत्र सुनील कक्षा पांच व उसका छोटा भाई आयुष कक्षा चार में पढ़ते हैं। बुधवार को छुट्टी के बाद दोनों साइकिल से घर लौट रहे थे। स्कूल से कुछ दूर पर तेज रफ्तार बाइक ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। इसमें सड़क पर गिरकर दोनो गंभीर घायल हो गए।

# पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में निरीक्षकों को नए कानून के सिखाए गए गुर

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचार।** देश भर में नए कानून को लागू करने की कवायद तेज हो गई है। कालीमिट्टी स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में प्रभारी निरीक्षकों को तीन दिन की ट्रेनिंग दी गई। जिसमें कानपुर जोन के 150 प्रभारी निरीक्षको ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

बता दें कि कानून में हुए बदलाव को देखते हुए प्रभारी निरीक्षको को नए कानून के विषय का पाठ पढ़ाया गया। नए कानून में कई धाराएं बदली गई हैं। सभी को इन धाराओं के विषय में जानकारी दी गई। बताया गया कि इन धाराओं को एक जुलाई-2024 से पूरे देश में लागू किया जाएगा। बुधवार को प्रभारी निरीक्षकों को तीन नए कानून में जो परिवर्तन हुए हैं उसके संदर्भ में जानकारी दी गई। जानकारी के साथ सभी को जागरूक भी किया गया।



पीटीसी में प्रशिक्षण के दौरान मौजूद निरीक्षक। अमृत विचार

# परीक्षाफल वितरण में बताई शिक्षा की उपयोगिता

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत जनसार के मजरा महतवानी के उच्च प्राथमिक विद्यालय के वार्षिक परीक्षा फल वितरण में पहुंची बीईओ इंद्रा देवी ने शिक्षा की उपयोगिता बताई। कहा अच्छे बुरे की समझ विकसित कर कोई भी शिक्षित व्यक्ति अपने लक्ष्यों को प्राप्त करता है।

विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान पवन कुमार शर्मा ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने को प्रेरित किया। प्रधान शिक्षिका शशि किरन ने कक्षा आठ में सुप्रिया, सात में प्रिया, छह मे वर्षा व पांच मे विवेक के अव्वल रहने की जानकारी दी।



छात्रा को परीक्षाफल व शील्ड देतीं बीईओ। अमृत विचार

**बसपा का दावा!** पार्टी ने इस बार अनुभवी और प्रबुद्ध वर्ग से प्रत्याशी का किया चयन

# जिला दोहराएगा 2004 का इतिहास

कार्यालय संवाददाता उन्नाव




● ब्राह्मण के अलावा अन्य अगड़ी जातियों पर भी डाले जा रहे हैं डोरे

**अमृत विचार।** लोकसभा में उन्नाव संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने की राह आसान न होने के बाद भी बसपा प्रत्याशी अशोक पांडेय के समर्थक वर्ष-2004 के चुनाव परिणाम दोहराए जाने का दावा करने लगे हैं। इसके लिए वह ब्राह्मण सहित अन्य अगणी जातियों के मतदाताओं पर फोकस करते हुए प्रचार अभियान तेज रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि वर्ष-2004 में हुए लोकसभा सामान्य निर्वाचन में बसपा प्रत्याशी के तौर चुनावी मैदान में उतरकर ब्रजेश पाठक (मौजूदा प्रदेश सरकार के डिप्टी चीफ मिनिस्टर) ने सपा के दीपक कुमार को पटखनी दी थी। हालांकि जीत सुनिश्चित होने के लिए तब प्रचार अभियान में बसपा प्रत्याशी ने न सिर्फ रात-दिन एक कर दिया था, बल्कि छात्र राजनीति से जुड़े रहने की बदौलत सजातीय युवाओं को अपने समर्थन में लामबंद करने में वह शुरुआत से ही सफल हुए थे। इसलिए प्रचार अभियान के दौरान युवाओं के हुजूम जुटने से उन्होंने समाज को सजातीय मतदाताओं के समर्थन का संदेश देने में कामयाबी पाई थी। हालांकि, इस बार पार्टी ने जिले के अनुभवी और प्रबुद्धजनों में गिने जाने वाला प्रत्याशी उतारा है। लेकिन, प्रत्याशी व युवाओं के बीच उम्र की खाई आड़े आ रही है। फिर भी बसपा उम्मीदवार के समर्थक इतिहास दोहराने का दावा कर रहे हैं। वह प्रचार के दौरान भाजपा प्रत्याशी का जिले के आम आदमी से कोई सरोकार न रखने के मुद्दे को हवा दे रहे हैं। साथ ही मतदाताओं से सरकारी योजनाओं के अलावा सांसद साक्षी महाराज की उपलब्धि को लेकर सवाल भी उठा रहे हैं। बसपा प्रत्याशी ने भाजपाई खेमे में गिने जाने वाले पूर्व सांसद देवी बक्श सिंह के करीबी रहे एक अधिवक्ता के यहां डेरा जमाए हुए हैं। साथ ही अन्य सजातीयों को भी लामबंद करने पर फोसक किए हैं। ब्राह्मण बहुल मानी जाने वाली जिले की भगवंतनगर क्षेत्र के सजातीयों पर गैर विधानसभा क्षेत्रों के करीबियों को लामबंद करने की मुहिम भी चला रहे हैं। हालांकि, वर्तमान राजनैतिक परिदृश्य में वह भाजपा के वोट बैंक को बसपा खेमे में ला सकेंगे इसकी संभावना कम दिख रही है।

# चार साल कोमा में रहने के बाद विवाहिता ने तोड़ा दम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● ससुरालियों ने साजिशन गलत दवा देकर बेटी को कोमा में पहुंचाने का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** दहेज के लिए प्रताड़ित हुई बीजेपी नेत्री की विवाहित पुत्री ने करीब चार साल कोमा में रहने के बाद मंगलवार देररात दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

बीजेपी नेत्री मंजूलता अवस्थी एडवोकेट पत्नी राजेश कुमार निवासी प्रयाग नरायनखेड़ा सदर कोतवाली ने अपनी बेटी प्रियंका उर्फ प्रिन्सेज अवस्थी की शादी 18 अप्रैल-2018 सौरभ शुक्ला उर्फ मोनू पुत्र ओमप्रकाश निवासी सेक्टर-19, मोहल्ला इन्द्रा नगर थाना गाजीपुर जिला लखनऊ से की थी। आरोप लगाया कि ससुराल वाले बेटी को दहेज में कार के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। असमर्थता जताने पर वे बेटी को मायके छोड़ गए थे। बाद में 14 जनवरी-2019 को ससुराल वाले आए और बेटी को विदा करा ले गए। 30 जुलाई-2019 को उसने आपरेशन से बेटी को जन्म दिया। सूचना पर मायके वाले पहुंचे तो उनकी बेटी कोमा में चली गई और वह वेंटीलेटर पर थी। जिसका मायके वालों ने लखनऊ के निजी अस्पताल में इलाज कराया था। मां की तहरीर पर ससुरालियों पर दहेज प्रताड़ना सहित जान से मारने के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज हुई और पति को जेल भेजा गया था। बीती मंगलवार रात प्रियंका ने दम तोड़ दिया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं ससुरालियों ने आरोप को निराधार बताते हुए इलाज में लाखों रुपए लगाने की बात कही है।



प्रियंका।

# सहयोग से उठेगा शिक्षा का स्तर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कब्बाखेड़ा में एसएमसी (विद्यालय प्रबंध समिति) की बैठक हुई। इस दौरान स्टेट रिसोर्स ग्रुप (एसआरजी) की सदस्य डा. रचना सिंह ने एसएमसी की उपयोगिता बताते हुए सामुदायिक सहयोग से परिषदीय शिक्षा का स्तर को ऊपर उठाने को इसका गठन किया गया है, जिससे स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित अभिभावकों के सहयोग से बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए जागरूक बनाया जाता है। इसीलिए प्रति माह पहले बुधवार को एसएमसी बैठक का शासन ने प्रावधान कर रखा है।

अभिभावकों को बताया गया कि नया शिक्षा सत्र शुरू होने के साथ विद्यालयों में कक्षा एक में छह वर्ष के बच्चों का नामांकन शुरू हो चुका है। इसलिए बेहतर समाज की बेहतरी के लिए पड़ोसियों को तय आयु पूरी करने वालों को बच्चों का प्रवेश कराने को प्रेरित किया जाना चाहिए। इसके लिए घर-घर संपर्क अभियान शुरू होने पर सभी को जागरूकता बढ़ाने के लिए बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। सीएमसी अध्यक्ष भावना ने शिक्षित समाज ही विकास पथ पर बढ़ पाता है। इसलिए सभी मिलकर अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने में शिद्दत से जुड़ेंगे। साथ ही प्रियंका मिश्रा, रजनी व भावना ने बताया कि दीक्षा एप की सहायता से बच्चे घर में अध्ययन कर सकते हैं। सर्वेश ने क्यूआर कोड स्कैन कर एप के उपयोग की जानकारी दी। प्रधान शिक्षक राजीव मिश्रा ने कक्षा पांच उत्तीर्ण सभी बच्चों का अगली कक्षा में प्रवेश कराने पर जोर दिया। इसके अलावा सभी को निपुण भारत मिशन, निपुण लक्ष्य व स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम की जानकारी भी दी गई। एसआरजी की मौजूदगी में बालिका नैना का कक्षा एक में नामांकन किया गया। मनोज व राधा आदि एसएमसी सदस्य भी मौजूद रहे।



एसएमसी बैठक में शामिल स्टाफ सहित स्थानीय अभिभावक। अमृत विचार

● एसएमसी बैठक में बच्चों का नामांकन व मतदाता जागरुकता बढ़ाने पर जोर

# छमकनाली ब्रिज का काम शुरू

## एक्सईएन ने लिया जायजा, दो करोड़ की लागत से दो छमकनाली पुल बदले जाएंगे

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



छमकनाली पुलिया पर होता कार्य, मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कानपुर लखनऊ रेल रूट पर हाईस्पीड की ट्रेनें चलाई जानी है। जिसे देखते हुये रेलवे विभाग काफी समय से ट्रैक को दुरुस्त करने में जुटा हुआ है। इधर ब्रिटिश काल के समय की बनी दो छमकनाली पुलिया जर्जर हो चुकी हैं। जिसे देखते हुये दोनों पुलियों को बदलने का काम शुरू करा दिया गया है। बुधवार को लखनऊ से आये अधिशाषी अभियंता ने मौके का मुआयना किया और कार्य के बारे में कार्यदायी संस्था से जानकारी भी की।

कानपुर लखनऊ रेल रूट पर हाई स्पीड की ट्रेनें चलाई जानी है। जिसको लेकर पूर्व में रेल पटरियों को बदलने का काम किया गया है। वहीं अंग्रेजों के जमाने की बनी 108 और 109 छमकनाली पुलिया कई स्थानों से जर्जर हो जाने के कारण उसे बदला जाना है। इधर कार्यदायी संस्था ने बदलने के लिये डेरा डाल दिया है और कार्य शुरू हो गया है। जिसका जायजा लेने के लिये बुधवार दोपहर लखनऊ से आये अधिशाषी अभियंता ब्रिज वर्कशॉप रामलखन, सहायक अभियंता, एसएसई सिग्नल एंड टेलीकॉम धीरेन्द्र सिंह, बीपी सिंह कार्य स्थल पहुंचे। जहां उन्होंने रेलवे पुलिस के साथ मुआयना किया और सभी को निर्देश दिये। हाइड्रा से पुलिया के बेस बनाने वाले स्ट्रक्चर की रिपीट हटाकर पुलिया को हटाने का काम शुरू करा दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि करीब दो करोड़ की लागत से 108 और 109 पुलिया का निर्माण कराया जायेगा। दोनों पुलियों का कार्य दो माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। जिससे बरसात के समय में कार्य में कोई बाधा न आ सके।

**अप और डाउन लाइन का बदला जाएगा ब्रिज**

अप और डाउन लाइन पर बनी 108 और 109 लोहे के ब्रिज को पूरी तरह से हटा दिया जायेगा। उसके स्थान पर नया ब्रिज बनवाया जायेगा। जिसके लिये कार्य शुरू करा दिया गया है।

**दो करोड़ की लागत से होना है काम**

अप और डाउन लाइन के दोनों ब्रिज को बनाने में लगभग दो करोड़ रुपये खर्च होंगे, पुराने ब्रिज को हटाने के बाद उसके स्थान पर नये ब्रिज का स्ट्रक्चर खड़ा किया जायेगा।

## पेड़ों की छंटाई होने से सुबह से शाम तक गुल रही बिजली

**शुक्लागंज उन्नाव।** नगर में हाईटेंशन लाइन में पेड़ों की डालियां छूने के कारण लाइन ट्रिप हो रही थी, जिसे देखते हुये विभाग ने शट डाउन लेकर पेड़ों की छंटाई का काम कराया। इस दौरान सुबह से शाम तक कई मोहल्लों की सात घंटे तक बिजली गुल रही। बिजली न आने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

बुधवार को एसडीओ के निर्देश पर बिजली कर्मियों की टीम बिन्दा नगर, श्रीनगर आदि आस-पास मोहल्लों में पहुंची। जहां टीम ने शट डाउन लिया। जिसके बाद एचटी लाइन में छू रहे पेड़ों की डालियों को छंटाने का काम किया। जिस कारण सुबह ग्यारह बजे से शाम छह बजे तक क्षेत्र की आपूर्ति बंद रही।

दोपहर के समय बिजली न आने के कारण गर्मी में लोग बेहाल हो गये। वहीं इलेक्ट्रानिक उपकरण शो पीस बने रहे। शाम करीब छह बजे कार्य समाप्त होने के बाद क्षेत्र की आपूर्ति चालू की गई। जिसके बाद क्षेत्रीय लोगों ने राहत की सांस ली।

## बस में पीछे से घुसा लोडर एक की मौत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



समीर की मौत पर गमगीन खड़े परिजन। अमृत विचार



दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त खड़ा लोडर। अमृत विचार

- फोरलेन स्थित धोबिन पुलिया के पास हुई दुर्घटना
- माल लोडकर कानपुर से उन्नाव ले जाने के दौरान हुई घटना

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत फोरलेन स्थित आजाद नगर धोबिन पुलिया के पास बुधवार सुबह एक प्राइवेट बस को ओवरटेक करने के दौरान लोडर अनियंत्रित होकर पीछे से बस में घुस गया। दुर्घटना में चालक और उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां भाई को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं चालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के केसरगंज निवासी मो. साकिब अपने भाई समीर (20) पुत्र स्व. मोहम्मद अब्दुल्ला के साथ कानपुर घंटाघर से लोडर में माल लोडकर उन्नाव की ओर जा रहा था। इस दौरान शाहगंज लोडर चला रहा था। सुबह लगभग साढ़े सात बजे गंगाघाट फोरलेन स्थित आजाद नगर धोबिन पुलिया के पास सड़क के किनारे एक प्राइवेट बस सवारियों को बैठा रही थी। प्राइवेट बस को ओवरटेक करने के दौरान लोडर अनियंत्रित होकर बस में पीछे से जा घुसा। दुर्घटना में समीर और मो. साकिब गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना देख आस पास के लोग दौड़े और घायलों को बाहर निकाला। पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिये जिला अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने समीर को मृत घोषित कर दिया। वहीं साकिब की स्थिति अभी गंभीर बनी हुयी है। मौत की सूचना पर मां पन्नो, भाई मो. तालिब, आमिर का रो रो कर बेहाल है। पुलिस बस को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही कर रही है। इंस्पेक्टर रामफल प्रजापति ने बताया कि मृतक के परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है।

### एक नजर

**माध्यमिक विद्यालयों में पांच को रहेगा अवकाश**

**उन्नाव।** जिले के माध्यमिक विद्यालयों के लिए जारी की गई अवकाश तालिका में पांच के बजाए त्रुटिवश छह अप्रैल को अवकाश प्रिंट हो गया है। जबकि, जमात-उल-विदा (अलविदा), महर्षि कश्यप व महाराज निषाद राज पर्व पांच अप्रैल को हैं। इसलिए पांच अप्रैल को ही अवकाश रखा जाएगा।

**पत्र वितरक के भाई के निधन पर शोक**

**शुक्लागंज उन्नाव।** नगर के श्री नगर निवासी योगेन्द्र शुक्ला समाचार पत्र वितरक संघ के महामंत्री हैं। उनके बड़े भाई सुरेश शुक्ला (65) बीमार चल रहे थे, जहां बुधवार को उनका निधन हो गया। निधन की सूचना पर पत्र वितरण संघ के पदाधिकारी व सदस्य उनके घर पहुंचे और शोक व्यक्त किया। अध्यक्ष मुकेश तिवारी बताया कि सुरेश अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र व एक पुत्री छोड़ गये।



सुरेश शुक्ला।

## पालिका ने इंद्रा नगर में चलाया सफाई अभियान



इंद्रा नगर में शाम के समय होती फागिंग। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** बुधवार को पालिकाध्यक्ष और ईओ के निर्देश पर सफाई कर्मी वार्ड तीन इंद्रा नगर पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत वृहद स्तर पर साफ सफाई की गई। इसके साथ ही मोहल्ले में एंटी लार्वा का छिड़काव और फागिंग कराई गई।

पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर बुधवार को पालिका के सफाई कर्मी वार्ड तीन इंद्रा नगर पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने वार्ड की सभी गलियों में झाड़ू लगाने के साथ ही नालियों की साफ सफाई करते हुये एंटी लार्वा और चूने का छिड़काव कराया। इसके साथ ही नाला-नालियों की साफ सफाई कर सिल्ट हटाई और उसे हटवाया गया। इसके साथ ही एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया। वहीं शाम के समय पालिका ने सभी गलियों में फागिंग कराई गई।

## घायल युवक की मौत के मामले में चार पर रिपोर्ट

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के देवारा कलां गांव में रहने वाले एक युवक को गांव के कुछ लोगों ने मारा पीटा था। जिससे उसकी मंगलवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

देवारा कलां निवासी शंकर पुत्र मैकू ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि 31 मार्च शाम साढ़े छह बजे उसका बेटा राजकुमार पान मसाला लेने गया था। जहां उदन, उसके बेटे राहुल, विपिन और उसकी पत्नी ने बेटे पर लाठी डंडों और ईंटों से हमला बोल दिया। जिससे उसे गंभीर चोटें आई। उसे इलाज के लिये उन्नाव जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां मंगलवार सुबह उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। शंकर की तहरीर पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# अंत्येष्टि पर्ची बनाता मिला प्राइवेट कर्मी, फटकार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



मिश्रा कॉलोनी मृत्यु पंजीकरण कार्यालय में पूछताछ करते ईओ।



निर्माण कार्य का जायजा लेते ईओ। अमृत विचार

- ईओ और जेई ने मृत्यु पंजीकरण कार्यालय का किया औचक निरीक्षण
- निरीक्षण के दौरान श्मशान घाट के निर्माण का देखा कार्य

**अमृत विचार।** मिश्रा कॉलोनी स्थित श्मशान घाट पर जीर्णोद्धार का काम चल रहा है, जिसकी हकीकत देखने के लिये बुधवार को पालिका के अधिशाषी अधिकारी और जेई पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विद्युत शवदाह गृह में बने मृत्यु पंजीकरण कार्यालय की भी हकीकत देखी। जहां पालिका कर्मी मौके से नदारत रहे। उनके स्थान पर एक प्राइवेट कर्मी पैसा लेकर अंतेष्टि पर्ची बना रहा था। यह देख उनका पारा हाई हो गया और जमकर फटकार लगाई। इसके साथ ही पालिका कर्मी पर कार्यवाही करने की बात कही।

पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा और जेई घनश्याम मौर्या के साथ बुधवार दोपहर मिश्रा कालोनी स्थित शमशान घाट के निर्माण कार्य का जायजा लेने पहुंचे। जहां उन्होंने कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण कार्य में कुछ खामियां मिली। जिसे दूर करने के निर्देश दिये। इसके बाद वह सीधे विद्युत शवदाह गृह में बने पालिका के मृत्यु पंजीकरण कार्यालय पहुंचे। जहां तैनात लिपिक नवनीत अनुपस्थित मिले। उसकी जगह पर घाट पर लकड़ी टाल का मुनीम प्रेम शंकर तिवारी सरकारी काम करते पाया गया। कक्ष में रखी पत्रावली भी इधर उधर पड़ी मिली। यह देख उनका पारा हाई हो गया। इसी बीच अंतेष्टि कराने आये एक सख्स ने पर्ची बनवाने के लिये मुनीम को चाय पानी के पैसे देने लगा। पैसे को देख ईओ ने मुनीम को फटकार लगाई और कार्यालय से भगा दिया और दोबारा कार्यालय के अंदर न दिखाई देने की हिदायत भी दी।

**बोले ईओ**

निरीक्षण के दौरान पालिका के मृत्यु पंजीकरण कक्ष में पालिका लिपिक की जगह पर एक प्राइवेट व्यक्ति काम करता पाया गया। जिसका एक व्यक्ति से पर्ची निर्गत कराने के नाम पर पैसा लेते रंगे हाथों पकड़ा गया है। इस गैर जिम्मेदार हरकत पर पालिका लिपिक पर कार्रवाई की जायेगी।

–मुकेश कुमार मिश्रा, ईओ नगर पालिका गंगाघाट





होली मिलन समारोह में मौजूद जिला जज, बार अध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

## बार एसोसिएशन के होली मिलन में उड़ा अबीर-गुलाल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन के होली समारोह समारोह में पहुंची जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव व सीजेएम सुधा सिंह सहित अन्य न्यायिक अधिकारियों ने अधिवक्ताओं को होली की बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार अध्यक्ष सतीश शुक्ला व संचालन महामंत्री अरविंद दीक्षित ने किया। होली मिलन में अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी। इस दौरान कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार लोधी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राज कुमार श्रीवास्तव, आशुतोष सैनी, वरिष्ठ सदस्य दिनेश द्विवेदी, प्रदीप त्रिपाठी व राकेश शुक्ला सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## किशोरी को अगवा करने का लगाया आरोप

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली एक किशोरी को कुछ युवक जबरन अपने साथ ले गये। जहां उसके परिजनों ने बेटी को अगवा करने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी है।

क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाले युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि मंगलवार को उसकी बेटी घर से कुछ काम से गई थी, तभी आरोप है कि कुछ युवक उसे जबरन अगवा कर ले गये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच पड़ताल कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

# उपहार देकर बच्चों का किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



बच्चों को उपहार देतीं एआरपी सुरुचि श्रीवास्तव। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्कूल चलो अभियान के तहत अभियान के तहत हिलौली ब्लाक के सुबस खेड़ा व दुंदपुर प्राथमिक विद्यालय में कक्षा एक में प्रवेश लेने वाले बच्चों का स्वागत कर उन्हें उपहार भेंटकर नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया।

एबीएसए सुरेश कुमार के निर्देश पर प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों के शिक्षक स्कूल चलो अभियान में जुटे हैं। हिलौली के सुबसखेड़ा व दुन्दपुर प्राथमिक विद्यालय बुधवार को विद्यालय के प्रधान शिक्षक व एआरपी (गणित) सुरुचि श्रीवास्तव द्वारा नवीन सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को उपहार बांटने पहुंचने पर उनका विद्यालय में स्वागत हुआ।

इसमें बच्चों को पेंसिल-रबर व पानी की बोतलें दी गईं। साथ ही उनको मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया। नए नामांकन में इन विद्यालयों में बालिकाओं की संख्या अधिक रही। वहीं शिक्षकों से उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक सुनील, हरी राम, पुष्पा, नीतू, वेदवती, प्रीति, नीलम शामिल रहीं।

### सार-संक्षेप

**ट्रक की टक्कर से बाइक चालक की मौत, दो घायल**

**परियर उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली अंतर्गत चकलवंशी-सफीपुर मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक चालक उछलकर ट्रक के पहिए की नीचे आ गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। जबकि बाइक सवार दो अन्य लोग घायल हो गए। बता दें कि सफीपुर मंगल बाजार निवासी सन्नी (22) पुत्र छोटे लाल गोलू राजपूत (13) पुत्र राजेश व नेत्रपाल पुत्र झाबुल निवासी गंगादीन खेड़ा एक किसी काम से बिठूर कानपुर गए थे। तीनों एक ही बाइक से वापस लौट रहे रहे थे। शाम करीब 6 बजे परियर चौकी क्षेत्र किसान पेट्रोल पंप के पास सामने से आए ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें बाइक चला रहा सन्नी उछलकर ट्रक के टायर के नीचे आ गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। परियर चौकी इंचार्ज राकेश तिवारी फोर्स के साथ पहुंचे और घायलों को निजी अस्पताल भेजते हुए शव मोर्चरी भेजवाया।



सन्नी।

**सिग्नल केबिल कटने से ढाई घंटे प्रभावित रहा रेल संचालन**

**शुक्लागंज उन्नाव।** कानपुर लखनऊ रेल रूट पर छमक नाली 109 पर ब्रिज के निर्माण कार्य के दौरान भूमिगत पड़ी सिग्नल केबिल कट गई। जिससे अप और डाउन लाइन का रेल संचालन प्रभावित हो गया। सूचना पर पहुंचे एसएनटी कर्मियों ने मरम्मत कार्य किया। जिसके बाद संचालन शुरू हो सका। छमकनाली स्थित 109 पुलिया पर कार्यदायी संस्था कार्य करा रही है। इस दौरान दोपहर करीब एक बजे भूमिगत पड़ी सिग्नल केबिल कट गई। जिससे अप और डाउन लाइन का रेल संचालन प्रभावित हो गया। जिसकी जानकारी एसएनटी विभाग को दी गई। इस दौरान ट्रेनों को मेमो देकर रवाना किया गया। एसएनटी विभाग ने बताया कि दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे केबिल की मरम्मत की गई। जिसके बाद रेल संचालन सामान्य हो सका।

**झाड़ियों में पड़ी मिली नवजात, चाइल्ड हेल्प लाइन को सौंपा**

**सफीपुर उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के दरौली गांव में शारदा नहर किनारे एक नवजात झाड़ियों में पड़ी मिली। ग्रामीण उसे सीएचसी लाए। जांच में बच्ची के स्वस्थ्य मिलने पर पुलिस ने उसे चाइल्ड हेल्प लाइन टीम को सौंप किया। बुधवार को दरौली गांव के बाहर से निकली शारदा नहर किनारे एक नवजात झाड़ियों में पड़ी मिली। एक राहगीर ने ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। इस पर उसे सीएचसी पहुंचाने के साथ पुलिस को सूचना दी गई। डाक्टर द्वारा उसे स्वस्थ्य बताने पर नवजात को पुलिस की सूचना पहुंची चाइल्ड हेल्प लाइन टीम के सुपुर्द कर दिया गया। डाक्टरों के मुताबिक बच्ची का जन्म करीब 24 से 36 घंटे पहले हुआ है। एसएचओ श्याम नारायण सिंह ने बताया कि नवजात को चाइल्ड हेल्प लाइन टीम के सुपुर्द किया गया है।

**गैंगरेप के आरोपी को पुलिस ने दबोचा, गया जेल**

**सफीपुर।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सरांय सूबेदार निवासी गैंगरेप व पाक्सो एक्ट मामले में नामजद आशीष उर्फ डब्बू पुत्र स्व. बृज किशोर दीक्षित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोप है कि युवक ने एक 16 वर्षीय किशोरी को करीब 6 साल पूर्व बाजार से सामान खरीदकर घर लौटते समय बहाने से बुलाकर नींद की गोलियां खिलाकर सामूहिक दुष्कर्म किया था। इसके बाद से वह किशोरी को धमकी देकर लगातार दुष्कर्म करता रहा। किशोरी ने अपने साथ हो रही घटना की जानकारी मां को दी तो मां ने बीते दिनों कोतवाली में युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। दरोगा कल्लूराम ने अपने हमराहियों के साथ मंगलवार रात छापेमारी कर आरोपी को पकड़ लिया। प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

**एंबुलेंस कर्मियों ने केक काटकर मनाया ईएमटी दिवस**

**हसनगंज।** सीएचसी हसनगंज में बीते मंगलवार को 12वां ईएमटी दिवस मनाया गया। जिसमें एम्बुलेंस कर्मियों ने केक काटकर व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। जिला प्रोग्राम मैनेजर विराट श्रीवास्तव ने कहा कि 108 व 102 एम्बुलेंस सेवा स्वास्थ्य विभाग का प्रमुख अंग है। बीते वर्षों की आपदा में एम्बुलेंस कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इन्हें कोरोना वारियर्स का नाम भी दिया गया था। रोज हजारों लोगों की जान एम्बुलेंस सेवा के कारण बच पाती है। जिला प्रभारी नीरज मौर्य, हेल्प डेस्क शिखा मौर्य, ईएमटी अरविंद, अंशु, कुलदीप, अंकित व सीएचसी हसनगंज का एम्बुलेंस स्टाफ मौजूद रहा।

**जानकारी** हैसियत के अनुसार तय होता है जकात, हर मुसलमान को निकालना चाहिए फितरा

# खुशहाली के साथ सेहतमंद रखता है जकात

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** रमजान माह में अल्लाह की इबादत की तरह जकात व फितरा को भी खास तवज्जो दी जाती है। इसलिए रोजा रखने वाले सभी हैसियतमंद मुस्लिम भाई नमाज व तरावीह में शामिल होने के साथ ही कुरान की तिलावत करते हुए जकात व फितरा भी निकालते हैं। जकात व फितरा खुशहाली के साथ लोगों को सेहतमंद भी बनाए रखता है। जकात निकालने से लोगों को सवाब मिलता है।

**क्या है जकात :** अल्लाह ने हैसियत वाले इंसान को अपनी आमदनी का एक हिस्सा (2.25) किसी फकीर या जरूरतमंद को देने की ताकीद की है, जिसे जकात कहा जाता है। इस्लाम जकात आमदनी से आधी रकम जुटा पाने वाले व्यक्तियों या परिवारों को दिए जाने को कहा गया है।

यानी अगर किसी का खर्च 21000 रुपए में चलना चाहिए और उसकी आमदनी 11000 रुपए है, तो वह जकात लेने का हकदार है। ऐसे जरूरतमंदों को जकात देने वालों को इसका शवाब मिलता है। अल्लाह जकात देने वालों की मुरादों को पूरा करते हैं।





**जकात और फितरा का महत्व**

जकात और फितरा देने से न सिर्फ मुस्लिम भाइयों के घर बरकत आती है, बल्कि वह और उनका परिवार सेहतमंद भी रहता है। इसके अलावा फितरा और जकात किसी जरूरतमंद को राहत भी पहुंचाता है। इसलिए रमजान में जकात और फितरा देना सुन्नत कहलाता है।

**यह है फितरा**

फितरा देना हर मुसलमान के लिए वाजिब ठहराया गया है। पाक रमजान माह में ईद से पहले एक किलो 633 ग्राम गेहूं या एक किलो गेहूं की कीमत किसी गरीब को दिए जाने को फितरा कहा जाता है। गेहूं की कीमत बाजार के भाव के आधार पर तय की जाती है। जरूरतमंदों को खुशियां देने के लिए आर्थिक रूप से मजबूत यानी खाते-पीते सभी लोगों के लिए फितरा देना फर्ज किया गया है, जिससे तंगहाली में गुजर-बशर करने वाले परिवार भी ईद मना सकें। परिवार के नाबालिग बच्चों की ओर से उनके अभिभावकों को फितरा देना होता है।

**जकात और फितरे में अंतर**

बहुत से लोगों को लगता है कि जकात और फितरा एक है। हालांकि ऐसा है नहीं, क्योंकि जकात इस्लाम की पांच बुनियादों में एक है, जिसके तहत आमदनी का 2.5 फीसदी देना तय किया गया है। वहीं, फितरा आप अपनी हैसियत के अनुसार दे सकते हैं। इसकी कोई सीमा तय नहीं है। ज्यादा पैसे न होने पर केवल एक किलो 633 ग्राम गेहूं ही दिया जा सकता है। इस्लाम में अमीर-गरीब सभी के लिए व्यवस्थाएं दी गई हैं। दोनों अपनी-अपनी हैसियत के मुताबिक फितरा निकाल कर गरीबों को दे सकते हैं।

# हवन पूजन के साथ एसवीएम के शिक्षा सत्र की शुरुआत



एसवीएम गोपीनाथपुरम में होता हवन पूजन। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** बुधवार को गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में गणेश वंदना के साथ सरस्वती पूजन हुआ। जिसके बाद नये शिक्षा सत्र के शुरू होने पर विद्यालय में हवन पूजन कराया गया।

गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में नवागंतुक प्रधानाचार्य श्रवण कुमार सिंह ने प्रबंधक राकेश कुमार सिंह के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण किया। जिसके बाद विद्यालय में हवन पूजन कराया गया। जहां आचार्यों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। इसके साथ ही स्कूल के आचार्यों और छात्र-छात्राओं ने हवनकुंड में आहूतियां डाली। नवीन शिक्षा सत्र के आयोजित कार्यक्रम में विशाल कुमार सिंह, शिव सिंह, रविशंकर श्रीवास्तव समेत समस्त स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।



**24वां रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.20 बजे
इफ्तार : 06.35 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04 .24 बजे
इफ्तार : 06.26 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

**सरेनी, रायबरेली।** तीन दिन पहले थाना क्षेत्र के एक गांव का किशोर कबाड़ बेचकर सरेनी बाजार से लापता हो गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के रमईपुर कला गांव के रहने वाले प्रेम शंकर साहू पुत्र स्वर्गीय राम शंकर ने थाने में तहरीर देकर कहा है कि उनका बेटा सूरज साहू सोमवार की शाम को घर से कबाड़ बेचने सरेनी बाजार आया था।कबाड़ बेचने के बाद वह अचानक लापता हो गया। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन किया लेकिन पता नहीं चला। किशोर का मोबाइल बंद जा रहा है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने बीती रात गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। विवेचना उप निरीक्षक सुरेश चंद्र को सौंप गई है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

**लालगंज, रायबरेली।** ऐहार में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई। यहां मंडल के सभी पदाधिकारी व बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं से मतदाताओं को रूबरू कराने पर चर्चा की। इसके अलावा स्थापना दिवस और अंबेडकर जयंती मनाने पर चर्चा की गई। बैठक में प्रभारी जेपी सिंह, सुशील शुक्ला, दीप प्रकाश शुक्ला, उमेश सिंह, धीरेंद्र कुमार मिश्रा, रामविलास लोधी, संतोष शुक्ला सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दो मामलों में मारपीट का मुकदमा दर्ज

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** डीह थाना क्षेत्र में मारपीट के दो मामलों में मुकदमा दर्ज हुआ है। परशदेपुर चौकी क्षेत्र के सरायदूला मजरे जगतपुर निवासी सुमित्रा देवी पत्नी कमलेश कुमार ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि घर पर सरसों का भूसा जलाने के विवाद में रामकृष्ण पाण्डेय ने अपनी पत्नी किरन पांडेय के साथ मिलकर उसके सिर पर कुल्हाड़ी से मार दिया। पुलिस ने तहरीर पर दोनों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरे मामले में डीह थाना क्षेत्र के सादीपुर कोटवा निवासी कंचन ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी जमीन पर खूंटा गाड़ने से मना करने पर गेंदालाल यादव, शिवकरन यादव, प्रांशु यादव, सरवन पाल ने उसे लाठी डंडों से मारा पीटा है। पुलिस ने चारों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर एससी-एसटी एक्ट भी लगाया है।

### सेवानिवृत्त बीईओ सरेनी रामचंद्र का जीआईसी में सम्मान

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** खंड शिक्षा अधिकारियों के बीच में आरसी सर के नाम से मशहूर सरेनी विकासक्षेत्र के बीईओ रामचन्द्र 31 मार्च को सेवानिवृत्ति हो गए हैं। बेसिक शिक्षा विभाग में करीब 27 साल तक सेवा देने वाले बीईओ रामचंद्र का सम्मान समारोह मंगलवार की देरशाम को राजकीय इंटर कॉलेज के सभागार में किया गया। बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सदैव ही अपने कार्य के प्रति समर्पित रहते थे। डीआईओएस ओमकार राणा ने कहा कि आरसी सर का अनुभव कई बार हमें भी काम आया। बीईओ संघ के प्रांतीय महामंत्री वीरेंद्र कनौजिया ने कहा कि विभाग के साथ ही हम लोगों के संघर्ष में रामचंद्र जी का बहुत बड़ा योगदान रहा।

# प्रेमजाल में फंसा शारीरिक संबंध बनाये, धर्म परिवर्तन का दबाव

**संवाददाता, रायबरेली**

▸▸ **मथुरा जिले की रहने वाली है पीड़िता, डलमऊ क्षेत्र के युवक पर लगाया आरोप**

**अमृत विचार।** जिले की थानों पर बैठे जिम्मेदार महिला सुरक्षा की किस तरह धज्जियां उड़ा रहे है, यह तो एसपी कार्यालय में आने वाले फरियादियों से पता चलता है। जिले में धर्म परिवर्तन करने के लिए दबाव बनाने का एक मामला सामने आया है। मथुरा जनपद की एक विधवा ने डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के युवक पर प्रेमजाल में फंसाकर शारीरिक संबंध बनाकर धर्म परिवर्तन का दबाव का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि युवक द्वारा वीडियो वायरल करने की धमकी दी जा रही है। वहीं पुलिस से शिकायत करने पर भी कुछ नहीं हुआ। बुधवार को एसपी कार्यालय पहुंची पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है।

मथुरा जनपद की रहने वाली पीड़िता का कहना है कि उसके पति की मौत हो चुकी है। डलमऊ क्षेत्र के रसूलपुर धरावा गांव निवासी एक युवक ने कल्लू यादव बनकर उससे बातचीत करना शुरू कर दिया और उसे झांसे में लेकर अपने पास बुलाया। इस दौरान उसने शारीरिक संबंध भी बनाए। वहीं अब वह उसे धर्म परिवर्तन करने के लिए दबाव बना रहा है। ऐसा न करने पर उसकी वीडियो भी वायरल करने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने बताया कि वह उसे गुरुबक्सगंज थाना क्षेत्र के अपने किसी रिश्तेदार के यहां रखे हुए था। महिला ने जब डलमऊ और गुरुबक्सगंज पुलिस से शिकायत की तो किसी ने कार्रवाई नहीं की। थकहार कर उसने एसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है।

> महिला ने शिकायती पत्र दिया है। सम्बन्धित थाना प्रभारी व क्षेत्राधिकारी से जानकारी हासिल की जा रही है। आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-नवीन कुमार सिंह**
> **एएसपी रायबरेली**

### युवक पर दुष्कर्म का आरोप, केस दर्ज

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** खीरों क्षेत्र के एक गांव की महिला ने अपने पड़ोसी युवक पर रविवार की रात लगभग एक बजे उसके साथ जबरन दुष्कर्म करने के प्रयास का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायती पत्र दिया है। पुलिस ने घटना के तीन दिन बाद पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद युवक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि विगत रविवार की रात को वह अपने बरामदे में सो रही थी। इसी दौरान रात लगभग एक बजे उसके पड़ोसी बहादुर यादव पुत्र कल्लू यादव ने उसके बरामदे में आकर उसके साथ अश्लील हरकते करते हुए जबरन दुष्कर्म करने का प्रयास किया। उसने विरोध करते हुए शोर मचाया। उसका शोर सुनकर जब तक परिजन व ग्रामीण पहुंचते इससे पहले रात के अंधेरे का फायदा उठाकर बहादुर यादव भाग गया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला श्रमिक का शव

**सरेनी, रायबरेली**

**अमृत विचार।** परिवार को दो जून की रोटी और कपड़ा दिलाने के लिए श्रमिक गैर जनपद से जीतोड़ मेहनत मजदूरी करने सरेनी आया था। काश उसे मालूम होता कि वह अब कभी अपने परिवार से नहीं मिल पाएगा तो वह अपनी ढेहरी न छोड़ता। क्षेत्र में बुधवार को पेड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में उसका शव लटकता मिलने से लोगों में हड़कंप मच गया।

पिता की तहरीर पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कौशांबी जनपद के महेवा घाट थाने के अलवारा गांव के रहने वाले पंकज कुमार पुत्र शिवराज थाना क्षेत्र के धूरेमऊ गांव में किराए के कमरे में रहता था। वह आसपास के गांवों में जाकर मजदूरी का काम करता था। मंगलवार उसका शव लदाखेड़ा के जंगल में लटकता मिला। लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने लालगंज थाना क्षेत्र में रह रहे मृतक के पिता को घटना की जानकारी दी। मृतक के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पंकज शराब का आदि था। कोतवाल प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा।

## लालगंज में बढ़ रहा जाम, जिम्मेदार मौन

▸▸ **जनता की समस्याओं से अनजान बने नेता व अधिकारी**

**लालगंज, रायबरेली।**

**अमृत विचार।** जनपद की व्यापारिक नगरी लालगंज वर्तमान में जाम के झाम से जूझ रही है। यहां के ब्लॉक प्रमुख, विधायक सभी क्षेत्र छोड़कर लखनऊ जा बसे हैं। जिले की सांसद रायबरेली छोड़कर राजस्थान जा चुकी हैं। उन्हें वोट लेने के अलावा जनता की मुसीबत से कोई लेना-देना नहीं है। जाम के झाम में एम्बुलेंस, स्कूली बस, बीमार आदमी फंसे रहते हैं लेकिन बढ़ते जाम से निजात दिलाने के लिए जनप्रतिनिधि और अधिकारी आगे नहीं आ रहे हैं।

वास्तव में लालगंज में भारी ट्रकों की बढ़ती आमद, लालगंज नगर में चार हजार के करीब ई-रिक्शा और पटरियों पर दुकानदारों के द्वारा किया गया अतिक्रमण जाम का मुख्य कारण है। इसके अलावा लालगंज एनएच बाईपास पर रेलवे का टूटा हुआ पुल भी जाम के लिए जिम्मेदार है। अगर पुल बना होता तो रायबरेली जाने वाले भारी वाहन बाईपास से निकल जाते।



लालगंज में लगे जाम में फंसे लोग। अमृत विचार

लालगंज कस्बे के गांधी चौराहा-फतेहपुर रोड, तहसील रोड, रायबरेली रोड, करुणा बाजार चौराहा सहित नगर पंचायत तिराहे पर दिन-रात जाम लगा रहता है। हालांकि जनता को जाम से निजात दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने रेल मंत्री सहित एनएच के बड़े अधिकारियों से बात कर लालगंज बाईपास पुल के निर्माण को जल्द कराने को कहा था।

इसके अलावा भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने भी प्रयास किया है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा, रोहित सोनी, अप्पू शर्मा, मृत्युंजय बाजपेई, भाजपा विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला आदि ने भी एसडीएम और डीएम से मिलकर लालगंज की जनता को जाम से निजात दिलाए जाने की मांग की है लेकिन अभी तक अधिकारियों के द्वारा इस बाबत कोई कार्यवाही न किए जाने से जनता में भारी निराशा व्याप्त है। अभी एक अप्रैल को भाजपा नेता अजय अग्रवाल और व्यापार मंडल के लोगों ने डीएम को पत्र सौंप कर लालगंज में यातायात वन वे किए जाने की मांग की है।

# फंदे से लटकता मिला किशोर का शव, हत्या की आशंका

**खीरों, रायबरेली।**

**अमृत विचार।** बुधवार को सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में कस्बा खीरों में एक तालाब के किनारे नीम के पेड़ से एक किशोर का शव लटकता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। इस घटना में परिजनों ने अज्ञात लोगों द्वारा किशोर की हत्या कर शव पेड़ से लटका देने की आशंका व्यक्त की है। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

कस्बा खीरों निवासी गीता बहेलिया ने बताया कि उसका बेटा अखिलेश कुमार पुत्र स्व. श्यामू बहेलिया मंगलवार की शाम लगभग छह बजे अचानक घर से गायब हो गया था। देर रात तक खोजबीन की गई लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। बुधवार को सुबह घर से लगभग 500 मीटर दूर महजितिया तालाब की ओर कस्बावासी शौंच के लिए गए तो शव उसी तालाब के किनारे रस्सी के सहारे नीम के पेड़ से लटकता देखा।



मृतक के गमगीन परिजन। अमृत विचार

ग्रामीणों ने परिजनों को घटना की सूचना दी तो परिजनों में कोहराम मच गया। उसने आशंका व्यक्त की है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके बेटे अखिलेश कुमार की हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया गया है। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गीता बहेलिया ने बताया कि उसके पति श्यामू बहेलिया की विगत लगभग सात वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने पर घटना की सत्यता सामने आ जायेगी। जांच की जा रही है।

### एम्स प्रशासन ने चार गार्डों को किया बर्खास्त एजेंसी को दी चेतावनी

**राही, रायबरेली**

**अमृत विचार।** तीमारदार से अभद्रता के मामले में एम्स प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित चार सुरक्षा गार्डों को बर्खास्त कर दिया है। साथ ही संबंधित एजेंसी पर जुर्माना और करार समाप्त करने की चेतावनी दी है। मंगलवार को एम्स में तैनात उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम के सुरक्षा गार्डों द्वारा तीमारदार से अभद्रता करने का वीडियो वायरल होने पर एम्स प्रशासन ने इस मामले में कड़ा रुख अख्तियार किया। अतिरिक्त मेडिसिन अधीक्षक डॉ. सुयश सिंह ने बताया कि यूपी पीएस कल्याण निगम के गार्ड द्वारा तीमारदार से अभद्रता का वायरल वीडियो की जांच की गई, जिसमें सत्यता उजागर हुई। एम्स प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से आरोपित सुरक्षा गार्डों की सेवा समाप्त करने के निर्देश दे दिए। साथ ही यूपी पूर्व सैनिक कल्याण निगम को चेतावनी दी गई है कि उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए सुरक्षा गार्ड द्वारा भविष्य में किसी प्रकार का अमानवीय व्यवहार किया जाता है तो उनके ऊपर जुर्माना संग करार समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

## सतगुरु की कृपा से होता है परमात्मा का दीदार : महात्मा

**जगतपुर, रायबरेली।**

**अमृत विचार।** संत निरंकारी सत्संग भवन में बुधवार को सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें दूरदराज से आए साध संगतों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

बुधवार को जगतपुर के संत निरंकारी सत्संग भवन में महात्मा अमर प्रताप सिंह ने सत्संग की अध्यक्षता करते हुए कहा कि मनुष्य तभी मनुष्य कहलाता है जब वह अपनी मानवता दिखलाता है। जिस व्यक्ति में मानवता जीवित नहीं होती वह अपने मानव जीवन को व्यर्थ गवां देता है। जीवन में उस व्यक्ति का स्थान समाज में हमेशा ऊंचा रहता है। जो मानवता की भलाई के लिए हमेशा कार्य करता रहता है।

संत महापुरुष यही संदेश दे रहे हैं कि ईश्वर निराकार परमात्मा सर्वव्यापी है। ऐसी प्रभु परमात्मा का दीदार सतगुरु की कृपा से हो जाता है, तो फिर इंसान एक मानवता वाला जीवन जीने लगता है। यह प्रभु परमात्मा को देखकर के ही प्रेम करता है। मन में ईर्ष्या, नफरत, द्वेश, परायेपन के भाव मन से मिट जाते हैं। ज्ञान प्रचारक महात्मा बसंत लाल ने आये साध संगतों का आभार व्यक्त किया।

# शीतला मंदिर में जवाबी कीर्तन व भंडारा

**सेमरी, रायबरेली।**

**अमृत विचार।** खीरों विकास क्षेत्र के नयाखेड़ा मजरे सेमरी गांव में स्थित माता शीतला देवी मंदिर में शीतला अष्टमी एवं स्मृतिशेष कृष्णमोहन बाजपेई की पुण्यतिथि पर मंगलवार को भंडारा एवं जवाबी कीर्तन का आयोजन किया गया। श्री शीतला माता जन कल्याण समिति के द्वारा मंदिर में हवन पूजन कर भक्तों को प्रसाद बांटा गया।

कीर्तनकार राखी आजाद जालौन उत्तर प्रदेश व नीलम विश्वकर्मा छतरपुर मध्यप्रदेश के बीच सुबह तक मुकाबला हुआ। दोनों ही कीर्तनकारों ने पूरी रात अनेकानेक धार्मिक ऐतिहासिक व सामाजिक गीतों की हृदयस्पर्शी प्रस्तुति करके श्रोताओं का मन मोहते हुए खूब तालियां बटोरी। वहीं नीलम विश्वकर्मा ने वंदनागीत तुम्ही सिंहवाहिनी हो मां, तुम्ही गजवाहिनी मां तुम्ही श्रीहरि विष्णु कि संगवाहिनी हो मां प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरुवात की।



जवाबी-कीर्तन करती कलाकार।

राखी आजाद ने जवाबी गीत ओ फिरकी वाली तू फिर कल आना नही फिर जाना अरे अपनी जुबान से तेरे नैना है जरा बेईमान से प्रस्तुत कर भक्तों को प्रसन्न कर दिया। वहीं नीलम विश्वकर्मा ने जवाब के रूप में तूने कहा था गोरी एक रोज जरा हंसके आऊंगी तू न आई वादा किया था बन के बदरिया, मेरे प्यासे नैना तरसे तू न निकली घर से प्रस्तुत कर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दोनों कीर्तनकारों द्वारा प्रस्तुत की गई धार्मिक रचनाएं श्रोताओं के बीच खूब सराही गई।

## सार-संक्षेप

### कलेक्ट्रेट में ड्रोन से परखी गई सुरक्षा व्यवस्था

**संवाददाता, रायबरेली।** जिले में पांचवे चरण में चुनाव होना है। प्रशासन इसके लिए दिन रात मेहनत कर रहा है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी लगातार कार्रवाई कर रही है। अराजकतत्वों पर निगरानी रखने के लिए ड्रोन कैमरों का उपयोग किया जा रहा है। जिसको लेकर बुधवार को शहर कोतवाल ने कलेक्ट्रेट परिसर में ड्रोन उड़ाकर रिहर्सल किया। मतदान से पहले सुरक्षा व्यवस्था की पूरी तैयारी की जा रही है। जिसको लेकर इस बार नामांकन से लेकर मतदान व मतगणना तक ड्रोन के माध्यम से पुलिस नजर रखेगी। इसके अलावा अन्य कई सुरक्षा एजेंसियां भी चुनावी गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं। कलेक्ट परिसर में शहर कोतवाल राजेश सिंह ने पुलिस कर्मियों के साथ ड्रोन से पूरे कलेक्ट्रेट का जायजा लिया।

### वार्डों में कूड़े से पटी नालियां, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



एसडीएम को ज्ञापन देते व्यापारी। अमृत विचार

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** नगर पंचायत महराजगंज में स्वच्छता अभियान धड़ाम हो गया है। नगर के वार्डों में नालियां पटी पड़ी हैं जिससे मच्छरों की अधिकता है। गर्मी की शुरुआत में ही नागरिकों का जीना मुहाल है। जलापूर्ति के लिए पाइप लाइनों में दूषित पानी आने से लोग परेशान हो रहे हैं। व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष रिंकू जायसवाल के साथ कई लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर नगर की सफाई व पेयजल आदि की समस्याओं से अवगत कराया है। नगर पंचायत द्वारा काफी दिनों से न तो फॉगिंग कराई गई है और न ही साफ-सफाई। परिवर्तित मौसम व मच्छरों की वजह से लोग बीमार हो रहे हैं। व्यापारी नेता की मांग पर एसडीएम राजित राम गुप्ता ने नगर पंचायत को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए हैं।

### वकीलों ने अधिकारियों संग मिलकर खेली फूलों की होली

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** बैसवारा अधिवक्ता एसोसिएशन लालगंज द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गई। अधिवक्ताओं ने एसोसिएशन कार्यालय में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया, जिसमें अधिवक्ताओं के साथ-साथ अधिकारी, वादकारियों ने शामिल होकर अबीर-गुलाल लगाकर रंगों के पर्व होली की शुभकामनाएं देते हुए ठंढाई का आनंद उठाया। होली मिलन समारोह में अधिवक्ताओं ने गुलाब के फूलों की जमकर वर्षा करते हुए सभी को प्रेम रूपी रंग में रंगकर सराबोर कर दिया। समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ता राजबली सिंह, शैलेश त्रिवेदी, केपी सिंह, ज्योतिरेंद्र मिश्र, सुंदर बाजपेई, अशोक शुक्ला, शिवशंकर पांडे, केडी त्रिवेदी, राजेन्द्र चौधरी आदि शामिल रहे।

### आकर्षण का केंद्र रहीं मनमोहक झांकियां



कार्यक्रम में सम्मानित किए गए कलाकार साथ में अन्य लोग।

**शिवगढ़, रायबरेली।** जनपद ही नहीं यूपी के कोने-कोने में राधा-कृष्ण, भगवान शिव- पार्वती, विघ्न विनाशक गणेश, राम-सीता, लखन की अद्भुत झांकियां दिखाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देने वाले कृष्णा प्रेमी झांकी ग्रुप के कलाकारों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैंती स्थित प्राचीन कालीन कबिरादान बाबा के ऐतिहासिक मेले में श्रीकृष्ण रासलीला, मथुरा वृन्दावन की फूलों की होली, दही हांडी आदि झांकियों की अनुपम प्रस्तुति देकर दर्शकों को भक्ति रस में सराबोर कर देने वाले कलाकार कृष्णा प्रेमी, विश्वा निर्मोही, गोकरन को कबीरादान बाबा मेला कमेटी द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## होली मिलन समारोह में छाये फाग गीत

**लालगंज, रायबरेली**

**अमृत विचार।** पूरे भोला मजरे तेरुखा गांव में विगत वर्षों की भांति शीतला अष्टमी के पावन अवसर पर फाग गायन के साथ शानदार ढंग से होली मिलन कार्यक्रम डीएम के स्टेनो महेश तिवारी की अगुवाई में संपंन हुआ। क्षेत्र के पूरे भोला, अदीलाबाद, कैली, तेरूखा, करन मऊ, हींगा मऊ, भीरा गोविंदपुर, हीगामऊ गांवों की फगुआर टीमों ने जबरदस्त फाग गाकर लोगों की खूब वाहवाही लूटी। महेश तिवारी ने स्वयं खेले ब्रज में होली कन्हैया फाग गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया।

इसके अलावा अदीलाबाद की टीम ने अवध में राणा भयों मर्दाना फाग कर लोगों का खूब मनोरंजन किया। इस अवसर पर जहां महेश तिवारी ने सभी अतिथियों के अबीर-गुलाल लगाया। शील शुक्ला, सुरेश त्रिपाठी, विजय वाजपेई, शिवम बाजपेई, पूर्व प्रधान रविंद्र सिंह, शिक्षक नेता लल्लन मिश्रा, नत्थू दादा, गौरव अवस्थी, सुधा द्विवेदी, शारदा त्रिपाठी, सुनील शर्मा, काली शंकर त्रिवेदी, सतीश शुक्ला, दुर्गा शंकर त्रिपाठी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



शिक्षक नेता लल्लन मिश्रा को सम्मानित करते महेश तिवारी।

## प्रशासनिक तंत्र से परेशान बुजुर्ग ने लगाई न्याय की गुहार

**संवाददाता, रायबरेली :** पिछले 45 साल से अपनी जमीन के लिए संघर्ष कर रहे एक 85 साल के बुजुर्ग ने प्रशासन से न्याय की मांग की। गुरु तेग बहादुर मार्केट के एक निजी होटल में बुजुर्ग राधा कृष्ण निवासी सत्य नगर ने बताया कि उनकी भूमि चक अहमदपुर नजूल राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। प्राधिकरण द्वारा अभी तक अधिग्रहण नहीं किया गया। यह भूमि 143 में राजस्व अधिनियम धारा 80 संहिता के तहत व्यावसायिक भूमि घोषित की जा चुकी है। इसका सीमांकन भी कराया जा चुका है।

रायबरेली विकास प्राधिकरण द्वारा अभी तक नहीं इसका अधिग्रहण किया गया है और न ही उन्हें कोई मुआवजा मिला है। पीड़ित पक्ष ने बताया कि विकास प्राधिकरण की तरफ से अभी तक मुआवजा नहीं दिया गया। पैसा न होने का बहाना बनाया जा रहा है। किसी तरह से जमीन पर कब्जा करना चाह रही है।

**आयोजन** | **डॉ0 सुमंत ने कहा- समाज की 365 उपजातियों में से 250 बैकवर्ड, ध्यान रखें राजनीतिक पार्टियां**

# होली मिलन समारोह में वैश्य समाज के मेधावी किये गए सम्मानित

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** वैश्य एकता परिषद के तत्वाधान में रिफॉर्म क्लब मैदान में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुमंत गुप्ता ने कहा कि जिले में 16 प्रतिशत आबादी वैश्य बंधुओं की है, जबकि 54 प्रतिशत आबादी संपूर्ण पिछड़ा वर्ग की है। इस पिछड़ा वर्ग में 250 उपजातियां वैश्य समाज की शामिल हैं। इसलिए टिकट देने में इन दो पहलुओं पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

उन्होंने किसी भी पार्टी का नाम न लेते हुए कहा कि वैश्य समाज की 365 उपजातियां ने हमेशा से ही एक संगठन को बढ़ाने का काम किया। अब उस संगठन की जिम्मेदारी है कि समाज को मजबूती प्रदान करें और प्रत्याशी चुनने में प्राथमिकता दें। कार्यक्रम में होनहार छात्र और छात्राओं का सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय महासचिव इं. विजय रस्तोगी ने कहा कि वैश्य समाज ने राजनीतिक पार्टियों को जिले में पांच नगर पालिका अध्यक्ष दिए हैं। लोकसभा चुनाव में भी वैश्य समाज की महत्वपूर्ण भूमिका देखने को मिलेगी। समीकरण बनाने और समीकरण को बिगड़ने की क्षमता समाज के मतदाता रखते हैं। इसलिए न तो समाज के मतदाताओं की अपेक्षा की जाए और न ही नेताओं की दोनों ही मजबूती के साथ अपने समाज की स्थिति को मजबूत करने के लिए पर्याप्त क्षमता रखते हैं।

विशिष्ट अतिथि अजय अग्रवाल एडवोकेट ने कहा कि वैश्य समाज व्यापारिक समाज है। अधिकारियों और राजनीतिक पार्टियों दोनों के द्वारा इसका शोषण किया जाता रहा है, लेकिन अब मजबूती के साथ समाज खड़ा हो रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता शंकरलाल गुप्ता एडवोकेट और संचालन आरबी वैश्य ने किया। कार्यक्रम के समापन की घोषणा जिलाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता एडवोकेट ने किया। इस मौके पर प्रांतीय व्यापारी नेता रमेश अग्रहरि, अंकुर गुप्ता, लालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता, परशदेपुर अध्यक्ष विनोद कौशल, ऊंचाहार अध्यक्ष ममता जायसवाल, महराजगंज अध्यक्ष सरला साहू, प्रभात साहू, वीरेंद्र अग्रहरि, ओम जी साहू, पंकज मुरारका, अजय अग्रहरि, हिमांशु अग्रहरि, केके गुप्ता आदि मौजूद रहे।




होली मिलन समारोह में मौजूद अतिथि, अन्य। अमृत विचार

# पोलिंग बूथों पर समय से दूर कर ली जाएं कमियां : जिलाधिकारी

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराने के लिए ऊंचाहार, सलोन और सरेनी के सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बचत भवन में बैठक की।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जो भी कमियां रह गई है उसे समय रहते ठीक करा ली जाए। बूथों पर बिजली, पानी, शौचालय, फर्नीचर और सेड की व्यवस्था सुनिश्चित करा ली जाए। उन्होंने कहा कि शौचालय नियमित रूप से क्रियाशील होने चाहिए और उनकी साफ-सफाई भी समय से कराई जाए। यह सुनिश्चित करा लिया जाए की बूथों पर चार्जिंग पॉइंट भली भांति क्रियाशील हो। मतदान बूथों पर खिड़की, दरवाजे और प्रवेशद्वार व्यवस्थित कर लिया जाए। मतदान केंद्रों को जाने वाले रास्तों को चिन्हित कर उसकी मरम्मत करा ली जाए।



सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक करतीं डीएम हर्षिता माथुर।

रूट चार्ट को आपस में साझा कर लिया जाए। जिन भी प्राथमिक विद्यालय और पंचायत भवन में मतदान केंद्र बने हैं वहां यह देख लिया जाए कि मतदान कर्मियों के बैठने, प्रकाश और पंखों की व्यवस्था हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रफुल्ल त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट बाबूराम, जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद त्रिपाठी, जिला पंचायती राज अधिकारी नवीन सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## खंड विकास अधिकारी ने किया गौशाला का निरीक्षण

**अमेठी, अमृत विचार।** खंड विकास अधिकारी विनय कुमार वर्मा ने बुधवार त्रिलोकपुर मतदान केंद्र और गौशाला का निरीक्षण किया। खंड विकास अधिकारी ने ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव को मतदान केंद्र पर बिजली, पानी की सुविधाएं ठीक रखने के साथ हर तरह की वालराइटिंग मिटाने के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी इन्द्रावती वर्मा ने कम्पोजिट विद्यालय मवईया पर बने मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय ढेमा में खराब हैंडपंप को ठीक कराया जा रहा है। कम्पोजिट विद्यालय दहियांवा में गंदा पानी दे रहे हैंडपंप को ठीक कराने के निर्देश दिए गए हैं। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि विकास खंड में एक हैंडपंप की रिबोरिंग कराई गई है अन्य सभी हैंडपंप सामान्य खराबी वाली श्रेणी में थे, उन्हें भी ठीक करा दिया गया है। मवइया में मतदान केंद्र पर सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## दुकानदार को रौंदते हुए मकान में घुसी अनियंत्रित पिकअप

**अमेठी, अमृत विचार।** बुधवार की सुबह अमेठी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर सामने आया है। जहां अमेठी बाईपास पर तेज रफ्तार चार पहिया लोडर पिकअप वाहन सड़क किनारे लगी पटरी दुकान व दुकानदार युवक को रौंदते हुए निर्माणाधीन मकान के बेसमेंट में जा घुसी। हादसे में दुकान पर बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे आनन-फानन में इलाज के लिए अमेठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। लोडर चला रहे चालक को ग्रामीणों ने फरार होने से पहले पकड़ लिया है।

पूरा मामला अमेठी कोतवाली क्षेत्र के महमदपुर बाईपास का है जहां बुधवार की सुबह करीब दस बजे गौरीगंज की तरफ से आ रही तेज रफ्तार चार पहिया पिकअप वाहन ने अनियंत्रित होकर दुकान को तोड़ते हुए निर्माणाधीन मकान में घुस गई। हादसे में दुकान पर बैठा 37 वर्षीय हरिकेश पुत्र झिंगुरिन गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में स्थानीय लोग और परिजन हरिकेश को लेकर अमेठी सीएचसी पहुंचे जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत में हरिकेश को जिला अस्पताल सुल्तानपुर रेफर कर दिया गया है। हरिकेश पड़ोस के ही गांव महमूदपुर का रहने वाला था जो बाईपास किनारे दुकान लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। घटना के बाद भागने का प्रयास कर रहे गाड़ी चालक 19 वर्षीय देवी प्रसाद उर्फ कृष्णा को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया।

## नए शिक्षण सत्र की हुई शुरुआत

**भादर अमेठी।** महारानी लक्ष्मीबाई इंटर कालेज में नये शैक्षिक सत्र का शुभारंभ रामचरित मानस के सुंदर काण्ड के पाठ के साथ हुआ। समापन के अवसर पर शैक्षिक गोष्ठी और अभिभावक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की जिला अध्यक्ष कंचन गुप्ता बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुई।

बालिकाएं अब किसी भी क्षेत्र में कमजोर नहीं है, उन्हें आगे बढ़ने के उचित अवसर मिलने चाहिए। कंचन गुप्ता ने बालिकाओं को रानी लक्ष्मीबाई के जीवन दर्शन से प्रेरणा लेकर विपरीत परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित और अडिग रहने को प्रोत्साहित और प्रेरित किया। प्रिंसिपल गिरीश सिंह ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया।

## सार-संक्षेप



विदाई समारोह में छात्र-छात्राओं के साथ मौजूद शिक्षिकाएं।

### छात्र-छात्राओं को दी गयी भावभीनी विदाई

**सतांव, रायबरेली।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय शंकरगंज में कक्षा 8 के बच्चों को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम की प्रमुख विशेषता सम्पूर्ण आयोजन को कक्षा 7 के बच्चों द्वारा किया जाना रहा। मंच संचालन भी कक्षा 7 की बालिका अर्चना और पारुल द्वारा किया गया। सर्वप्रथम बच्चों का रोली टीका और पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। इसके बाद नृत्य और गायन बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। बच्चों के मध्य छोटे-छोटे खेल खिलाकर उनका मनोरंजन करते हुए अंत में उन सबको टाइटिल दिया गया। विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं के साथ का समूह चित्र उनको भेंट स्वरूप प्रदान किया गया। अंत में समस्त शिक्षिकाओं ने सारे बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया तथा भावभीनी विदाई दी।

### रिपोर्ट कार्ड पाकर चहके नौनिहाल

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** प्राथमिक विद्यालय जगजीवनपुर अमरिया में बच्चों को परीक्षा फल का वितरण किया गया। प्रधानाध्यापक रफ्त फातिमा ने रिपोर्ट कार्ड देते हुए कहा कि बच्चों की जिंदगी में आज का दिन हृदय पटल पर छप गया। आज पांच क्लॉस से पास करने वाले बच्चे आगे बढे यही विद्यालय परिवार की ओर से सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं है। सहायक अध्यापक सारिका यादव ने कहा कि बच्चों को निरंतर कुछ नया सीखने के लिए कहा। कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर शिक्षामित्र रेनू शुक्ला और अभिभावक मौजूद रहे। उधर, डलमऊ ब्लॉक प्राथमिक विद्यालय आफताब नगर में 2024 का वार्षिकोत्सव विद्यालय में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

### दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी।** थाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ दुष्कर्म में वांछित चल रहे अभियुक्त को रोडवेज बस अड्डा के पास से अमेठी कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा है। बुधवार को अमेठी थाने के निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव मय हमराह द्वारा अपराध रोकथाम व अपराधियों के धरपकड़ के लिए संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चेकिंग अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 328/23 धारा 363,366,376 भादवि व 16/17, 3/4 पॉक्सो एक्ट थाना व जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त राहुल पुत्र राजीव कुमार निवासी कोरारी गिरधरशाह थाना व जनपद अमेठी को अमेठी रोडवेज बसअड्डा के पास से गिरफ्तार किया गया। थाना अमेठी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया है।

### तमंचा व कारतूस के साथ पकड़ा गया शातिर

**जगदीशपुर अमेठी।** पुलिस द्वारा अपराध एवम अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत उ0नि0 रामनाथ बौद्ध थाना कमरौली मये हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त धर्मेन्द्र पुत्र हौसिला प्रसाद निवासी ग्राम बाकी थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली उम्र करीब 25 वर्ष को मलावा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व दो जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। इस सम्बंध मे पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई जारी है।

### मनचले को किया गिरफ्तार

**अमेठी।** थाना अमेठी पुलिस द्वारा बुधवार को एन्टी रोमियो अभियान के अन्तर्गत रामलीला मैदान से बालिकाओं और महिलाओं पर अभद्र फब्तियां व गलत इशारे कर रहे मनचले युवक को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की गई हैं। एसपी के निर्देश पर जनपद अमेठी में महिलाओं व बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाये जा रहे मिशन शक्ति व एन्टी रोमियो अभियान के क्रम में कांस्टेबल अमृतलाल थाना अमेठी मय हमराह द्वारा रामलीला मैदान तिराहे अन्तू रोड के पास से बाजार में आने जाने वाली महिलाओं व बालिकाओं पर अभद्र फब्तियां कसने व गलत इशारे करने वाले व्यक्ति अंशू पुत्र संतराम मौर्य निवासी ग्राम दुरई का पुरवा थाना संग्रामपुर व वर्तमान पता गंगागंज वार्ड नम्बर 10 थाना व जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष को रंगेहाथ मौके पर महिलाओं व बालिकाओं पर अभद्र फब्तियां कसते गिरफ्तार किया गया। थाना अमेठी पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त पर धारा 294 भादवि के तहत विधिक कार्रवाई की गयी है।

### ईसाई धर्म का प्रचार कर रहे लोगों को पकड़ा बाद में छोड़ा

**महराजगंज, रायबरेली।** ईसाई धर्म का घर-घर जाकर प्रचार कर रहे लोगों के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों ने ईसाई धर्म की किताब बांट रहे करीब आधा दर्जन लोगों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। मामला कोतवाली क्षेत्र के कुशमहुरा गांव का है। जहां संजय नाम का युवक अपनी पत्नी प्रीति व आधा दर्जन साथियों के साथ घर-घर जाकर ईसाई धर्म का प्रचार प्रसार कर रहा था। लोगों को बाइबल, भजन संग्रह सहित पूजा पाठ की अन्य किताबें दे रहा था। जैसे इसकी सूचना ग्रामीणों को लगी ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने सभी को पकड़कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। प्रकरण में कोतवाल बालेन्दु गौतम ने बताया की कुछ लोग अपने धर्म का प्रचार प्रसार कर रहे थे, पूछताछ में धर्म परिवर्तन की कोई बात सामने नहीं आई जिस पर सभी कों छोड़ दिया गया।

### गंगा एक्सप्रेस वे स्क्रैप खरीद में पकड़ी गई बड़ी कर चोरी

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे के स्कैप खरीद फरोख्त में बड़ी कर चोरी सामने आई है। इस मामले का खुलासा उस समय हुआ, जब आपसी विवाद के बाद दो ट्रक सरिया पुलिस ने पकड़ लिया। अब पुलिस ने वाणिज्य कर विभाग को मामले की सूचना दी है। गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण में बड़े पैमाने पर मोटी लोहे की सरिया आदि को काटकर लगाया जाता है। कटिंग में जो सरिया निकलती है, उसे स्क्रैप के रूप के बेचा जाता है। प्रतिदिन सैकड़ों टन स्क्रैप ट्रकों में लादकर ले जाया जाता है, जिसमें कम वजन की पर्ची बनाई जाती है, जबकि उसके दूना वजन का लोहा लादकर जीएसटी और अन्य करों की चोरी की जाती है। इस बड़ी कर चोरी का खुलासा बुधवार को हुआ है। दरअसल स्क्रैप खरीदने वाले दो लोगों में आपसी विवाद हो गया था। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। उसके बाद एक ट्रक स्क्रैप पुलिस कोतवाली लाई गई, जबकि एक अन्य ट्रक स्क्रैप को क्षेत्र में एक स्थान पर खड़ा कर दिया। बाद के दोनो पक्षों में सुलह हो गया। उसके बाद पता चला कि दोनो ट्रकों में 17 - 17 टन स्क्रैप लदा होने की पर्ची है, जबकि दोनों वाहनों पर करीब 40-40 टन स्क्रैप लदा हुआ है।

## ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**जगदीशपुर, अमेठी।** मजदूरी करने जा रहा साइकिल सवार को तेज रफ्तार आ रही ट्रक ने टक्कर मार दिया जिसे उपचार है सीएससी में भर्ती करने पर हालत गंभीर देखकर चिकित्साकों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जिसकी रास्ते में मौत हो गई। थाना क्षेत्र जगदीशपुर जायस रोड आनंदनगर चौराहा के निकट घटना उसे वक्त घटी जब रामबरन उम्र लगभग 40 वर्ष पूरे गोसाई सौना थाना कमरौली निवासी साइकिल द्वारा मजदूरी करने जा रहे थे अचानक तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने साइकिल में टक्कर मार दिया जिससे घायल होकर रोड पर गिर गया जिसे उपचार है सीएससी में भर्ती कराया गया जहां चिकित्साको ने हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया परंतु मजदूर की रास्ते में मौत हो गई घटना की सूचना पहुंची पुलिस ने शव को पंचनामा करके पीएम के लिए भेजा। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि ट्रक को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश जारी है।

## मुसाफिरखाना में चुनाव को लेकर भाजपा की हुई बैठक




मुसाफिरखाना अमेठी

**अमृत विचार।** कस्बे के आदर्श सेवा समिति में भाजपा मंडल अध्यक्ष महेन्द्र कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए भाजपा की एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय सांसद स्मृति ईरानी को विजयी बनाने को लेकर किया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि विजय गुप्ता, जिला महामंत्री केशव सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश गुप्ता, जिला मंत्री अतुल सिंह, प्रभात शुक्ला विधानसभा विस्तारक धीरज शुक्ला, ओमप्रकाश पांडेय, जय विंद सिंह, राधेश्याम शुक्ल, सर्वेश सिंह, सुरेश तिवारी, संतोष कुमार श्रीवास्तव, लव कुश चौरसिया, श्री राम कौशल, जीत बहादुर सिंह, शैलेंद्र प्रताप सिंह, राम उजागिर पांडेय, संजय धुरिया, सूर्या तिवारी, विजय शंकर तिवारी, वंदना, आशा सहित सभी शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक एवं बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## नपं में धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मुसाफिरखाना, अमेठी, अमृत विचार।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने नगर पंचायत कार्यालय से गृहकर रजिस्टर चोरी कर व धोखाधड़ी करते हुए कूट रचित कागजात तैयार करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के मुताबिक स्थानीय नगर पंचायत कार्यालय में तैनात कर्मी राधेराम वर्मा की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी आकाश कुमार पुत्र राजेश कसौंधन निवासी वार्ड नं 05 मोहल्ला गल्ला मंडी मुसाफिरखाना को मय हमराही पकड़ कर एक अदद गृहकर रजिस्टर वर्ष 1997 से 2002 तक का एक अदद फोटो कॉपी पेज संख्या 33 व एक प्रार्थना पत्र के साथ कोतवाली पुलिस को सुपुर्द किया। जिसके बाद आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित करीब आधा दर्जन गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया।

## तेल व गैस उद्योग की भूमिका विषय पर वक्ताओं ने रखे विचार

फुरसतगंज अमेठी

**अमृत विचार।** राजीव गाँधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान में बुधवार को ऊर्जा संक्रमण- सुस्थिर पथ विषय पर कार्यशाला एवं ऊर्जा संक्रमण के युग में हाइड्रोकार्बन क्षेत्र, उद्योग-अकादमिक पैनल चर्चा कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के पेट्रोलियम इंजीनियरिंग व भूभौतिकी अभियांत्रिकी विभाग व गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम केन्द्र द्वारा भारत सरकार के विज्ञान व इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड के सहयोग से किया गया है।

कार्यक्रम में एसएनपी ग्लोबल के शोध व विश्लेषण अनुभाग के निदेशक श्री कलोल साहा ने ऊर्जा संक्रमण- विलय व अधिग्रहण विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये। जबकि आईआईटी चेन्नई के वरिष्ठ आचार्य प्रो. जी सुरेश कुमार ने वैश्विक ऊर्जा संक्रमण के युग में तेल व गैस उद्योग की भूमिका विषय पर विचार रखे। ऑयल मैक्स एनर्जी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. रबी बस्तिया ने कोयला से हरित भविष्य- तेल व गैस के साथ ऊर्जा संक्रमण का मार्ग प्रशस्तीकरण विषय पर अपने विचार रखे और कहा कि हमारे सामूहिक प्रयासों से ही भारत को एक नेट जीरो देश के रूप में विकसित किया जा सकता है। इसके लिए गहन शोध के साथ वैश्विक निवेश एवं प्रौद्योगिकी नवोन्मेष के क्षेत्र में कार्य किये जाने की आवश्यकता होगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रामसाण्डा वि0ख0 ऊंचाहार, रायबरेली**

पत्रांक: मेमो/मनरेगा 2023-24 टेंडर/कोटेशन आमंत्रण सूचना दिनांक: 01.04.2024

महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना के अंतर्गत कराये जाने वाले निम्न कार्य हेतु इंटरलाकिंग ईट, एम-150 व एम- 275 ईट, 40 एमएम ईट गिट्टी, लोकल सैंड, कोर्स सैंड, फाइन सैंड, 20 एमएम स्टोन ग्रिड, सरिया, सीमेंट कार्टेज इत्यादि सामग्री का टेंडर/कोटेशन ग्राम पंचायत कार्यालय में उपलब्ध करा दें। विशेष जानकारी हेतु कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु0 धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | इण्टरलॉकिंग निर्माण शिवदर्शन मौर्य के दरवाजे से मंदिर तक | 3.90 लाख | 500.00 |

निविदा प्रपत्र दिनांक 02.04.2024 से दिनांक 12.04.2024 नगद भुगतान करके ग्राम पंचायत कार्यालय कार्य दिवस में 10:00 बजे से 4:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। निविदा निविदादाता/ आपूर्तिकर्तागणों या उसके प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा उसी दिन शाम 4:30 बजे खोली जायेगी।

ग्राम प्रधान ग्रा0वि0अ0/ग्रा0पं0अ0

## निजी अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत

गौरीगंज, अमेठी

- परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का लगाया आरोप
- जिला अस्पताल रेफर करने के दौरान महिला मरीज की हुई मौत

**अमृत विचार।** अमेठी में निजी अस्पताल में ऑपरेशन करने आई महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई है महिला की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है विरोध प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है।

वहीं अब स्वास्थ्य महकमा पूरे मामले की जांच कर रहा है. अर्जुन का रूप है कि गलत इंजेक्शन लगाने के कारण महिला की मौत हुई है जिसका जिम्मेदार अस्पताल प्रशासन है।

दरअसल पूरा मामला अमेठी जिले गौरीगंज जिला मुख्यालय के केया हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर का है जहां गौरीगंज के ठाकुर के पुरवा सरायहृदयशाह गांव की रहने वाली 30 वर्षीय कंचन अपना आपरेशन कराने कें लिए सुबह 11 बजे केया हॉस्पिटल पहुंची थी ऑपरेशन थिएटर में ले जाने के बाद एक इंजेक्शन लगाते ही उनकी तबीयत बिगड़ने लगी जिसके बाद चिकित्सकों ने हाथ खड़ा कर दिया जिसके बाद चिकित्सकों के कहने पर आनन फानन में परिजनों ने उन्हे अस्पताल में मौजूद एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लेकर जा ही रहे थे इस दौरान जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही महिला कंचन की मौत हो गई है।

### परिजनों ने कहा

वहीं महिला की मौत होते परिजनों में कोहराम मच गया अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजनों ने अस्पताल का घेराव कर लिया वहीं मृतक महिला कंचन के पति ने आरोप लगाते हुए कहा की मेरी पत्नी कंचन अस्पताल में आपरेशन के लिए आई थी यहां डाक्टरों ने पता नहीं कौन सी सुई लगा दी की मेरी पत्नी की मौत हो गई है मेरी पत्नी की मौत का जिम्मेदार अस्पताल प्रशासन है।

### सीएमओ ने कहा

वहीं पूरे मामले पर सीएमओ अंशुमान सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है कि महिला की मौत हुई है महिला की मौत कैसे हुई इसकी जांच कराई जा रही है तीन सदस्य टीम में जांच करने के बाद जो भी विधिक कार्रवाई होगी वह की जाएगी।

## स्मृति ने कहा- वादा किया पूरा, अमेठी से बनी मतदाता

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अमेठी में अपना आशियाना बनवाने के बाद अब अमेठी की मतदाता भी बन गई हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में स्मृति ईरानी ने अमेठी की जनता से यहाँ आशियाना बनवाकर निवास करने का वादा किया गया था और जीत के बाद अपना वादा पूरा करते हुए स्मृति ईरानी ने 22 फरवरी 2021 को गौरीगंज तहसील क्षेत्र के मेदन मवई गांव में 11 बिसवा जमीन को आवास निर्माण के लिए खरीदी।

29 जुलाई 2021 को स्मृति ईरानी के पुत्र जोहर ईरानी ने यहां पर विधिवत भूमि पूजन कर आवास की आधारशिला रखी, जिसके बाद आवास बनकर तैयार हुआ। आवास बनवाने के बाद अब स्मृति ईरानी अमेठी की वोटर भी बन गई हैं। इसके पहले अमेठी से सांसद रहे रविंद्र प्रताप सिंह और डॉ. संजय सिंह के बाद स्मृति ईरानी तीसरी सांसद हैं जो अमेठी की वोटर बनी हैं।

### बीती 22 फरवरी 2024 को स्मृति ने किया था गृहप्रवेश

आवास बनने के बाद खिचड़ी भोज, होली मिलन, एकदिवसीय राम कथा के साथ ही प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम और कारसेवकों का सम्मान कार्यक्रम इसी आवास पर आयोजित किया गया था। 22 फरवरी को उन्होंने इस आवास में गृह प्रवेश किया, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा के दिग्गज नेता शामिल हुए थे। अब स्मृति ईरानी अपने उसी गांव के बूथ की वोटर भी बन गई हैं। सांसद अब कंपोजिट विद्यालय लीला टिकरा पर अपना मतदान करेंगी। पिछले चुनाव में स्मृति ईरानी 27 मुंबई उत्तर पश्चिम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से वोटर थीं।




### अमेठी की जनता को मानती हैं परिवार

केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि सांसद स्मृति ईरानी अमेठी को अपना परिवार मानती हैं। अमेठी परिवार के बीच रहने के लिए ही उन्होंने यहां अपना आवास बनवाया है। आवास बनने के साथ ही स्मृति ईरानी ने अमेठी से खुद को मतदाता बनाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी थी। औपचारिकताएं पूरी होने के साथ ही वह अमेठी संसदीय क्षेत्र के गौरीगंज विधान सभा क्षेत्र के मेदन मवई गांव के 347 बूथ संख्या की मतदाता बन गई हैं। अमेठी से मतदाता बनने पर स्मृति ने खुशी जताते हुए इसे अपने जीवन की बड़ी उपलब्धि बताते हुए विश्वास जताया है कि इससे हमारे रिश्तों को अमेठी में और मजबूती मिलेगी।

## कोयला भट्ठी संचालकों को थमाई नोटिस

तिलोई अमेठी

**अमृत विचार।** वन रेंज तिलोई क्षेत्र में मानकों को ताक पर रखकर बगैर नवीनीकरण के संचालित की जा रही अवैध कोयला भट्ठी पर प्रभागीय वनाधिकारी अमेठी द्वारा कड़ा रुख अख्तियार किया गया है। प्रभागीय वनाधिकारी अमेठी द्वारा लगभग चार दर्जन अवैध कोयला भट्ठी संचालकों को नोटिस थमाते हुए उत्तर प्रदेश कोयला भट्ठी स्थापना एवं विनियमन नियमावली 2010 के शर्तों का अनुपालन करते हुए कोयला भट्ठी लाइसेंस का नवीनीकरण कराने का निर्देश जारी किया है।

प्रभागीय वनाधिकारी अमेठी द्वारा रेंज तिलोई के शिवरतगंज, रस्तमाऊ, ढोंकरपुर, सेमरौता, इन्हौना, कुकहा रामपुर, कैथागाव, पूरे जहाँन, मियागंज, अकबरपुर फर्शी, आदि विभिन्न स्थानों पर मानक को ठेंगा दिखाते हुए कोयला भट्ठी का लाइसेंस जारी किया गया है। कोयला भट्ठी संचालकों लाइसेंस धारकों द्वारा उत्तर प्रदेश कोयला भट्ठी स्थापना एवं विनियमन नियमावली 2010 में निहित की गई मानकों को दरकिनार करते मानक के अनुरूप कोयला भट्ठी बनवा रखे हैं तथा विभाग द्वारा नोटिस मिलने के पश्चात भी डंके के चोट पर कोयला भट्ठी को संचालित कर जहरीला धुँआ उगल रही है तथा इन भट्ठियों का लाइसेंस की अवधि दिसंबर माह में ही समाप्त हो चुका है व संचालकों द्वारा लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं करवाया गया है।

विभाग द्वारा कागज़ के चंद टुकड़ों की खातिर लाइसेंस रेवड़ी की तरह बांटा गया है। इन भट्ठियों का भौतिक सत्यापन व स्थालीय निरीक्षण किये बिना ही लाइसेंस जारी कर दिया गया है। जिससे कई कोयला भट्ठी तो विद्यालय व मदरसा एवं आबादी व वन क्षेत्र की सीमा में लगी देखी जा सकती है। लेकिन भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे महकमे के खेवनहारों के कानों में जूं नहीं रेंगी और कुंभकर्णी नींद में सोते रहे है। प्रभागीय वनाधिकारी अमेठी रणवीर मिश्र से जब दूरभाष के माध्यम से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि उत्तरप्रदेश कोयला भट्ठी एवं विनियमन नियमावली 2010 में निहित की गई मानकों का पालन करते हुए कोयला भट्ठी लाइसेंस का नवीनीकरण किया जायेगा यदि कोई भी कोयला भट्ठी लाइसेंस धारक उत्तर प्रदेश कोयला भट्ठी एवं विनियमन नियमावली 2010 के मानकों का पालन किये बिना या बिना नवीनीकरण के यदि कोई भी भट्ठी संचलित करते हुए पाया जाता हैं तो लाइसेंस निरस्त करते हुए उस भट्ठी संचालक के ऊपर कठोर कार्यवाही करते हुए भट्ठी को नष्ट कर दिया जायेगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**NOTICE**

AS in all the records of Aadhar, PAN, License and Election ID spelling of my name is "Pooja Sahu' D/o Rakesh Sahu R/o Ramleela Road, Sewak Sadan, Banda 210001 (U.P.) So it may please be noted in my High school of U.P. Board marksheet 2001 Roll No.-5186301 to name is misspelled as Puja Sahu.

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम बुद्धिराम से बदलकर बुद्धिराम यादव रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **-बुद्धिराम यादव पुत्र लालचन्द यादव, निवासी- ग्राम काशीपुर, पोस्ट- जोगिया बुजुर्ग, थाना- रुद्रपुर, जिला देवरिया**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **विश्वेन्द्र सिंह पुत्र श्याम बिहारी सिंह, निवासी-551क/जी 055, आजाद नगर रोड, आलमबाग लखनऊ,** मेरा हाईस्कूल का अंक पत्र रोल नं0-1131034 वर्ष 2011 तथा इण्टरमीडिएट का अंक पत्र रोल नं0-0936012 वर्ष 2013 का मूल अंक पत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे आर्मी के रिलेशन सर्टिफिकेट / सर्विस बुक नम्बर 15684447K रैंक SIGMN -Name-Rajiv में मेरी पत्नी का नाम शुधा (Shudha Devi ) लिखा है जो गलत है जबकि सही नाम सुधा देवी (Sudha Devi) है। मेरी पत्नी का नाम सुधा देवी (Sudha Devi) पढ़ा व जाना जाये। **-राजीव पुत्र अरविंद सिंह, नि0-नवीन बस्ती पूर्वी बिधूना, थाना-बिधूना, तहसील-बिधूना, जनपद -औरैया**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा वर्ष 2014 हाईस्कूल अंकपत्र सह प्रमाणपत्र अनुक्रमांक 1326388 व वर्ष 2016 इण्टरमीडिएट अंकपत्र सह प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 1010181 वास्तव में कहीं खो गया है। अथक प्रयास करने के बावजूद नही मिल सका है। **आकाश वर्मा पुत्र श्री ओमप्रकाश निवासी-पटेल नगर पूर्वी कस्बा व थाना माधौगंज हरदोई।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि मैने अपना नाम शादाब के स्थान पर शादाब सिद्दीकी रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **-शादाब सिद्दीकी पुत्र सहिद अली ग्राम परेवाटार, पोस्ट अहिरौली बाजार, थाना कसया जिला कुशीनगर।**



**आवश्यकता है**

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित अमृत विचार को

रिपोर्टर /सब एडिटर/सीनियर सब एडिटर की

न्यूनतम योग्यताः- स्नातक

मुख्यधारा के अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव

वेतन :- योग्यता अनुसार

बायोडाटा भेजें:-

hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली



**24वां रोजा**

सहरी : 04 .37बजे, शुक्रवार

इफ्तार : 06 .28 बजे, गुरुवार

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# शत-प्रतिशत मतदान से ही मजबूत होगा लोकतंत्र

## जिला निर्वाचन अधिकारी व एसपी ने लोगों को मताधिकार के बताये फायदे, कहा- जरूर करें वोट

हरदोई,

**अमृत विचार।** मतदान करने से लोकतंत्र और मज़बूत होता है, इसके लिए मत को अपना अधिकार समझ कर शत-प्रतिशत मतदान करें। बुधवार को शहर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। उससे पहले जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी एमपी सिंह व एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई। उच्च प्राथमिक विद्यालय बरहा के बच्चों ने गांव में रैली निकाल कर ग्रामीणों को मतदान करने के लिए जागरूक किया।

'स्वीप योजना' के तहत बुधवार को शहर में दोपहिया मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इससे पहले डीएम एमपी सिंह व एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया। चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करने के इरादे से चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को शहर में मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। दोपहिया रैली में शामिल हुए मतदाता एक-एक मतदाता को पहले मतदान फिर जलपान का नारा देते हुए उन्हें जागरूक किया। रैली रवाना करने से पहले परेड ग्राउंड में इकठ्ठा हुए मतदाताओं को डीएम श्री सिंह व एसपी ने शपथ दिलाई। रैली ने शहर में घूम-घूम कर लोगों को जागरूक किया। इस बीच सीडीओ सौम्या गुरुरानी, सीओ सिटी अंकित मिश्रा के अलावा एसएचओ कोतवाली शहर संजय पाण्डेय की टीम के अलावा तमाम मतदाता शामिल हुए। विकास खंड सुरसा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय बरहा के बच्चों द्वारा गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। बच्चों ने गांव के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका मंजू वर्मा, पंचायत सचिव राजेश वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि उदय पाल सहित विद्यालय परिवार मौजूद रहा। माधौगंज के उच्च प्राथमिक विद्यालय माधौगंज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार देशराज भारती, नायब तहसीलदार मल्लावां यशवंत सिंह एवं खंड शिक्षा अधिकारी माधौगंज गिरजेश कटियार मौजूद रहे।




मतदाता जागरूकता रैली की अगुवाई करते जिला निर्वाचन अधिकारी एमपी सिंह व एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी। अमृत विचार

### उड़न दस्ते ने मजिस्ट्रेट के सामने गाड़ियों को रोककर ली तलाशी

**हरदोई, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग के एक्शन मोड में रहने से हर तरफ अलर्ट है। उसी कड़ी में बुधवार को पुलिस टीम ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में हर आने-जाने वाली गाड़ियों की तलाशी, हां लेकिन उस बीच फिलहाल कुछ हाथ नहीं लगा। बुधवार को मजिस्ट्रेट नितिन मिश्रा के साथ उड़न दस्ते में शामिल बघौली थाने में तैनात एसआई विनोद द्विवेदी,मिथुन मिश्र व पूजा त्रिपाठी अपनी टीम पूरी तरह से अलर्ट देखी गई। आयोग के कड़े निर्देशों पर अमल करते हुए हर आने-जाने वाली गाड़ियों को रोक-रोक उनकी तलाशी ली गई। जैसा कि चुनाव आयोग की मंशा है कि चुनाव में काले धन या फिर कोई अवैध सामग्री के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए इस तरह का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान गाड़ियों की तलाशी के दौरान देखा गया कि हर एक के चेहरे पर हवाइयां उड़ रही थी।

### एसडीएम व सीओ ने मतदान केन्द्रों पर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**सण्डीला, हरदोई, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए एसडीएम व सीओ ने संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों का जायजा लिया। लोकसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र के मलेहरा, दुर्गा खेड़ा, प्राथमिक विद्यालय अटवा सहित अन्य मतदान केन्द्रों में एसडीएम तान्या सिंह, सीओ शिल्पा कुमारी ने थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह के साथ मतदान केन्द्रों का जायजा लिया। जिसमें मतदाता बूथों पर बिजली, पानी, शौचालय, मार्ग, रैंप आदि की जानकारी प्राप्त की। मतदान केन्द्रों पर कमियों को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए।

### पहले मतदान-फिर करें जलपान

**हरदोई, अमृत विचार।** मतदाता जागरूकता रैली के दौरान बावन ब्लाक की ग्राम पंचायत रारा में निकाली गई। बुधवार निकाली गई रैली में लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। साथ ही जनता से अपील करते हुए कहा गया कि अधिक से अधिक मतदान का प्रयोग करें 'पहले मतदान' फिर जलपान' का नारा दिया गया। मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए लोगों से संपर्क किया गया। इसी दौरान लोगों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई। बीडीओ डा. राम प्रकाश ने बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ से कहा कि मतदान से दो दिन पूर्व घर-घर जाकर वाटर पर्चे वितरित करें।एडीओ पंचायत प्रदीप कुमार ,राकेश कुमार पाल ( ग्राम विकास अधिकारी ) ग्राम रोजगार सेवक केपी कुशवाहा , पंचायत सहायक प्रदीप कुमार, प्रभा सिंह आंगनबाड़ी, कमला देवी आंगनबाड़ी,आंगनबाड़ी लक्ष्मी देवी, जितेंद्र कुमार,समूह सखी रिंकी,प्राइमरी पाठशाला रारा के अध्यापक के साथ-साथ, ग्राम प्रधान संदीप वर्मा,सीएचओ बावन रेखा शर्मा व ग्रामीण मौजूद रहे।

### बच्चों ने पोस्टर के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए किया जागरूक

**हरदोई, अमृत विचार।** मंगली पुरवा स्थित श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में आगामी लोकसभा चुनाव में विद्यालय के सभी बच्चों ने पोस्टर स्लोगन के माध्यम से अपने माता-पिता व आस पड़ोस के सभी लोगों को सौ फीसदी चुनाव करने के लिए जागरूक किया तथा सभी लोगों से या अपील की। मतदान में अपना पूर्ण सहयोग दें और सभी लोगों को अपना शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करें। विद्यालय के संस्थापक अखिलेश सिंह ने कहा कि देश के हर नागरिक को मतदान में अपना पूर्ण सहयोग देना चाहिए तथा और सभी लोगों को भी जागरूक करना चाहिए। विद्यालय के प्रबंधक मुकेश सिंह ने बताया कि विद्यालय के बच्चे लगातार होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सभी लोगों से पोस्टर के माध्यम से निबंध के माध्यम से तथा स्लोगन के माध्यम से सभी लोगों को जागरुक कर रहे हैं इसलिए आप लोग भी अपना पूरा सहयोग दें।




मंगली पुरवा स्थित श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में मतदाता जागरूकता स्लोगन लिए छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## एक नजर

### किसान पंचायत कल

**हरदोई, अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन ( भानू ) के जिलाध्यक्ष समर सिंह के नेतृत्व में किसान समस्याओं को लेकर एक किसान पंचायत कचेहरी परिसर में की जायेगी। तत्पश्चात आठ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला प्रशासन को दिया जायेगा। आचार संहिता खत्म होने के बाद भीषण आन्दोलन शुरू किया जायेगा। अगर आचार संहिता खत्म होने के पहले उनकी मांगों को पूरा न किया गया तो उस बीच कोई भी घटना घटित होती हैं तो उसकी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी।

### पुरस्कार देकर बच्चों को किया सम्मानित

**हरदोई अमृत विचार।** विकास खंड सुरसा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय बरहा में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक के सेक्रेटरी राजेश कुमार एवं ग्राम प्रधानपति उदय प्रताप पाल, एसएमसी अध्यक्ष हरिश्चंद्र की मौजूदगी में प्रभारी प्रधानाध्यापक मंजू वर्मा ने कक्षा 8 के सभी बच्चों को कक्षा 6 और 7 की बालिकाओं के द्वारा रोली- टीका और मुंह मीठा कराकर उनका अभिनंदन किया। तत्पश्चात उन सभी को संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और साथ ही उनको बच्चों को नेक रास्ते पर चलने के साथ-साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। कक्षा में प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किये सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान पति ने बच्चों को बताया कि कभी भी किसी प्रकार की कोई भी बाधा उनकी शिक्षा में आये तो वह सदैव उनकी मदद के लिए तैयार हैं। सेक्रेटरी राजेश ने बच्चों, उनकी शिक्षा व्यवस्था तथा प्रधानाध्यापिका की तहे दिल से सराहना की। बताया गया कि बरहा का यह विद्यालय जनपद में ही नहीं प्रदेश में भी एक अपनी पहचान रखता है। सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# शाहाबाद में गर्दन में चाइनीज मांझा फंसने से अधेड़ घायल, अस्पताल में भर्ती

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** हरदोई से दवा लेकर लौट रहे बाइक सवार अधेड़ की गर्दन में मांझा फंस गया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। 108 एंबुलेंस के माध्यम से घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

मंझिला थाना क्षेत्र के ग्राम जमालपुर निवासी लेखराज (50) हरदोई से दवा लेकर बाइक से वापस लौट रहे थे। लेखराज के साथ उनका पुत्र भी था। महुआ टोला चुंगी पर अचानक उनकी गर्दन में चाइनीज मांझा फंस गया और जिससे उनके मुंह पर गंभीर चोटे आई और लहूलुहान हो गए। खून ज्यादा निकलने के कारण लेखराज बेसुध हो गए। उन्हें 108 एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। सुबह तकरीबन 10 बजे के वक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के फार्मासिस्ट शिवम कश्यप चाइनीस माझा का शिकार हुए और गंभीर रूप से जख्मी हुए। कोतवाली पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र भी फार्मासिस्ट द्वारा दिया गया। बता दें क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा ने प्रतिबंधित चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध लगाने के लिए मांझा विक्रेताओं को कोतवाली में बुलाकर प्रतिबंधित मांझे की बिक्री न करने की चेतावनी दी थी, लेकिन क्षेत्राधिकारी की चेतावनी का मांझा विक्रेताओं पर कोई असर नहीं पड़ा। धड़ल्ले के साथ चाइनीस माझा बेचा जा रहा है।



चाइनीज मांझे से लहूलुहान लेखराज।

## रोजा इफ्तार का आयोजन

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** नगर के 20 रमज़ान खानकाहे नसीरीया चिश्तिया बिलग्राम शरीफ में रोज़ा इफ्तार हुआ व 21 रमज़ान की शब नसीरी मस्जिद में हाफ़िज़ महताब आलम नसीरी ने तराविह में कुरआन पाक मुकम्मल किया। उसके बाद दुआ हुई व ज़िक्र शहादत-ए-मौला अली अलैहिस्सलाम हुआ। हज़रत सरकार सैय्यद अफसर मियां ने बताया कि मौला अली अलैहिस्सलाम 21 रमज़ान को शहीद हुए।



## जर्जर लाइन को बदलने के लिए बजट स्वीकृत, जल्द होगा कार्य

**हरदोई, अमृत विचार।** गर्मी बढ़ते ही जर्जर विद्युत लाइन होने के कारण तार टूटने व फेस उड़ने की वजह से विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही है। वहीं फसल में आग लगने व पशु-जनहानि की संभावना, लो वोल्टेज की समस्या आदि समस्याओं के कारण आम जनमानस के सामने समस्या खड़ी है। ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत की मांग पर सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल ने उच्च अधिकारियों को तत्काल जर्जर विद्युत लाइन बदलवाने का निर्देश दिया। बताते चलें कि कछौना विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत कई ग्रामों को विद्युत आपूर्ति के लिए विद्युत लाइन गई है। यह विद्युत लाइन काफी पुरानी व जर्जर हो चुकी है, जिसके कारण आए दिन तार टूटने की घटनाएं होती रहती हैं। तार काफी ढीले व जर्जर हैं। तार टूटने के कारण किसान की कड़ी मेहनत से तैयार खड़ी फसल स्वाहा हो जाती है, तो वहीं पशुहानि व जनहानि की प्रबल संभावना बनी रहती है। गेंहू की फसलों में आग लगने की घटनाओं की प्रमुख वजह भी जर्जर विद्युत तार हैं। ग्राम प्रधानगण व क्षेत्र पंचायतगण की मांग पर सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल ने तत्काल उच्च अधिकारियों को जर्जर विद्युत लाइन बदलवाने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी ने बताया कि जर्जर लाइन को बदलने के लिए बजट धनराशि स्वीकृत हो गई है। कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। कई क्षेत्रों की जर्जर विद्युत लाइन बदल गई है। शेष ग्राम सभा क्षेत्र का कार्य चल रहा है।

**फसल** | तेज धूप के कारण भोर होते ही खेतों में पहुंच जाते हैं महिला-पुरुष

# किसानों ने शुरू की गेहूं की कटाई

हरदोई, अमृत विचार

कड़ी मशक्कत के बाद तैयार हुई गेहूं की फसल काटने के लिए किसानों के परिवारों ने खेतों पर डेरा डाल दिया है। दिन चढ़ने के साथ धूप का बढ़ना भी शुरू हो जाता है, इसलिए भोर होते ही फसल काटने के लिए किसान खेतों पर पहुंच जाते हैं। लगातार बढ़ रहे तापमान के कारण फसल की कटाई का काम बहुत तेजी से चल रहा है। हालांकि अभी गेहूं पूर्ण रूप से विकसित नहीं हो सका था, लेकिन गर्म मौसम की वजह से गेहूं का पकना शुरू हो गया। आए दिन आसमान में बादल आने से किसान और भी चिंतित हैं। मौसम की गड़बड़ी को देखते ही खेतों में गेहूं की फसल की कटाई का काम तेजी से शुरू हो गया है। महिला-पुरुष से लेकर बच्चे तक खेतों पर मेहनत का फल इकट्ठा करने में लगे हुए हैं।

बुधवार को जिले का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बढ़ रहे तापमान के कारण गेहूं की कटाई काफी तेजी से शुरू हो गई है। हालांकि बड़ी जोत के किसान मशीनों से कटाई-मड़ाई का काम कराते हैं, लेकिन अभी भी अधिकांश खेतों में कटाई का काम किसानों द्वारा किया जाता है। मशीन से कटाई और फिर मड़ाई कराने से बेहतर है कि हाथ से काटा जाए।



खेतों पर गेहूं की कटाई करते किसान। अमृत विचार

VAMCRH
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंक: -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**

## एक नजर

### मारपीट में दो दोषियों को तीन-तीन साल की कैद

**हरदोई, अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश सपना त्रिपाठी ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में दो आरोपियों को जुर्म साबित होने पर तीन-तीन साल की कैद की सजा सुनाई है। जज ने इन आरोपियों पर नौ-नौ हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। थाना संडीला क्षेत्र के ककराली निवासी महेश और रिंकू ने 12 जून 2007 को गांव के ही हीरालाल व उसके भाई मेवालाल पर लाठी डंडों से बार करके उसे गंभीर चोटें पहुंचाई। इस मामले की रिपोर्ट घायल हीरालाल ने दर्ज कराई थी। सत्र न्यायाधीश ने दोनों आरोपियों पर जुर्म साबित पाया और उन्हें सजा सुनाई।

### विधवा ने पिटाई कर घर से निकालने का लगाया आरोप

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेझा निवासी महिला ने परिवार वालों पर मारपीट कर घर से निकाल देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के ग्राम बेझा निवासी निशा पत्नी स्वर्गीय महेश चंद ने बताया पति के देहांत के बाद वह मेहनत मजदूरी कर पेट पाल रही है। उसकी सास नन्ही पत्नी रामदयाल, देवर ब्रजेश, जेठ रघुराई और जेठानी रश्मी आदि मकान, खेत आदि में कब्जे की नीयत से उसे हिस्सा नहीं दे रहे हैं। हिस्सा मांगने पर गाली गलौज करते हैं। मंगलवार को शाम को विपक्षियों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया और दोबारा घर में घुसने पर जान से मार डालने की धमकी दी है।

### नाबालिग को भगा ले जाने पर चार के खिलाफ रिपोर्ट

**मल्लावां, हरदोई।** क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने कोतवाली दिए प्रार्थना पत्र बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को गांव निवासी युवक 30 मार्च को भगा ले गया। गांव के तीन युवकों पर साजिश रच कर भागने का आरोप लगाया है। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ फुसलाकर कर भाग ले जाने का मुकदमा दर्ज किया है।

# आईजीआरएस पर आईं शिकायतों का फर्जी निस्तारण

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस अधिकांश आईजीआरएस के माध्यम से की गई शिकायतों का फर्जी निस्तारण करके अपनी पीठ थपथपा रही है। जबकि हकीकत इसके ठीक विपरीत है। कोतवाली पर पहुंचने वाले अधिकांश फरियादियों की जब दबाव के चलते नहीं सुनी जाती है तब वह अपनी फरियाद आईजीआरएस के माध्यम से करता है, लेकिन फरियाद कोतवाली में आने के बाद पीड़ित के साथ फोटो खींचकर बिना पीड़ित के जानकारी में ही अधिकांश शिकायतें निस्तारित कर दी जाती है। फीडबैक के माध्यम से ऐसी तमाम जानकारियां सामने आई हैं।

शाहाबाद कोतवाली के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र में होने वाले विवादों को लेकर जब फरियादी थाने आते हैं तो दबाव वश अधिकांश फरियादियों की फरियाद नक्कारखाने में तूती की आवाज बन कर रह जाती है। मजबूर होकर उसे उच्च अधिकारियों और शासन को आईजीआरएस करनी पड़ती है लेकिन फर्जी निस्तारण में महारत हासिल करने वाली कोतवाली पुलिस अधिकांश आईजीआरएस की शिकायतों को फरियादियों को थाने बुलाकर, फोटो खींचने के बाद फर्जी तरीके से निस्तारित कर देती है, या फिर दबाव बनाकर फरियादी से हस्ताक्षर करवा लिए जाते हैं। लेकिन जब फीडबैक की जानकारी मांगी जाती है तो अधिकांश लोग यही कह देते हैं कि कोतवाली में उनकी सुनी नहीं गई और मनमाने ढंग से दबाव बनाकर उनकी शिकायत का निस्तारण कर दिया गया। ऐसे तमाम प्रमाण है और ऐसे तमाम फरियादी हैं जिन्होंने ऐसी शिकायतें की हैं। यह चलन पिछले चार माह से कोतवाली में लगातार चल रहा है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा ने रुख थोड़ा कड़ा किया है। अभी तक क्षेत्राधिकारी की कुर्सी खाली थी। तीन माह तक क्षेत्राधिकारी के न आने की वजह से कोतवाली में मनमानी के साथ काम होता रहा, लेकिन क्षेत्राधिकारी के आने के बाद कोतवाली की मनमानी पर थोड़ा अंकुश जरूर लगा है, और धीरे-धीरे आइजीआरएस के द्वारा फरियाद करने वाले फरियादियों की संख्या भी कम हो रही है, क्योंकि जिस फरियादी की फरियाद कोतवाली में नहीं सुनी जाती है। वह क्षेत्राधिकारी के पास जाकर अपनी फरियाद सुनाता है और क्षेत्राधिकारी गंभीरता के साथ फरियादी की फरियाद सुनकर उस पर कारवाई भी करवाते हैं। इस संबंध में जब क्षेत्राधिकारी से बात की गई तो उन्होंने आईजीआरएस निस्तारण की जांच कराने की बात कही।

# सड़क हादसे में घायल अधेड़ की नहीं सुधरी हालत, मौत

हरदोई

**अमृत विचार।** हरदोई-पिहानी रोड पर घर जाने के लिए सड़क पार कर रहे अधेड़ को तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी थी। उसका सीएचसी से लेकर मेडिकल कालेज और लखनऊ ट्रामा सेंटर तक इलाज कराया गया, लेकिन कहीं से कोई राहत नहीं मिली, उसके बाद घर वाले उसे घर उठा लाए, जहां मंगलवार को उसकी मौत हो गई।

मंगलवार (26 मार्च) को कोतवाली के पूरा बहादुर गांव निवासी 56 वर्षीय रमाकांत पाण्डेय खेत से पैदल घर के लिए लौट रहा था। उसी बीच हरदोई-पिहानी रोड पर वह सड़क पार कर रहा था, उसी बीच बाइक ने उसे टक्कर मार दी थी। पुलिस ने घायल अधेड़ को सीएचसी भिजवाया, जहां से उसे मेडिकल कालेज और वहां से लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। वहां के एक निजी हास्पिटल में भी इलाज हुआ, लेकिन कोई राहत न मिलने पर घर ले आए थे।

# बाइक सवार पिता-पुत्री व साली की डीसीएम से कुचल कर मौत

## हादसे के बाद मौके पर ही वाहन छोड़कर चालक हुआ फरार

हरियावां, हरदोई



हादसे के बाद घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व राहगीर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** युवक अपनी बेटी और साली के साथ बाइक से घर जा रहा था। पिहानी रोड पर बरगावां के पास एक तेज़ रफ्तार डीसीएम ने बाइक में टक्कर मारते हुए तीनों को कुचल दिया। बुधवार की शाम हुए हादसे में तीनों की वहीं पर मौत हो गई। हादसा होने से वहां चीख-पुकार मच गई, उसी बीच ड्राइवर डीसीएम को वहीं छोड़ कर भाग निकला। पुलिस उसे अपने कब्जे में लेते हुए जांच शुरु कर दी।

पिहानी कोतवाली के सिरकटिया मजरा करीमनगर निवासी 28 वर्षीय नीरज खेती-बाड़ी करता था। बुधवार की शाम वह अपनी ढाई वर्षीय पुत्री सावनी और 10 वर्षीय चचेरी साली जूली को साथ लेकर बाइक से घर जा रहा था। उसी बीच रास्ते में पिहानी रोड पर कोतवाली देहात के बरगावां के पास सामने से तेज़ रफ्तार में आ रही डीसीएम ने बाइक में टक्कर मारी और तीनों को कुचलते हुए निकल गई। हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर डीसीएम को मौके पर ही छोड़ कर भाग निकला। उधर एसएचओ कोतवाली देहात अनिल सैनी भी वहां पहुंच गए। पुलिस ने तीनों शवों को कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी। पंचनामा के लिए भेज दिया। डीसीएम पुलिस के कब्ज़े में है। एसएचओ श्री सैनी ने बताया डीसीएम ड्राइवर की तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर आगे कार्रवाई की जाएगी।

## एक्सप्रेस-वे पर हुए हादसे में राजस्थान के युवक की मौत

**भरखनी, हरदोई, अमृत विचार।** निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे में मज़दूरी कर रहे राजस्थान के रहने वाले युवक के ऊपर ग्रेडर मशीन चढ़ जाने से उसकी मौत हो गई। इसका पता होते ही हाई-वे निर्माण में लगे मज़दूरों में हड़कंप मच गया। बताया गया है कि बुधवार की सुबह पाली थाना इलाके में गंगा एक्सप्रेस-वे पर निर्माण हो रहा था। उसी दौरान भोर पहर करीब पांच बजे राजस्थान के खेड़िया थाना गोटिया ज़िला भरतपुर निवासी 35 वर्षीय जयवीर सिंह पुत्र गोविंद सिंह काम कर रहा था, उसी बीच उसके ऊपर वहां काम कर रही ग्रेडर मशीन चढ़ गई, जिससे उसकी वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। इसका पता होते ही वहां काम कर रहे मज़दूरों में हड़कंप मच गया। वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए हादसे के बारे में पूछताछ की, साथ ही जयवीर के घर वालों को हादसे की जानकारी दी।

# 10वीं की छात्रा व सहेली के एक पेड़ पर लटके मिले शव

**हरदोई, अमृत विचार।**



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

10वीं की परीक्षा दे चुकी छात्रा का और उसकी सहेली के शव एक ही पेड़ में दुपट्टे से अलग-अलग लटके मिले। इसका पता होते ही इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस का कहना है कि हर एक पहलू की जांच की जा रही है। वारदात का जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

सुरसा थाने के मढ़िया मजरा सौतेरा निवासी संतोष की 16 वर्षीय पुत्री राधा ने इसी साल 10 वीं की बोर्ड परीक्षा दी थी। संतोष के मकान के सामने राजू उर्फ राजवीर का मकान है। राजू उर्फ राजवीर की 16 वर्षीय पुत्री ममता और राधा आपस में सहेली थी। बताते है कि बुधवार की दोपहर को राधा और ममता एक साथ घर से निकली थी, लेकिन काफी देर तक जब उनका कोई पता नहीं चला तो दोनों के घर वाले उन्हे ढूंढने लगे। उसी बीच शाम को देखा गया कि गांव के बाहर नीम के एक पेड़ में दोनों के शव अलग-अलग दुपट्टे से फांसी पर लटक रहे थे। इसका पता होते ही सिर्फ गांव ही नहीं बल्कि आस-पड़ोस पुरवा और मजरों में अफ़रा-तफ़री मच गई। दों-दों किशोरियों के शवों को लटके होने का पता चलते ही एसएचओ सुरसा इन्द्रेश सिंह वहां पहुंचे। उन्होंनें राधा और उसकी सहेली ममता के घर वालों से दोनों के घर वालों से पूछताछ की। हालांकि उनके मुंह से कोई ऐसी बात बाहर नहीं निकली, जो साबित करती कि ऐसा करने के पीछे ऐसी वजह रही। उधर इलाके लोगों के बीच इस तरह की बातें हो रहीं है कि आखिर ऐसी कौन सी बात थी कि जिसके चलते उन दोनों को ऐसा कदम उठाना पड़ा। पुलिस का दावा है जल्द सारी सच्चाई का पता लगा लिया जाएगा।

# कई मंदिरों में एक साथ किया हनुमान चालीसा का पाठ

हरदोई



हनुमान चालीसा का पाठ करतीं महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** 46वें मंगलपाठ के क्रम में श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने भक्त प्रहलाद नगरी के कई अन्य मंदिरों में एक साथ हनुमान चालीसा पाठ कर माहौल को हनुमान मय बना दिया।

मंगलवार की शाम को श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने श्री बैजनाथ धाम मंदिर सरायथोक, श्री शिव मंदिर कांशीराम कालोनी, श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज, श्री महादेव मंदिर ग्राम काईमऊ तथा श्री महावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां में सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ कर माहौल को भक्ति पूर्ण बना दिया। महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख विनीता पांडे के नेतृत्व में सराय थोक पश्चिमी के श्री बैजनाथ धाम मंदिर पर बहनों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा, राम स्तुति ,बजरंग बाण व् आरती के साथ बजरंगबली जी का पूजन किया। इस मौके पर महिला संगठन की संयोजक सुधा गुप्ता, संगठन मंत्री अनीता मिश्रा, सह सयोंजक कंचन अनुपमा सिंह आदि ने सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ किया। महिला जिला युवा सह प्रभारी संध्या श्रीवास्तव के नेतृत्व में कांशीराम कालोनी में स्थित श्री शिव मंदिर पर लोगो ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा राम स्तुति, बजरंग बाण आरती के साथ सुंदर कांड का पाठ किया गया। इस मौके पर महिला युवा संगठन की पुष्पा श्रीवास्तव, कल्पना शर्मा, धीरज शर्मा, गीता शर्मा, पिंटू कश्यप, रिंकी सिंह, नैंसी, ज्योति सिंह, उत्तम सिंह, उत्कर्ष सिंह, राज शर्मा, रेशमा शर्मा, नितिन, सचिन, पूनम मिश्रा, संगीता, सरला गुप्ता आदि सदस्य शामिल रहे। महिला प्रभारी मंजू गुप्ता के नेतृत्व में श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज में भजन गायक सचिन शुक्ला व वेद प्रकाश गुप्ता राजू ने सभी को हनुमान चालीसा तथा हनुमान अष्ठक का पाठ करवाया। पुजारी विश्वास पाठक व पंडित रवि शंकर मिश्रा ने आरती व पूजन अर्चन संपन्न कराया। आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ। इस मौके पर विजय अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, नीलम जिंदल, निधि देवल, अंशिका अग्रवाल, मुस्कान अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, ज्योति सिंह, आराध्या वर्मा, अक्षत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

ग्राम काईमऊ में युवा प्रभारी सुमित तिवारी के नेतृत्व में मंगल पाठ हुआ। मल्लावां में आकाश गुप्ता व वंश कटियार के नेतृत्व में काफी संख्या में मौजूद लोगो ने सामूहिक मंगल पाठ किया।

## मजदूरी के पैसे मांगने पर शांति भंग में चालान

**कोथावां, हरदोई, अमृत विचार।** नवयुवक ने गांव के ही आदमी पर काम कराने के बाद पैसे न देने का आरोप लगाया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मरेउरा मजरा कोथावां निवासी सोनू ने आइजीआरएम के माध्यम से शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि गांव के ही निवासी पप्पू व मुकेश ने उनसे वेटर का कार्य अयोध्या पुरी थाना तालकटोरा लखनऊइ में करा लिया और मेहनताना सात हजार पांच सौ रुपए नहीं दिया। जब सोनू ने पप्पू व मुकेश से रुपये मांगे तो उपरोक्त ने गाली गलौज देते हुए अभद्रता की। वहीं स्थानीय पुलिस ने मामले में न्याय दिलाने के बदले पीड़ित व विपक्षी दोनो पर शान्ति भंग में चालान कर दिया।

## सार-संक्षेप



होली मिलन समारोह के दौरान कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

### होली मिलन समारोह में बरसे फूल

**हरदोई, अमृत विचार।** दोसर वैश्य सेवा समिति के होली मिलन समारोह का शानदार आयोजन किया गया। शहर के नघेटा रोड पर एक लॉन में हुए होली मिलन समारोह में समाज के लोगों ने जी भर कर फूलों की होली खेली। इस दौरान राधा-कृष्ण की खूबसूरत झांकियों ने समारोह में समां बांधा। समारोह का शुभारंभ मातृ शक्ति के द्वारा गणेश प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के बाद समिति के अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने बताया कि समिति हर साल इस तरह का आयोजन कर समाज के लोगों को एक डोरी में पिरोने का कार्य करती है। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए तथा मनोरंजन के लिए वन मिनट खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं, बच्चों ने प्रतिभाग किया।

### भाभी को ब्लैकमेल करने में देवर के खिलाफ केस

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** लगभग तीन वर्ष बाद देवर ने भाभी की आपत्तिजनक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। घटना की जानकारी बड़े भाई को हुई तो छोटे भाई के खिलाफ मल्लावां कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। कस्बे के एक मोहल्ला निवासी युवक ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि मौका पाकर छोटे भाई ने उसकी पत्नी के साथ गलत कार्य किया और मोबाइल से आपत्तिजनक तस्वीर खींच ली और वीडियो भी बना लिया। बताया कि इसके बाद भाई ने कई बार अपनी भाभी को ब्लैकमेल कर संबंध बनाने का प्रयास किया, लेकिन इनकार करने पर आपत्तिजनक फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दी। 13 और 14 मार्च 2024 को आरोपी छोटे भाई ने आपत्तिजनक फोटो और वीडियो कई परिचितों के मोबाइल पर वायरल कर दिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली निर्भय कुमार सिंह बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### युवक की पिटाई करने वाले चार दबंगों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जटपुरा में चार लोगों द्वारा पुरानी रंजिश में एक युवक को मारपीट कर घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की लिखित सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। ग्राम जटपुरा निवासी लक्ष्मीकांत श्रीवास्तव पुत्र भोलानाथ ने बताया वह दिन में खेत पर शौच करने गया था। रास्ते में विपक्षी बीनू, सुजान, सोम व शानू पुत्रगण यतेंद्र नाथ ने उसे रोक लिया और पुरानी रंजिश वश गाली गलौज किया। उसने गाली देने से मना किया तो विपक्षियों ने उसे लाठी, डंडों से पीटना शुरू कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है। एसएसआई अमित सिंह ने बताया मारपीट का मामला है। पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस जांच कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

### ग्राम प्रधान पर खड़ंजे की ईंटें उठा ले जाने का आरोप

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** आरटीआई कार्यकर्ता ने ग्राम प्रधान पर खड़ंजे की ईंट उठा लें जाने का आरोप लगाया है। बीडीओ ने टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए। विकास खंड के ग्राम मिर्जागंज निवासी आरटीआई कार्यकर्ता अभिषेक पटेल ने बीडीओ को दिए शिक़ायती पत्र में बताया कि ग्राम पंचायत कुरसठ बुजुर्ग देहात के मजरा मिर्जागंज में मेन रोड से रामदीन के घर तक लगे खंडजे की ईंटें ग्राम प्रधान खुदवा कर निजी ट्रैक्टर ट्राली से उठा ले गए। कहा कि खड़ंजे में लगी ईंटे ग्राम पंचायत की संपत्ति है। ग्राम प्रधान के कार्य से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। खण्ड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने ग्राम पंचायत सचिव दिशा यादव को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। बीडीओ ने बताया कि जांच के लिए दो सदस्यीय टीम गठित की गई है।

### गायत्री व महाकाल एक सिक्के के दो पहलू : छबीलदास

**हरदोई, अमृत विचार।** नगर के आवास विकास कॉलोनी में आयोजित 51कुंडीय यज्ञ के तीसरे दिन पहली पारी में तपोवन हरिद्वार से आई टोली के टोली नायक छबील दास मिश्रा ने कहा कि यज्ञ का फल निश्चित है। गायत्री और महाकाल एक सिक्के के दो पहलू है। यहां प्रतिवर्ष 51 कुंडीय यज्ञ का आयोजन होता हैं इसके लिए आयोजक साधुवाद के पात्र है। धर्मिक और सामाजिक महत्व के साथ यज्ञ का वैदिक संस्कृति में आध्यात्मिक महत्व है। कार्यक्रम की व्यवस्थाये श्रेया, हैप्पी, परी, मान्या, अनुज श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, आस्था, अभिषेक, कान्हा, संध्या आदि ने देखी।

# दोसर वैश्य महासंगठन का होली मिलन समारोह संपन्न

संडीला, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर के इमलियाबाग स्थित एक मैरिज लॉन में श्री दोसर वैश्य महासंगठन की ओर से होली मिलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय दोसर वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता ने लोगों को होली की बधाइयां दी। श्री गुप्ता ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जो संगठित नहीं हुआ वह टूट गया। उन्होंने दोसर समाज के लोगों से कहा कि वह पूरे देश में संगठित होकर एक साथ मिलकर काम करें। उन्होंने कहा कि संगठित होने से समाज के लोगों को राजनीति में भागीदारी मिल सकेगी। संस्था के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता ने कहा कि होली आपसी प्रेम व सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को एक साथ मिलकर हर त्यौहार को मनाना चाहिए। कहा कि इससे समाज में एकरूपता दिखाई देती है।

# तुगलकी फरमान के खिलाफ व्यापारी भड़के

हरदोई



मंडी सचिव को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नवीन गल्ला मंडी में तुगलकी फरमान जारी किया गया। जिसमें किसानों को गेहूं सिर्फ सरकारी क्रय केंद्रों पर ही बेचे। इस आदेश से समस्त व्यापारी व किसानों को झटका लगा। इस बात की जानकारी होने पर किसान डर के कारण हरदोई मंडी में अपना गेहूं न लाकर दूसरे शहर की मंडियों में ले जाने लगे।

बताते चलें कि गेहूं का बाजार मूल्य 2350 से लेकर 2400 तक है और सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों का रेट 2275 है। ऐसे में किसान अपना गेहूं ज्यादा रेट में बेचना चाहता है, लेकिन जो आदेश हुआ उसमें उसको बाधित किया गया कि सिर्फ सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों पर ही अपना गेहूं बेचे। वहीं इस प्रकरण में नवीन गल्ला मंडी के अध्यक्ष श्याम कुमार गुप्ता टीटू ने बुधवार को मंडी सचिव से वार्ता कर, किसानों और व्यापारियों की समस्याओं को रखा। नवीन गल्ला मंडी अध्यक्ष ने बताया कि इस तरह के आदेश से नवीन गल्ला मंडी में हड़ताल की स्थिति आ जाएगी और किसान अपना गेहूं दूसरे शहर की मंडियों में ले जाने से हरदोई मंडी को बहुत बड़ा नुकसान होगा। अध्यक्ष और मंडी सचिव की वार्ता होने के बाद जो दो दिन पूर्व आदेश दिया गया था उसे आज निरस्त कर दिया गया है और किसानों को स्वतंत्र अधिकार है कि किसान अपना गेहूं कहीं भी बेच सकते हैं। वहीं जब मंडी सचिव अजय प्रताप सिंह से बात हुई तो उन्होंने बताया कि जो आदेश दिया गया था उसे निरस्त कर दिया गया है तथा किसान अपना गेंहू कहीं भी बेच सकते हैं।

**कार्यक्रम** साईं मंदिर श्यामपुर के 15वें स्थापना दिवस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में जुटे श्रद्धालु

# धूमधाम से निकाली सांईं पालकी शोभायात्रा

मल्लावां, हरदोई



साईं पालकी शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सांई मंदिर श्यामपुर के 15वें स्थापना दिवस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में साईं भक्तों द्वारा धूमधाम से सांईं पालकी को सजा कर पूरे नगर में शोभा यात्रा निकाली गई तथा कन्या भोज एवं भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

साईं बाबा के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में प्रातः काल 5 बजे साईं नाथ का मंगल स्नान कराने के पश्चात विधि-विधान पूर्वक सामूहिक हवन का कार्यक्रम मंदिर के पुजारी आचार्य विकास तिवारी ने मुख्य यजमान मंदिर के संस्थापक महेश सिंह एवं मीनू सिंह अर्कवंशी दिल्ली के द्वारा संपन्न कराया। इसके पश्चात सांईं बाबा की पालकी को सजाकर धूमधाम से शोभा यात्रा की शुरुआत वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश पाठक एवं समाजसेवी विशाल जायसवाल द्वारा की गई।

पालकी शोभायात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं पुरुष एवं बच्चे फूल वर्षा एवं गुलाल उड़ाते हुए डीजे द्वारा बज रहे भजनों पर थिरकते एवं भजन गाते हुए चल रहे थे । भजनों में शिरडी वाले सांईं बाबा आया है तेरे दर पर सवाली..., शिरडी में उड़े रे गुलाल बाबा का जवाब नहीं..., साईं नाथ तेरे हजारों हाथ.... आदि भजनों से पूरे नगर में भक्ति का माहौल छा गया। शोभायात्रा में महेश गुप्ता, विजय त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश पाठक, विपिन सोनी प्रबंधक-कैरियर पब्लिक स्कूल, समाजसेवी विशाल जायसवाल ,छोटू पाल, आशीष गुप्ता परिवार, सत्यशील पांडे, भाजपा नेता हर्षित गुप्ता आदि कई भक्तों ने बाबा का पूजन अर्चन एवं प्रसाद वितरण किया गया। शोभा यात्रा के पुनः मंदिर प्रांगण पहुंचने पर कन्या भोज के उपरांत भंडारे का आयोजन संपन्न किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर अपना जीवन धन्य बनाया। पालकी शोभा यात्रा को सफल बनाने में महेश सिंह अर्कवंशी, मीनू सिंह अर्कवंशी ,मंदिर के व्यवस्थापक गौरव सोनी एवं सियाराम अर्कवंशी, रामकिशन, अनिल अर्कवंशी सत्य शील पांडे व रोहित पटेल सहित कई भक्तों का विशेष योगदान रहा।

# सिस्टम पर सवाल उठा रही खराब पड़ी सीटी स्कैन मशीन

हरदोई

**अमृत विचार।** सीटी स्कैन मशीन में खराबी आने से मेडिकल कालेज का सारा सिस्टम बे-पटरी हो गया। लिखा-पढ़ी करने के बाद भी ऐसा कुछ नहीं हुआ जो गांव-गिरावं से आने वाले लोगों के लिए राहत की बात हो। सिर्फ वही नहीं बल्कि और भी तमाम लोगों को न चाहते हुए भी शहर के महंगे डायग्नोस्टिक्स सेंटरों की दौड़ लगाते हुए उन्हें अपनी जेबें हल्की करनी पड़ रहीं है।

बताते चलें कि 30 मार्च को मेडिकल कालेज में लगी सीटी स्कैन मशीन का साफ्टवेयर करेप्ट हो गया था। उसके बाद से वहां का सारा कामकाज ठप है। सीटी स्कैन कराने के लिए वहां पहुंचने वाले मरीज़ और उनके तीमारदार इधर-उधर भटक रहें हैं। इस बारे में पहले 31 मार्च को कंपलेंट दर्ज कराई गई, उसके अगले दिन सीएमएस डा. जेके वर्मा ने कंपनी के केरल ऑफिस को चिट्ठी लिखी। जिसमें कहा है कि मरीज़ों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए सीटी स्कैन मशीन को ठीक किया जाए, लेकिन उधर से अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है। ऐसे में खराब पड़ी सीटी स्कैन मशीन के खराब पड़े रहने से सरकारी सिस्टम पर सवाल उठना लाज़िम है। वैसे बताया जा रहा इससे पहले भी मशीन में खराबी आई थी, कई हफ्ते सन्नाटे में गुज़रने के बाद बामुश्किल उसे ठीक किया गया था, उसके बाद फिर वही सीटी स्कैन मशीन खराब हो गई, उसे ठीक होने में कितनए दिन लगेंगे, इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है।

लोकसभा चुनाव में मुद्दों को लेकर अमृत विचार ने जनता से बातचीत की तो पाया कि लोग महंगाई, बेरोजगारी, किसान आंदोलन, चुनावी बांड और सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग जैसे सवालों को महत्वपूर्ण तो मानते हैं, लेकिन वोट देने के सवाल पर मोदी के मुकाबले दूसरा नेता नहीं होने, राम मंदिर बनने, धारा-370 हटने और विकसित भारत का जिक्र करते हुए प्रदेश में गुंडाराज की जगह कानून का राज स्थापित होने को विमर्श के केंद्र में रख देते हैं। प्रस्तुत है जनता के साथ संवाद में निष्कर्ष का मंथन...

# ब्रांड मोदी पर गारंटी का टैग मुद्दों से भरा भाजपा का बैग



मनोज त्रिपाठी, कानपुर

**अमृत विचार।** ब्रांड मोदी पर गारंटी का टैग और राम मंदिर के साथ विकसित भारत के लिए भाजपा ने अबकी बार, 400 पार का नारा देकर मोदी 3.0 के चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की थी। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जब मैदान में उतरे तो उन्होंने अपने अंदाज में विपक्षी गठबंधन को पहले परिवारवाद के कठघरे में खड़ा किया फिर दो मुख्यमंत्रियों के जेल जाने के बाद अभियान को भ्रष्टाचार पर प्रहार में केंद्रित कर दिया। अपने बीते दो कार्यकाल को ट्रेलर बताते हुए यह तक कह दिया कि आगे और बड़े काम होने हैं। इसके मुकाबले विपक्षी इंडिया गठबंधन पटना, मुंबई और दिल्ली में रैलियां करने के बाद भी मुद्दों के लिहाज से अपना चुनावी अभियान पटरी पर नहीं ला पाया है, तो इसकी बड़ी वजह उसके द्वारा उछाले जा रहे सवाल मुद्दे से ज्यादा मोदी विरोध जैसे हैं, यह आकलन संवाद में 45 फीसदी लोगों ने व्यक्त करते हुए साफ कहा कि इसी कारण दो मुख्यमंत्रियों के जेल जाने के बाद गठबंधन ने सहानुभूति लेने की कोशिश तक सिमट गया।

### मुद्दे बनाना और उनसे बने माहौल का फायदा उठाना

- लोगों ने साफ कहा कि चुनाव मुद्दों और उनके जरिए बने माहौल के आधार पर जीता जाता है, भाजपा और उसके नायक मोदी यह बात भलीभांति जानते हैं, जबकि विपक्ष मोदी सरकार के खिलाफ वैसा कोई चुनावी मुद्दा खड़ा नहीं कर पा रहा है, जिसे हथियार बनाकर भाजपा का विजय रथ रोक सके। यही बात 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की सबसे बड़ी ताकत नजर आ रही है।

- मंदिर और विकसित भारत के जयघोष के साथ भ्रष्टाचार पर प्रधानमंत्री का लगातार करारा प्रहार
- महंगाई, बेरोजगारी, किसान, चुनावी बांड व एजेंसियों के बेजा इस्तेमाल के सवालों पर नहीं हलचल

### महंगाई, बेरोजगारी, किसान और चुनावी बांड को नहीं मिल पा रही धार

- तेजी से आगे बढ़ते चुनावी अभियान और बदलती परिस्थितियों में सीएए, समान नागरिक संहिता, किसान आंदोलन, फसलों की एमएसपी जैसे मुद्दे नेपथ्य में जाते दिख रहे हैं और राष्ट्रवाद से प्रेरित कच्चातिवु द्वीप जैसे मुद्दे फाइलों से बाहर आ गए हैं। इसके मुकाबले विपक्षी गठबंधन के हाथ महंगाई, बेरोजगारी, चुनावी बांड, नेताओं के यहां छापे, सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग जैसे मुद्दों को मुखरता से उठाने में तंग नजर आ रहे हैं।

### कांग्रेस भी गारंटी लाई पर जनता के बीच तक नहीं पहुंच पाई

- भाजपा के अनुसार मोदी की गारंटी युवाओं के विकास, महिलाओं के सशक्तिकरण, किसानों के कल्याण और हाशिए पर पड़े उन कमजोर लोगों के लिए है, जिन्हें दशकों से नजरअंदाज किया गया है। इसके मुकाबले कांग्रेस ने भी अपनी गारंटी पेश कीं, लेकिन उन्हें जनता के बीच ले जाकर परवान नहीं चढ़ा पा रही है।

### बयानों पर आरोप-प्रत्यारोप के बीच जनता हुई मगन

- मतदान का वक्त जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, जनता की सीधी जरुरत से जुड़े वास्तविक मुद्दों की जगह पर राजनीतिक दलों के निजी हित से पैदा हुए सियासी मुद्दे हावी होते जा रहे हैं। तमाम दलों और उनके नेताओं की ओर से केवल एक-दूसरे पर बयानों से ही आरोप-प्रत्यारोप किया जा रहा है। जनता क्या चाहती है, आम जनता के सामने वास्तविक समस्याएं क्या है, चुनाव को लेकर जनता के मन में क्या चल रहा है, जैसे सवाल टीवी की बहस और सोशल मीडिया से गायब होते जा रहे हैं।

गाजीपुर में यह पहला चुनाव है जब माफिया डॉन मुख्तार अंसारी का कोई प्रभाव नहीं हैं। ऐसे में बड़ा सवाल है कि उसकी मौत का कितना, कहां और क्या असर होगा। पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार सपा-बसपा के अलग-अलग लड़ने का फायदा भाजपा को मिलने की संभावना है।


# गुंडाराज का खात्मा बनाम सहानुभूति


विनय जायसवाल, मऊ


**अमृत विचार।** पूर्वांचल की सबसे चर्चित लोकसभा सीटों में गाजीपुर शामिल है। गाजीपुर को 'लहुरी काशी' यानी छोटी काशी भी कहा जाता है। इसकी वजह काशी की तरह गंगा यहां भी उत्तर वाहिनी हैं। इस शहर को तुगलक वंश के सैय्यद मसूद गाजी ने बसाया था। एशिया में सबसे बड़े अफीम के कारखाने के लिए विख्यात इस शहर ने वामपंथी, दक्षिणपंथी, मध्यमार्गी या दलित उभार, राजनीति की हर धारा को आगे बढ़ाया है। माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद इस बार यहां चुनाव और धारदार हो गया है। इसकी वजह यह है कि मुख्तार के भाई मौजूदा सांसद अफजाल अंसारी सपा के टिकट पर मैदान में हैं। पिछला चुनाव वह बसपा से जीते थे। भाजपा ने अभी इस सीट पर प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। शीर्ष नेतृत्व बदली परिस्थितियों के मद्देनजर जिताऊ नाम पर मंथन कर रहा है, जबकि बसपा किसी मजबूत यादव चेहरे की तलाश में है। गाजीपुर में सातवें चरण में एक जून को मतदान होना है।

### बेटा दावेदार पर चौंका सकते मनोज सिन्हा बृजेश सिंह, अलका राय के भी नाम

गाजीपुर लोकसभा सीट पर अगर अंसारी परिवार का दबदबा है तो भाजपा का भी आधार कम नहीं है। वर्तमान में जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा की यहां अच्छी पैठ मानी जाती है। वह तीन बार इस सीट से सांसद रहे हैं, हालांकि 2019 में चुनाव हार गए थे। इस बार भाजपा से उनके बेटे अभिनव सिन्हा दावेदारी कर रहे हैं। लेकिन कहा यह भी जा रहा है कि तेलंगाना की राज्यपाल सौंदर्यराजन की तरह पद से इस्तीफा देकर मनोज सिन्हा भी मैदान में उतर सकते हैं। पूर्व विधायक कृष्णानंद राय की पत्नी अलका राय का नाम भी दावेदारों में लिया जा रहा है, तो सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर यहां से बृजेश सिंह को चुनाव लड़ाने के लिए सीट अपने खाते में मांग रहे हैं।






- वर्तमान सांसद अफजाल अंसारी गाजीपुर से पहली बार 2004 और दूसरी बार 2019 में सांसद बने थे।
- पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा-सपा का गठजोड़ होने से उन्होंने भाजपा प्रत्याशी मनोज सिन्हा को एक लाख से ज्यादा वोटों से हरा दिया था।

2004 में पहली बार और दूसरी बार 2019 में सांसद बने थे
**अफजाल अंसारी**



### गाजीपुर में निकल रहीं टोलियां

- गाजीपुर में अफजाल अंसारी और उनका परिवार क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर रहा है। उनके समर्थन में मुस्लिम युवाओं के साथ यादव मतदाताओं की टोलियां सुबह ही क्षेत्रों में निकल जाती हैं और लोगों को यह बताने में जुटी हैं कि उनके अपने मुख्तार अंसारी की हत्या हुई है। परिवार का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। इसका बदला चुनाव में अफजाल को जिताकर लेना है। अफजाल को उम्मीद है कि मुख्तार की मौत से उपजी सहानुभूति उन्हें जीत दिलाएगी, जबकि भाजपा नेतृत्व यह मानता है कि मोदी की गारंटी, पीएम किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला समेत अन्य योजनाओं के लाभार्थी और गुंडाराज खात्मे के साथ अपराध मुक्त उत्तर प्रदेश के दम पर इस कठिन सीट पर भी जीत हासिल करने में दिक्कत नहीं आएगी।

### यहां हर दल को मिलती रही जीत

- गाजीपुर सीट पर सपा, बसपा, भाजपा, कांग्रेस सभी दल चुनाव जीत चुके हैं। 1952, 1957 और 1962 में कांग्रेस जीती थी, इसके बाद लगातार दो चुनावों में भाकपा ने लाल झंडा फहराया। 1977 में जनता पार्टी के गौरीशंकर पांडेय जीते। 1980 व 1984 के बाद कांग्रेस यहां जीत दर्ज नहीं कर सकी।
- 1996 में पहली बार इस सीट पर भाजपा के मनोज सिन्हा जीते लेकिन 1998 में सपा के ओमप्रकाश सिंह ने सीट भाजपा से छीन ली, हालांकि भाजपा ने 1999 में पुन: मनोज सिन्हा पर यकीन किया और वह जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। इसके बाद लगातार दो चुनावों में सपा का कब्जा रहा।
- 2014 की मोदी लहर में मनोज सिन्हा ने यहां भी कमल खिला दिया। लेकिन 2019 में भाजपा को यहां हार का सामना करना पड़ा।

### राजभर व निषाद साथ आने से भाजपा के लिए अनुकूल माहौल

- इस बार चुनाव में सपा के साथ कांग्रेस है तो भाजपा के साथ राजभरों की नुमाइंदगी करने वाले सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर और निषाद, बिंद, केवट का प्रतिनिधित्व करने वाले वाली निषाद पार्टी है। यहां राजभर और निषाद मतदाता जिधर जाते हैं उसका पलड़ा भारी हो जाता है। हालांकि यादवों की सर्वाधिक संख्या है इसके बाद दलित, राजभर और मुस्लिम मतदाता हैं।

### पांच में चार विधानसभा सीटों पर सपा काबिज

- इस लोकसभा क्षेत्र में आने वाली पांचों विधान सभाओं में किसी पर भी भाजपा का कब्जा नहीं है। सैदपुर, गाजीपुर सदर, जंगीपुर और जमनिया विधानसभा सीटों पर सपा का कब्जा है जबकि जखनिया सीट पर सुभासपा का विधायक है। 2022 के चुनाव में इस सुभासपा का सपा के साथ गठबंधन था। लेकिन अब वह भाजपा के साथ खड़ी है।



**जीतेंगे बाजी** बेंगलुरु नार्थ से भाजपा की उम्मीदवार शोभा कारनदलाजे के कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करते कलाकारों ने कार्यकर्ताओं का मन मोह लिया।

# एमपी में उमा भारती घर बैठीं स्मृति ईरानी संभालेंगी मोर्चा

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के नामांकन में नहीं पहुंची उमा भारती
- विधान सभा चुनाव से नाराजगी, अब मध्य प्रदेश में स्टार प्रचारक भी नहीं

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**अमृत विचार।** मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की कथित भितरघात का जवाब देने के लिए भाजपा हाई कमान ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को तैयार किया है। वह प्रदेश में उन स्थानों पर जाएंगी जहां उमा के अंर्तविरोध से पार्टी को नुकसान की आशंका है। इसकी शुरुआत स्मृति ने बुधवार को खजुराहो संसदीय क्षेत्र से कर दी। वहां प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के नामांकन में जब उमा भारती ने आने में असमर्थता जताई तो दिल्ली से स्मृति ईरानी को पहुंचना पड़ा। उमा भारती खजुराहो से चार बार सांसद रह चुकी हैं। अब भाजपा केंद्रीय कार्यालय ने मध्य प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में स्मृति ईरानी का चुनाव कार्यक्रम तैयार कर दिया है। गत वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में उमा भारती की खामोशी को ध्यान में रखते हुए उनको हाई कमान ने स्टार प्रचारकों की सूची से भी हटा दिया है।



स्मृति ईरानी। अमृत विचार



उमा भारती। अमृत विचार

### खजुराहों में उमा के वर्चस्व की परीक्षा

भाजपा सूत्रों के मुताबिक उमा भारती के वर्चस्व की परीक्षा उनके अपने संसदीय क्षेत्र खजुराहो से हो जाएगी। यहां पर भाजपा अच्छी स्थिति में है। पार्टी को पता चला है कि खजुराहो से इंडिया गठबंधन ने ऐन वक्त पर अपना जो प्रत्याशी बदला है उसके पीछे भी उमा भारती की महिला, पिछड़ा वर्ग की राजनीति है। इसी के तहत यह कुप्रचार किया जा रहा है कि प्रदेश में भाजपा की एकमात्र तेजतर्रार महिला नेता (उमा) को किस तरह दरकिनार किया जा रहा है। गठबंधन में मध्य प्रदेश की 29 में खजुराहो सीट सपा को मिली है। सपा ने पहले भोपाल के डा. मनोज यादव को टिकट दिया था। लेकिन दो दिन बाद ही बदलकर बुंदेलखंड निवाड़ी की पूर्व विधायक मीरा यादव को उतार दिया, ताकि यह संदेश लोगों तक पहुंचाया जाए कि विपक्ष ने पिछड़ा वर्ग से महिला को टिकट दिया है। अब पूरे चुनाव को सवर्ण बनाम पिछड़ा वर्ग में बदलने की योजना है। इस क्षेत्र में विधानसभा की सभी सीटें भाजपा के पास है। इसलिए शर्मा का पलड़ा फिलहाल भारी है। पिछली बार भाजपा के मुकाबले कांग्रेस ने राज नगर के पूर्व विधायक नाती राजा की पत्नी कविता सिंह को टिकट दिया था। लेकिन वह भारी अंतर से चुनाव हार गई थीं।

# कांग्रेस के लिए बंजर हो चुकी हमीरपुर सीट, छोड़ी उम्मीद

राजेश सिंह, हमीरपुर

**अमृत विचार।** कभी हमीरपुर लोकसभा सीट पर भी कांग्रेस की तूती बोलती थी, लेकिन 1989 के बाद असर खत्म हो गया। 1996 में कांग्रेस ने इस सीट पर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के बेटे सुनील शास्त्री को चुनावी मैदान उतार कर वापसी की कोशिश की, लेकिन जनता ने नकार दिया। अब तो पार्टी ने मान लिया है कि यहां उसका जनाधार रसातल में पहुंच गया है। यही वजह है कि सपा से गठबंधन में सीट उसी के पास है।

कांग्रेस की विजय यात्रा की शुरुआत 1952 में मन्नूलाल द्विवेदी की जीत से हुई। अगले दो चुनाव भी कांग्रेस के ही खाते में रहे। 1967 में कांग्रेस के मन्नूलाल द्विवेदी चुनाव हार गए। 1971 में स्वामी ब्रह्मानंद चुनाव जीते। आपातकाल की विरोधी लहर का खामियाजा 1977 में कांग्रेस को यहां भी भुगतना पड़ा। लेकिन 1980 में कांग्रेस फिर इस सीट पर काबिज हो गई। 1984 में भी परचम फहराने में कामयाब रही। इसी के बाद से ऐसी फिसली कि वोट प्रतिशत में तेजी के साथ गिरावट आई और चुनाव दर चुनाव में पार्टी चारों खाने चित हो गई। वर्ष 1999 में वोट प्रतिशत घटकर मात्र 1.52 रह गया।

हालांकि 2004 में गंगा चरण राजपूत व 2009 में सिद्ध गोपाल साहू ने अपने दम पर कांग्रेस का वोट प्रतिशत बढ़ाया। तब गंगा चरण को 18.49 प्रतिशत व सिद्ध गोपाल साहू को 23.93 फीसद वोट मिले। 2014 और 2019 में कांग्रेस से प्रीतम सिंह किसान चुनाव लड़े, लेकिन उन्हें एक बार 4.05 व 10.66 फीसद वोट ही मिल सके। लगातार पिछले नौ लोकसभा चुनाव कांग्रेस हार चुकी है। इस दल के ज्यादातर नेता व कार्यकर्ता अपनी निष्ठा बदल कर दूसरे दलों का दामन थाम चुके हैं। ऐसे में पार्टी का संगठन भी कमजोर हो चुका है।

लखनऊ लोकसभा सीट


2019 में भाजपा के राजनाथ सिंह ने शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी पूनम को तीन लाख 47 हजार वोटों से हराया था

# मुलायम ने जेल में रखा हाथ, रविदास ने नहीं छोड़ा साथ

दिव्यभान श्रीवास्तव, लखनऊ

**अमृत विचार।** देश की हॉट सीट में लखनऊ भी एक है। यहां से रक्षा मंत्री और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। उनके सामने सपा के वरिष्ठ नेता और विधायक रविदास मेहरोत्रा हैं। यह सीट भाजपा का गढ़ मानी जाती है लेकिन सपा उम्मीदवार की स्थानीय स्तर पर पकड़ से इंकार नहीं किया जा सकता है। लखनऊ सीट पर 5वें चरण में चुनाव होना है इसके लिए 20 मई को वोटिंग होगी।

लखनऊ लोकसभा सीट से सपा उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा 2022 के विधानसभा चुनाव में लखनऊ मध्य से विधायक बने थे। वह कॉलेज के दिनों से राजनीति में सक्रिय हैं। जमीनी संघर्ष वाले नेता माने जाते हैं। उनके नाम एक अनोखा रिकॉर्ड भी है। वह 251 बार जेल जाकर लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में सबसे ज्यादा जेल जाने का रिकॉर्ड दर्ज करा चुके हैं। रविदास खुद कहते हैं कि उन्हें जनता की आवाज उठाने के चक्कर में अक्सर जेल जाना पड़ा। रविदास ने केकेसी विद्यालय से पहली बार छात्रसंघ का चुनाव लड़ा और उपाध्यक्ष बने। उनकी मुलायम सिंह यादव से जेल में मुलाकात हुई। इसके बाद रविदास ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। मुलायम सिंह यादव का करीबी गिने जाने के कारण सपा सरकार में उन्हें अहम विभाग सौंपे गए थे। पिछले विधानसभा चुनावों में रविदास मेहरोत्रा ने मोदी-योगी लहर के बावजूद लखनऊ मध्य से भाजपा प्रत्याशी को 10 हजार से ज्यादा वोटों से हराया था। वह पहली बार 1989 में जनता दल के टिकट पर लखनऊ पूर्वी से विधायक बने थे। साल 2012 में लखनऊ मध्य से सपा के टिकट पर चुनाव जीता। लेकिन अखिलेश सरकार में कैबिनेट मंत्री होने के बावजूद वह 2017 के विधानसभा चुनाव में लखनऊ मध्य से हार गए थे। अब अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव का टिकट देकर उन्हें राजनाथ की जीत की हैट्रिक तोड़ने का लक्ष्य सौंपा है।



- 251 बार जेल जा चुके सपा प्रत्याशी विधायक रविदास मेहरोत्रा के सामने राजनाथ का रथ रोकने की चुनौती
- पांच बार अटल बिहारी सांसद रहे, एक बार लालजी टंडन अब 2014 से लगातार दो बार राजनाथ सिंह

### हैट्रिक मारने से नहीं चूकेंगे राजनाथ सिंह

इस सीट पर साल 1991 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने भाजपा की जो जीत का झंडा गाड़ा, वह अब तक लहरा रहा है। तब से सपा और कांग्रेस ने कितने ही प्रत्याशियों को लखनऊ से लड़ाया, लेकिन भाजपा इस सीट पर अजेय है। लखनऊ पूर्व पीएम और भाजपा के संस्थापक सदस्य रहे अटल बिहारी बाजपेयी की कर्मभूमि रहा है। पांच बार अटल बिहारी बाजपेयी यहां से सांसद रहे। एक बार लालजी टंडन और 2014, 2019 से लगातार दो बार राजनाथ सिंह सांसद हैं। इस बार राजनाथ के लिए मौका जीत की हैट्रिक लगाने का है।

### तीन विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा

- लखनऊ लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र लखनऊ पश्चिम, लखनऊ उत्तरी, लखनऊ पूर्वी, लखनऊ मध्य और लखनऊ कैंट शामिल हैं। 2022 के विधानसभा चुनावों में 3 सीटों पर भाजपा ने कब्जा किया था। लखनऊ की आबादी इस समय 50 लाख गिनी जाती है। 2019 के आंकड़े के अनुसार लखनऊ में कुल 19.37 लाख वोटर थे। 2024 में लखनऊ जिले में मतदाताओं की संख्या 39 लाख 53 हजार हो गई है। इसमें पुरुष 20 लाख 82 हजार हैं और साढ़े 18 लाख महिला वोटर हैं।

### पश्चिमी और मध्य विधान सभा में बढ़त से सपा को इस बार जीत का भरोसा

- लखनऊ सीट पर पिछले चुनाव में राजनाथ सिंह ने 6 लाख 33 हजार से ज्यादा वोट हासिल किए थे, जबकि सपा प्रत्याशी पूनम सिन्हा, जो शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी हैं, को मात्र 2 लाख 85 हजार वोट मिले थे। राजनाथ ने 3 लाख 47 हजार वोटों के अंतर से चुनाव जीता था। पिछले लोकसभा चुनाव में लखनऊ सीट पर लगभग 55 फीसदी वोटिंग हुई थी। यहां तीसरे नंबर पर कांग्रेस रही थी, जिसके आचार्य प्रमोद कृष्णम को 1 लाख 80 हजार 11 वोट मिले थे।

एकं हन्यान्न वा हन्यादिषुर्मुक्तो धनुष्मता।
बुद्धिर्बुद्धिमतोत्सृष्टा हन्याद् राष्ट्रम सराजकम्।।

किसी धनुर्धर वीर के द्वारा छोड़ा हुआ बाण संभव है किसी एक को भी मारे या न मारे, मगर बुद्धिमान द्वारा प्रयुक्त की हुई बुद्धि राजा के साथ-साथ संपूर्ण राष्ट्र का विनाश कर सकती है।

## संपादकीय

# श्रमिकों की सुरक्षा

गाजा में चल रहे युद्ध के बीच इजराइल का निर्माण क्षेत्र चरमरा गया है। इजराइल में प्रशिक्षित मजदूरों की कमी का सामना कर रहे निर्माण उद्योग को बढ़ावा देने के मकसद से भारत के 60 से ज्यादा कामगारों का पहला जत्था इजराइल पहुंच गया है। आने वाले दिनों में और भारतीयों को इजराइल रवाना किया जाएगा। लगभग नौ मिलियन लोगों का देश इजराइल कृषि, निर्माण और देखभाल जैसे क्षेत्रों में विदेशी श्रम पर बहुत अधिक निर्भर करता है। इजराइल-हमास युद्ध के बीच यह आवश्यकता और भी जरूरी हो गई है जिसमें 7 अक्टूबर से गाजा में लगभग 27,000 लोग और इजराइल में लगभग 1200 लोग मारे गए हैं। श्रमिकों की कमी ने इजराइल के निर्माण उद्योग को विशेष रूप से बड़ा झटका दिया है। फलस्तीनी केंद्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार युद्ध से पहले इजराइल में काम करने वाले 150,000 से अधिक फलस्तीनियों में से दो-तिहाई निर्माण कार्य में थे। निर्माण श्रमिकों की कमी इतनी गंभीर है कि अधिकारियों का कहना है कि इजराइल के लगभग आधे निर्माण स्थल अब बंद हो गए हैं। इसके बाद वहां कामगार संकट के मद्देनजर इजराइल व भारत की सरकारों (जी 2 जी) के बीच हुए समझौते के तहत श्रमिक इजराइल गए हैं। अभी 10 हजार कामगारों को भी जल्द ही भर्ती करने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है।

इस बीच विपक्षी दल कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर हमला किया और कहा कि युद्ध प्रभावित इजराइल में नौकरियों के लिए भर्ती अभियान दर्शाता है कि देश बड़े पैमाने पर बेरोजगारी और गरीबी के दौर से गुजर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन को वर्ष 2024 में बेरोजगारी में वैश्विक वृद्धि का पूर्वानुमान है। वास्तव में दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश भारत अपने लोगों के लिए नौकरियां प्रदान करने के लिए संघर्ष कर रहा है। युद्ध लंबा चलने की स्थिति में भारतीय मजदूरों को इजराइल भेजने का प्रस्ताव इस तथ्य को स्थापित करेगा कि मौजूदा सरकार में रोजगार उपलब्ध कराने के मामले में गंभीरता की कमी है। उधर ट्रेड यूनियन उत्प्रवास अधिनियम के उल्लंघन का हवाला देते हुए श्रम संगठन इस रोजगार अभियान को चुनौती दे रहे हैं। भारत से गए श्रमिकों को 1.37 लाख रुपये (6,100 इजरायली शेकेल) का मासिक वेतन देने का वादा किया गया है। आवश्यकता है कि इजराइल में भू-राजनीतिक चुनौतियों पर विचार करते हुए मजबूत सुरक्षा प्रोटोकॉल और आकस्मिक योजनाएं स्थापित करके भेजे गए श्रमिकों की सुरक्षा एवं उनके हित को प्राथमिकता दें। आजीविका के लिए जान जोखिम में डालने वाले श्रमिकों की सुरक्षा हमारे लिए प्रमुख चिंता का विषय है।

# आखिर अधिसंख्य लोग क्यों वोट नहीं डालते



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

यहां जानना जरूरी है कि आस्ट्रेलिया सहित कोई 19 देशों में वोट न डालना दंडनीय अपराध है। क्यों न हमारे यहां भी बगैर कारण के वोट न डालने वालों के कुछ नागरिक अधिकार सीमित करने या उन्हें कुछ सरकारी सुविधाओं से वंचित रखने के प्रयोग किए जाएं। आज चुनाव से बहुत पहले बड़े-बड़े रणनीतिकार मतदाता सूची का विश्लेषण कर तय कर लेते हैं कि हमें अमुक जाति या समाज या इलाके के वोट चाहिए ही नहीं।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में 18 वीं लोकसभा को चुनने का उत्सव शुरू हो चुका है। यह एक चिंता की बात है कि लोकतंत्र का मूल आधार जो 'लोक' है, वह लगभग एक तिहाई वोट डालने ही नहीं आता। गणित के नजरिए से देखें तो देश की सत्ता संभालने वाला दल कभी भी बहुमत आबादी का प्रतिनिधित्व करता नहीं। जानकर अचंभा होगा कि अभी तक 10 बार केंद्र में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी, लेकिन किसी भी बार सत्ताधारी दल को पचास फीसदी वोट नहीं मिले।

2019 के चुनाव में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या लगभग 91 करोड़ थी। मतदान हुआ 97.4फी सदी। सबसे बड़े दल बीजेपी को इसमें से मिले 37.7 फीसदी वोट अर्थात् कुल पंजीकृत मतदाताओं का महज 30 फीसदी। भला हो इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों का वरना पहले गलत तरीके से मतदान के कारण देशभर में इतने वोट तो अवैध होते थे जिनकी संख्या दो लोकसभा क्षेत्रों के बराबर होती थी। हालांकि अब 'कोई भी पसंद नहीं' अर्थात् नोटा है।

यह विचारणीय है कि क्या वोट न डालने वाले 33 फीसदी लोगों की निगाह में चुनाव लड़ रहे सभी उम्मीदवार या मौजूदा चुनाव व्यवस्था नालायक थी या फिर वे मतदान से सरकार चुनने की प्रक्रिया के प्रति उदासीन हैं? जिन परिणामों को राजनैतिक दल जनमत की आवाज कहते रहे हैं, वास्तव में वह बहुसंख्यक मतदाता की गैरभागीदारी का परिणाम होता है। जब कभी मतदान कम होने की बात होती है तो प्रशासन व राजनैतिक दल अधिक गर्मी या सर्दी होने, छुट्टी न होने जैसे कारण गिनाने लगते हैं।

यदि पिछले आंकड़ों को देखें तो अभी तक छह बार मतदान 60 फीसदी के पार गया है जिसमें बीते दो चुनाव- 2014 में 66.44 और 2019 में 67.40 के अलावा लोकतंत्र कि रक्षा के लिए लड़ा गया 1977 का चुनाव है जिसमें 60.49 फीसदी वोट पड़ा। फिर इंदिरा गांधी की हत्या के बाद देश की एकता-अखंडता पर खतरा दिखा और 64.1 प्रतिशत वोट देने निकले। उसके बाद बोफोर्स का हाल हुआ और मतदान 61.96 हुआ। फिर 1998 में बदलाव



के लिए वोट देने वाले 61.97 फीसदी रहे। 16 वीं लोकसभा के चुनाव के वक्त भी आम लोग महंगाई, भ्रष्टाचार से हलाकांत थे सो मतदान का प्रतिशत तब तक का सर्वाधिक रहा। ये आंकड़े बताते हैं कि जब देश की जनता को अपने गुस्से का इजहार करना होता या चुनाव असली मुद्दों पर लड़ा जाता है तो वह वोट डालने जरूर आती है।

मूल सवाल यह है कि आखिर इतने सारे लोग वोट क्यों नहीं डालते हैं? सर्वाधिक पढ़ा-लिखा, संपन्न और धनाढ्य, जागरूक और सक्रिय कहा जाने वाला देश की राजधानी का दक्षिणी इलाका हो या सटे हुए गाजियाबाद व गुरुग्राम के बहुमंजिला अपार्टमेंट, सबसे कम मतदान यहीं होता है। यही नहीं देश के सर्वाधिक साक्षर राज्य के 'देश के पहले पूर्ण साक्षर जिले' एर्नाकुलम में महज 46 फीसदी लोग ही मतदान केंद्र तक आए। यह विचारणीय है कि पढ़े-लिखे लोगों को राजनीतिक दल और सरकार के अधिक मतदान के अभियान आकर्षित क्यों नहीं कर पाते? ऐसा तो नहीं कि यह वर्ग मानता है कि राजनीतिक दलों के लिए चुनाव महज सत्ता हड़पने का साधन व इसमें जनता साध्य मात्र हैं। पिछले कुछ दिनों के दौरान बड़े स्तर पर वैचारिक प्रतिबद्धता से पड़े हुए दल-बदल भी लोगों का मतदान के प्रति मन खट्टा करते हैं। ऐसे लोगों की संख्या कम नहीं है, जो कि कहते हैं कि नागनाथ और सांपनाथ में से किसी एक को चुनने बेहतर है कि किसी को भी मत चुनो। 'कोई नृप हो हमें का हानि' या 'हमारे एक वोट से क्या होना है' या फिर 'वोट देने पर हमें क्या मिलेगा? कुछ नहीं! फिर हम अपना समय क्यों खर्च करें?' ऐसा कहने वालों की भी बड़ी संख्या है। मतदाताओं की बढ़ती संख्या के साथ-साथ उम्मीदवारों की संख्या अधिक हो रही है। इसकी तुलना में नए मतदाता केंद्रों की संख्या नहीं बढ़ी है।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाना जटिल है और उससे भी कठिन है अपना मतदाता पहचान पत्र पाना। उसके बाद चुनाव के लिए पहले अपने नाम की पर्ची जुटाओ, फिर उसे मतदान केंद्र में बैठे एक कर्मचारी को देकर एक कागज पर दस्तखत या अंगूठा लगाओ। फिर एक कर्मचारी आपकी अंगुली पर स्याही लगाएगा। एक कर्मचारी ईवीएम शुरू करेगा, उसके बाद आप बटन दबाकर वोट डालेंगे। वीवीपेट के कारण सात सेकेंड मतदाता इंतजार करेगा। पूरी प्रक्रिया में दो-तीन मिनट लग जाते हैं। प्रत्येक मतदाता केंद्र पर एक हजार से अधिक व कहीं-कहीं दो हजार तक मतदाता हैं। यदि एक मतदाता पर दो मिनट का समय आंके तो एक घंटे में अधिकतम 30 मतदाता होंगे। इसके चलते मतदाता केंद्रों के बाहर लंबी-लंबी लाईनें लग जाती हैं। देश में 40 प्रतिशत से अधिक लोग ऐसे हैं, जो कि 'रोज कुआं खेद कर रोज पानी पीते' हैं। यदि वे महज वोट डालने के लिए लाइन में लगकर समय लगाएंगे तो दिहाड़ी मारी जाएगी और शाम को घर का चूल्हा नहीं जल पाएगा।

मतदान कम होने का एक कारण देश के बहुत से इलाकों में बड़ी संख्या में महिलाओं का घर से न निकलना भी है। महिलाओं के लिए निर्वाचन में आरक्षण की मांग कर रहे संगठन महिलाओं का मतदान बढ़ाने के तरीकों पर न तो बात करते हैं और न ही प्रयास। इसके अलावा जेल में कैद विचाराधीन कैदियों और अस्पताल में भर्ती मरीजों व उनकी देखभाल में लगे लोगों, चुनाव व्यवस्था में लगे कर्मचारियों, किन्हीं कारणों से सफर कर रहे लोग, सुरक्षाकर्मियों व सीमा पर तैनात जवानों के लिए मतदान की माकूल व्यवस्था नहीं है। इनकी संख्या एक करोड़ के आसपास होती है। हालांकि अब बुजुर्ग और कई आने श्रेणियों के लिए डाक मतदान और घर जा कर वोट डलवाने की योजना आई है, लेकिन यह निहायत राजनीतिक दलों के हितों के अनुरूप चुनिंदा लोगों तक ही सीमित है। कुछ सालों पहले चुनाव आयोग ने सभी राजनैतिक दलों के साथ एक बैठक में प्रतिपत्र मतदान का प्रस्ताव रखा था। इस प्रक्रिया में मतदाता अपने किसी प्रतिनिधि को मतदान के लिए अधिकृत कर सकता है। इस व्यवस्था के लिए जन प्रतिनिधि अधिनियम 1951 और भारतीय दंड संहिता में संशोधन करना जरूरी है। संसद में बहस का आश्वासन देकर उक्त अहम मसले को टाल दिया गया।

यहां जानना जरूरी है कि आस्ट्रेलिया सहित कोई 19 देशों में वोट न डालना दंडनीय अपराध है। क्यों न हमारे यहां भी बगैर कारण के वोट न डालने वालों के कुछ नागरिक अधिकार सीमित करने या उन्हें कुछ सरकारी सुविधाओं से वंचित रखने के प्रयोग किए जाएं। आज चुनाव से बहुत पहले बड़े-बड़े रणनीतिकार मतदाता सूची का विश्लेषण कर तय कर लेते हैं कि हमें अमुक जाति या समाज या इलाके के वोट चाहिए ही नहीं। यानी जीतने वाला क्षेत्र का नहीं, किसी जाति या धर्म का प्रतिनिधि होता है। यह चुनाव लूटने के हथकंडे इस लिए कारगर हैं, क्योंकि हमारे यहां चाहे एक वोट से जीतो या पांच लाख वोट से, दोनों के ही सदन में अधिकार बराबर होते हैं। यदि कुल मतदान और जीत के अंतर के हिसाब से इलाके की जन सुविधा, मंत्री बनाना आदि तय होने लगे तो प्रतिनिधि न केवल मतदाता सूची में लोगों के नाम जुड़वाएंगे, बल्कि अधिक मतदान के लिए प्रेरित भी करेंगे।

राजनैतिक दल कभी नहीं चाहेंगे कि मतदान अधिक हो, क्योंकि इसमें उनके सीमित वोट-बैंक के अल्पमत होने का खतरा बढ़ जाता है। कोई भी दल चुनाव के पहले घर-घर जाकर मतदाता सूची के नवीनीकरण का कार्य करता नहीं और बीएलओ पहले से ही कई जिम्मेदारियों में दबे सरकारी कर्मचारी होते हैं। हमारा लोकतंत्र भी एक ऐसे अपेक्षाकृत आदर्श चुनाव प्रणाली की बाट जोह रहा हैं जिसमें कम से कम सभी मतदाताओं का पंजीयन हो और मतदान तो ठीक तरीके से होना सुनिश्चित हो सके।

## प्रसंगवश

# धर्म और धर्म संस्था का द्वंद्व कोई नई बात तो थी नहीं

कार्ल मार्क्स ने अपने देशकाल में कहा था कि धर्म अफीम है। सुस्त बनाता है, अकर्मण्य बनाता है। वैसे ही जैसे अफीम के नशे में आदमी सुस्त और प्रमाद में डूब जाता है। स्पष्ट है कि लेनिन ने अकेला यह वाक्य तो कहा नहीं होगा, इसके आगे-पीछे और वाक्य भी होंगे। वह अवतरण भी होगा, पूरा वक्तव्य भी होगा और उस वक्तव्य का समग्र परिवेश भी होगा।

समग्र परिवेश से विच्छिन्न करके वाक्य का वही अर्थ नहीं रह पाता, जो वक्ता का अभीष्ट था। देशकाल से विच्छिन्न करके इस वाक्य को नए- नए मुल्लाओं ने शाश्वत समझ लिया, जैसे वह किसी धर्मग्रंथ का वाक्य हो और आस्था-विश्वास के कारण उस पर सवाल उठाना अधर्मी, नास्तिक या काफिर बन जाने जैसा हो तो उन लोगों ने इस अफीम के नशे से दूर रहने का उपदेश किया। सेक्यूलर स्टेट की बात थी कि राज्य किसी एक पंथ या मजहब को स्वीकार नहीं करेगा, सर्वधर्म समभाव के सिद्धांत का अनुसरण करेगा, लेकिन उन लोगों ने कमर कस ली कि वे व्यक्ति व्यक्ति के स्तर तक धर्मनिरपेक्षता या उनके अनुसार नास्तिकता को लागू करके ही दम लेंगे। उन लोगों का सत्ता के सूत्र से तो संबंध था, किसी न किसी पद पर विराजमान थे, लेकिन लोकजीवन से उनका संपर्क बन ही नहीं सका ताकि अपने सिद्धांत को लेकर लोगों से विमर्श कर सकें। अपनी बात समझा सकें और दूसरों की बात समझ सकें। बस एक ही रट थी कि धर्म अवैज्ञानिक है। वे समझ रहे थे कि उनकी किताबें हैं तो लोग उनको महापुरुष समझेंगे। उनके तर्कों को अकाट्य मान लेंगे। धर्म के व्यापक रूप का अध्ययन वे करते भी क्यों? वे तो सब कुछ जान चुके थे।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

परिणाम यह हुआ कि निहित-स्वार्थ के द्वारा धर्म की जो कुत्सित व्याख्या हो रही थी, वह और भी अधिक तेजी के साथ होने लगी। धर्म और धर्मसंस्था का द्वंद्व कोई नई बात तो थी नहीं। कृष्ण ने इन्द्र पूजा को चुनौती क्यों दी थी? बुद्ध और महावीर ने, क्यों धर्म की अभिनव व्याख्या की? कबीर, नानक ने उन रूढ़ियों को क्यों चुनौती दी? क्यों खड़े हुए? सूफी संतों ने शरीयत पर सवाल क्यों खड़ा कर दिया? दयानंद, विवेकानंद, अरविंद और महात्मा गांधी ने धर्म की व्याख्या क्यों की? ये बातें उनके कोर्स में ही नहीं थीं। परिणाम धर्म का मंच उन लोगों के पास चला गया अथवा चला जाने दिया गया, जो अपने धर्मग्रंथ को भी पढ़ पाने की योग्यता से वंचित हैं। कैसे-कैसे स्वामी, मठाधीश, महंत, भगवान, बापू, अवतार, रहीमराम टाइप गुरु उग आए। शास्त्र के ऐसे-ऐसे व्याख्याता, सामने आए, जो शुद्ध उच्चारण भी नहीं कर सकते। रसगुल्ला खाओ, कृपा आना शुरू हो जाएगा। कोटि-कोटि प्रणाम। अंधे अंधा ठेलिया दोनों कूप पड़ंत। दोनों ओर अतिवाद है। मरकजी मौलाना कह रहा था न। मौलाना ही क्या? बाकी जगहों पर भी हाल वैसा ही है। देश में ही नहीं। संसार में, धर्म के नाम पर धर्मसंस्थाओं का बोलबाला है। कुछ खलीफाओं ने तो धर्म को आतंक ही बना दिया है। नीम-हकीम खतरे जान, नीम मुल्ला खतरे ईमान। विश्व धर्मसंसद बैठे और कहे कि यह धर्म की कुत्सित व्याख्या है। यह अधर्म है। धर्म मनुष्यता है। दया, करुणा धर्म हैं। धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो। प्राणियों में सद्भावना हो। विश्व का कल्याण हो।

धर्म और धर्म-संस्था अथवा धर्म के तंत्र के अंतर को जानना आवश्यक है। दोनों में आकाश-पाताल का अंतर है। विश्व के किसी धर्म-पंथ को देख लीजिए। वैभव के बीच महलों में रहने वाला पोप ईसा मसीह का प्रतिनिधि कैसे हो सकता है? क्या सामान्य मुल्ला मुहम्मद साहब के विवेक का प्रवक्ता माना जा सकता है?

क्या सामान्य ग्रंथी गुरु नानक या गुरु तेग बहादुर अथवा गुरु गोविंद सिंह जैसा है? क्या सामान्य जैनमुनि को महावीर वर्धमान माना जा सकता है? क्या महास्थविर को महात्मा बुद्ध कह सकते हैं? क्या शंकर-पीठ का महंत आदिशंकराचार्य की प्रतिमूर्ति है? ईसा मसीह और पोप का अंतर बुद्ध और महास्थविर का अंतर, महावीर और मुनि का अंतर, मुहम्मद साहब और मुल्ला का अंतर, गुरु नानक और ग्रंथी का अंतर, कबीर और कबीरमठ के महंत का अंतर, आदिशंकराचार्य और पीठस्थ महंत का अंतर धर्म और धर्म के तंत्र का अंतर है। एक धर्म है और दूसरा धर्मसंस्था?

# राजनीति में पांव जमाने को पैसा बड़ी शर्त



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

मतदाताओं को रिझाने के अलग-अलग हथकंडे, भीड़ जुटाने के तरीके लोकतंत्र के हित में बिल्कुल भी नहीं हैं।

राजनीति में पांव जमाने के लिए पैसा सबसे बड़ी शर्त है। इसमें धन बल के साथ दबंग छवि भी अब जरूरी लगती। देश में लोकसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। किसी भी लोकतांत्रिक राज्य में सरकार का संचालन जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों के द्वारा होता है। किसी भी सशक्त लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष चुनाव आवश्यक है। यदि चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता रहेगी, तभी राष्ट्र मजबूत होगा।

संविधान निर्माताओं का यही मानना था इसीलिए बहुत सारे ऐसे प्रावधान किए गए हैं, जो लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने में सहायक सिद्ध होते हैं। आम नागरिक भी इसी बात से वास्ता रखता है, परंतु राजनीति के गिरते स्तर पर ही नहीं, लोकतंत्र के निर्वहन में ही प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। निर्वाचन आयोग एक स्वतंत्र संस्था है। संविधान ने इस संस्था को पूर्ण अधिकार दिए हैं ताकि यह निष्पक्ष चुनाव करा कर लोकतंत्र को जीवित रख सके। कहा जा सकता है कि संविधान का अनुच्छेद 324 निर्भय और निष्पक्ष चुनाव की गारंटी देने हेतु चुनाव आयोग के लिए कुंड के समान है, जो इस संस्था को तमाम अधिकारों से संपन्न कर मजबूती प्रदान करता है, परंतु बहुधा देखा जाता है कि सशस्त्र बलों की तैनाती के बावजूद पोलिंग बूथ पर बाहुबल का प्रयोग और बाहरी तत्वों का अवैधानिक हस्तक्षेप रहता है, जो निःसंदेह संविधान की आत्मा को कुरेदने वाली गतिविधियां हैं।

मतदाताओं को रिझाने के अलग-अलग हथकंडे, भीड़ जुटाने के तरीके लोकतंत्र के हित में बिल्कुल भी नहीं हैं। डॉ. राजेंद्र प्रसाद और लाल बहादुर शास्त्री जी जैसे लोगों का जमाना तो अब रहा नहीं कि तनख्वाह भी पूरी नहीं लेंगे, सादा खाना खाएंगे, अपने टिकट पर यात्रा करेंगे और रात को तख्त के बिस्तर पर सो जाएंगे। आज तो ऐसा नेता निरा बेवकूफ कहलाएगा। अपने ही घर में उसकी कोई कद्र नहीं होगी। बाहर तो पूछिए मत। सबसे बड़ी बात, राजनीति में प्रवेश करने के लिए कोई निर्धारित शैक्षिक योग्यता नहीं। अक्षर ज्ञान ही काफी है। आपराधिक चरित्र हो तो भी चलेगा, बल्कि अच्छा दौड़ लेगा।

अपने कार्यकाल में अकूत संपति जमा करके ये आने वाली कई पुश्तों का भलाकर जाते हैं। वोट मांगने तो आते हैं, उसके बाद पांच साल तक नजर नहीं आते। क्या कभी देखा उस नेता को दोबारा पैदल चलते हुए, जो आपके घर-आंगन में वोट मांगने पैदल चलकर आया था? काले शीशे वाली गाड़ियों में जब इनकी सवारी निकलती है तो आप पहचान भी नहीं पाएंगे। पहचान भी गए तो रोकने या बात करने की हिम्मत नहीं कर पाएंगे। घोषणापत्र के जो पर्चे घर घर बांट जाते हैं, वह बाद में किसे याद रहते हैं। हां बेवकूफ सी जनता जरूर इन्हें दराज या अलमारी में संभाल कर रखती है कि जब नेताजी जीत जाएंगे तो यह सारे वादे पूरे करेंगे और अगर नहीं करें तो उन्हें यह पर्चे दिखाएंगे। जनता पांच साल किसी तरह इंतजार करती है और सत्ता परिवर्तन का सपना देखती है। उसे लगता है कि लोकतंत्र में पांच साल बाद दूसरी लहर आएगी और सत्ता बदल जाएगी जो उसकी दुखती रगो का इलाज करेगी। मगर नामभर के लिए सत्ता जरूर बदल जाती है, पर शासकीय कार्य प्रणाली वही रह जाती है। उनका आचार व्यवहार पहले वालों से इतना मिलता है कि यकीन मानिए कुछ भी नहीं बदलता।

जनता पांच साल के लिए फिर निरीहता का आवरण ढक लेती है और ये सत्ता के सुघड़ दावेदार कछुए के मानिंद अपने सुरक्षा कवच के भीतर अगले पांच साल के लिए सबकी नजरों से दूर सुरक्षित। अपवाद हर जगह होते हैं। राजनीति में भी हैं। कुछ कर्मठ राजनीतिज्ञ जनता के बीच रहने वाले, उसके दुख दर्द को समझने वाले भी आपको इन्हीं लोगों के बीच में मिल जाएंगे पर बेहद कम। जिन राजनेताओं को जनता सिर माथे पर बैठाती है, माई बाप समझती है, उनका गैर जिम्मेदाराना व्यवहार समझ नहीं आता।

क्या आपको आता है? तमाम वादे और दावे कर वोटरों को लुभाया जाता है और चुनाव के बाद वही ढाक के तीन पात आखिर मतदाता होने पर गर्व कैसे महसूस करे कोई नागरिक? उम्मीद है कि हम आगामी लोकसभा चुनाव में बुद्धि और विवेक से अपने मतदान का प्रयोग करेंगे और चुनी गई सत्ता के द्वारा वायदे पूरे न होने पर सवाल करने में भी पीछे नहीं हटेंगे। इसी में लोकतंत्र का सार निहित है।

## सोशल फोरम

# विज्ञान और नियम से ऊपर उठे लोग

फलों के भंडारण और ट्रांसपोर्ट के सेक्टर में क्रांति आ चुकी है। बिक्री के वास्ते पूरा संसार फल के ठेलों पर मुहैया है। ब्राजील का आम, चीन का ड्रैगन फ्रूट, न्यूजीलैंड की किवी, इंग्लैंड की स्ट्रॉबेरी। साल के किसी भी महीने कोई भी फल खाया जा सकता है।



अशोक पांडे
हल्द्वानी

एक जमाना था कि दांत में बीज न फंसता तो अमरूद का सड़ा निकलना तय हुआ करता था। अब फोम की जाली लगा अमरूद आता है। उसमें बीज ही नहीं होता और मीठा इस कदर कि कई दफा शक होने लगता है कि अमरूद के नाम पर कोई फिरंगी फल खरीद लाए हैं। इस वाले अमरूद ने कौड़ियों के दाम मिल जाने वाले उस नितांत स्थानीय फल की मिट्टी पलीद कर दी है जिसके बारे में ज्ञानरंजन और मार्केज कहानियां और वीरेन डंगवाल कविताएं लिखा करते थे। सेबों को चमकाने में स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाला मोम इस्तेमाल किया जाता है।

चाकू से उसे खुरचे जाने वाला वीडियो सबने कम से कम एक बार जरूर देखा होगा, लेकिन सेब के बाजार में सबसे सनसनीखेज चीज है सेबों पर लगे स्टिकर। थोड़ी सी रिसर्च की तो पाया इनको लेकर कड़े अंतर्राष्ट्रीय मानक बने हुए हैं। इन स्टिकर्स पर बारकोड छपे होने चाहिए और वह भी अलग-अलग तरीके के। उसे ऑर्गेनिक तरीके से उगाया गया है और उसकी जेनेटिक इंजीनियरिंग कर पाना संभव न हो तो बारकोड पांच संख्याओं का होगा और 9 से शुरू होगा। 8 से शुरू होने वाला बारकोड बताएगा कि सेब को ऑर्गेनिक तरीके से उगाया तो गया है, लेकिन उसकी जेनेटिक्स में कृत्रिम तरीके से सुधार किया हुआ है। चार अंकों वाले कोड बताते हैं कि फल को उगाने में पारंपरिक कीटनाशकों या केमिकल्स का इस्तेमाल हुआ है। इन स्टिकर्स की भी अलग-अलग किस्में हैं। इसके अलावा स्टिकर्स में लगने वाली सामग्री को बायो डिग्रेडेबल भी होना चाहिए।

हम विज्ञान और नियम से ऊपर उठे हुए लोग हैं। इसलिए दुनिया का कोई भी नियम हम पर लागू नहीं होता। बायो डिग्रेडेबल और ऑर्गेनिक-फॉर्गेनिक के चक्कर में हम पड़ते ही नहीं। हमने पहले से ही अपना स्टीकर तैयार कर रखा है-'बेस्ट क्वालिटी'। इस स्टिकर के चिपकाने भर से ही सारे पाप धुल जाते हैं।

-फेसबुक वॉल से

# भयानक जल संकट की आहट

पानी का संकट साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है, जो क्षेत्र कुछ दशक पहले तक पानी से भरपूर थे, वहां से भी पानी के अभाव की खबरें मिलने लगी हैं। यदि स्थिति में शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो वह दिन दूर नहीं जब दुनिया की एक बड़ी आबादी पानी के संकट का सामना करेगी।

संयुक्त राष्ट्र संघ की एक ताजा रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि वर्ष 2050 तक दुनिया भर में लगभग तीन अरब लोग ऐसे होंगे, जो पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रहे होंगे। अनुमान है कि इसकी सबसे ज्यादा मार भारत में ही पड़ेगी। हाल ही में आई उक्त रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने एक विस्तृत अध्ययन के बाद कहा है कि नदियां इतनी दूषित हो चुकी होंगी कि उन का पानी मानव और वन्य जीवों सभी के लिए ही 'असुरक्षित' हो जाएगा। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु विज्ञान पर काम करने वाली समिति द्वारा जारी उक्त रिपोर्ट में कहा गया है कि साल में कम से कम एक महीना ऐसा होता है जब दुनिया की लगभग आधी आबादी जल संकट का सामना करती है। रिपोर्ट के अनुसार बढ़ती मांग और ग्लोबल वार्मिंग वैश्विक स्तर पर पानी की सप्लाई के सामने सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। इसके साथ ही जल प्रदूषण भी एक बड़ी समस्या है जिसके कारण जल संकट का खतरा और भी बढ़ता जा रहा है।



दिनेश चंद्र शर्मा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

वैज्ञानिकों का मानना है कि अभी हमारे पास विकल्प हैं और स्थिति को बेहतर बनाया जा सकता है। अतः हमें समय रहते स्थिति को शीघ्र सुधारने के लिए गंभीरता से प्रयास आरंभ कर देने चाहिए। पानी में नाइट्रोजन प्रदूषण को रोकने के विषय में वैज्ञानिकों का मानना है कि पानी की स्थिति को खराब होने से रोका जा सकता है और कुछ हद तक उसे बेहतर भी बनाया जा सकता है। इसके लिए ज्यादा सक्षम खाद का इस्तेमाल करना होगा और शाकाहार को प्रोत्साहित करना होगा तथा अधिकतर वैश्विक जनसंख्या को जल संसाधन की सुविधाओं से जोड़ना होगा। दुनियाभर में पानी का संकट विकराल रूप धारण करता जा रहा है। लगभग आठ अरब वाली हमारी प्यारी धरती पर लगातार जनसंख्या का दबाव बढ़ रहा है। परिणाम स्वरूप पानी की खपत भी बढ़ रही है।

अध्ययन बतलाते हैं कि फिलहाल कृषि क्षेत्र पानी की सबसे ज्यादा खपत करता है। विश्व में मौजूद मीठे जल का 70 फीसदी हिस्सा कृषि में खर्च होता है। पानी की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भूजल का ज्यादा से ज्यादा दोहन हो रहा है। इसी कारण दुनियाभर के भूजल भंडार में हर साल 100-200 घन किलोमीटर की कमी आ रही है। यह बहुत ही चिंताजनक स्थिति है। ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से हो रहे जलवायु परिवर्तन के कारण अब प्रतिवर्ष दुनिया के कुछ भाग बाढ़ का शिकार हो रहे हैं तो कुछ गंभीर सूखे का सामना कर रहे हैं।

तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने पर नमी सात फीसदी बढ़ती है। नमी बढ़ने का अर्थ है कि असमय तेज वर्षा, बाढ़, भूस्खलन, फसलों की बर्बादी और पेयजल का दूषित होना। स्पष्ट है कि आज एक भयानक जल संकट की आहट स्पष्ट सुनाई दे रही है। उपरोक्त स्थिति को देखते हुए हम सभी का दायित्व है कि हम अपने और अपनी भावी पीढ़ियों के सुंदर और सुखमय भविष्य के लिए जल को संरक्षित करने के लिए हर संभव प्रयास करें।

# बुच्ची धारणाएं

लगभग दो हफ्ते गए, सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने भारतीय शेयर बाजार की महीनों चलती रैली पर अपना विचार दिया कि वह रैली, जो छोटी और मध्यम पूंजी की कंपनियों के स्टॉक्स के बाजार मूल्य में बेतहाशा बढ़त के चलते रही, एक बुलबुले की तरह है, जो कभी भी फूट जा सकता है। श्रीमती बुच के इस ऑब्जर्वेशन पर शेयर बाजार की भयानक प्रतिक्रिया देखी गई और स्टॉक्स के मूल्य मुंह के बल गिर गए। हजारों निवेशकों ने खरबों की पूंजी गंवा दी। लगने लगा कि विदेश में प्रवृत्त मंदी का असर भारत में भी आ फैला। ब्रिटिश अर्थशास्त्री जेएम केंस ने कहा था कि बड़े लोगों के कथन का बहुत गहरा प्रभाव होता है, तब जब वे सही बात कहें और तब भी जब कि वे गलत बात कह दें।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

अब श्रीमती बुच ठहरीं सेबी की चेयरपर्सन और सेबी है शेयर बाजार की नियामक संस्था। येषां निमेषणोन्मेषे जगतां प्रलयोदयौ (उनकी पलकें मुंदती तो फना होती है/पलकें खुलती तो चमन बन के निखरती दुनियां)। तो उनके कथन का गंभीर अर्थ लिया बाजार ने। बेतरीके की बिकवाली शुरू हुई। म्युचल फंड वालों की घिग्घी बंध गई। निवेशक पिट गए, हताश, लेकिन शेयर बाजार ने घायल नाग की तरह पलटवार हमला किया और फिर से जबर्दस्त तेजी लौट आई। अब श्रीमती बुच ने अपना बयान बदल लिया है। उन्होंने कहा है कि छोटे और मध्यम दर्जे की कंपनियां इतना अच्छा कर रही हैं कि विदेशी निवेशक उन पर लट्टू हैं। भारतीय पूंजी बाजार में वे जबर्दस्त निवेश कर रहे हैं। मतलब, यह रैली बुलबुला नहीं है। कुछ लोग यह भी कह रहे हैं कि हालांकि विदेशी पूंजी अपने घर में आती हुई मंदी से डर गई है। अतः वह भारतीय शेयर बाजार में पनाह ले रही है।

काबिल-ए-गौर बात है कि विदेशी पूंजी भारत के उद्योगों में निवेश करने में रुचि नहीं ले रही है, परंतु भारत के शेयर बाजार में रुचि ले रही है। इसका अर्थ है कि विदेशी पूंजी वास्तविक विनियोग करने की मंशा नहीं रखती। उनकी रुचि अल्पकालीन है। उनकी रुचि भारत की विकासशीलता में न होकर केवल फायदा लूटने में है। मतलब यह भी है कि अगर उनके अपने देश की स्थिति में सुधार हुआ तो विदेशी पूंजी भारत को दगा देने में देर नहीं करेगी। यह स्थिति चिंतनीय है। यह भी मजेदार बात है कि बड़ी पूंजी वाली कंपनियों के स्टॉक्स सर झुकाए, नैनन में नीर लिए, गुमसुम खड़े हैं। यह भी भूलना नहीं है कि भारत में इलेक्शन होने वाला है। पूंजी बाजार से इसके गहरे ताल्लुकात हैं। मंदी का असर चुनाव पर पड़ेगा और भारत के भविष्य पर भी।

# अमेठी की चुनावी रणभूमि में राजीव से भिड़ी थीं मेनका

**1984** के लोकसभा चुनाव में गांधी परिवार की आपसी लड़ाई आई थी सामने | **4,36,263** कुल वोट पड़े थे उस चुनाव में | **3,65,041** वोट राजीव व मेनका को मिले थे 50163 वोट

नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर रायबरेली


अतीत के झरोखे से

**अमृत विचार:** 1984 में अमेठी लोकसभा का चुनाव ऐसा था, जिसमें गांधी परिवार का आपसी टकराव देश के सामने आया था। काफी चर्चित रहे 1984 के चुनाव में गांधी परिवार के दो सदस्य राजीव गांधी और मेनका गांधी ही एक दूसरे के खिलाफ अमेठी से चुनावी मैदान में उतर गए थे। हालांकि राजीव के सामने मेनका की जमानत जब्त हो गई थी।

31 अक्टूबर 1984 को इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजीव गांधी प्रधानमंत्री बन चुके थे। राजीव गांधी उस समय अमेठी से सांसद थे। 26 दिसंबर 1984 को आम चुनावों की तिथि निर्धारित हो गई थी। राजीव गांधी फिर से अमेठी से चुनावी मैदान में थे। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद गांधी परिवार में चल रही अंदर खाने की लड़ाई बाहर आ गई । मेनका गांधी ने उस समय प्रधानमंत्री रहे राजीव गांधी के खिलाफ अमेठी से 'संजय विचार मंच' से चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। गांधी परिवार के ही दो सदस्य एक दूसरे के सामने थे। एक तरफ प्रधानमंत्री राजीव गांधी थे तो दूसरी तरफ निर्दलीय मेनका गांधी। लोगों की जनभावनाएं दोनो तरफ थी।

पुराने लोगों का कहना है कि अमेठी की जनता बड़ी दुविधा में थी कि एक तरफ इंदिरा गांधी की हत्या के बाद जनता की सहानभूति राजीव गांधी के साथ थी वहीं दूसरी ओर नन्हें वरुण गांधी को गोद में लिए अमेठी के सांसद रहे संजय गांधी की विधवा पत्नी मेनका गांधी के प्रति आत्मीय लगाव। मेनका गांधी की सभाओं में भीड़ तो उमड़ती थी लेकिन ये भीड़ वोट में तब्दील नहीं हो सकी। इंदिरा गांधी की हत्या से उमड़ी सहानभूति की लहर में अमेठी की जनता ने राजीव गांधी को चुना। मेनका गांधी की जमानत नहीं बच पाई।


राजीव गांधी।


बेटे वरुण के साथ मेनका गांधी।

### 31 प्रत्याशी थे चुनावी मैदान में

1984 के चुनाव में कांग्रेस से राजीव गांधी व दूरदर्शी पार्टी से कुंवर ब्रजेश सिंह चुनावी मैदान में थे। जबकि मेनका गांधी सहित 29 उम्मीदवार निर्दलीय ही चुनावी रणभूमि में उतरे थे। हालांकि मुख्य मुकाबला राजीव व मेनका के बीच ही माना जा रहा था।

# चौका लगाएंगे पाल या मात देगी गठबंधन की चाल

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार:** 2024 के चुनावी पिच पर डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में भाजपा का बल्ला चला तो जगदंबिका पाल का चौका लगना तय है। इस लोकसभा के चुनावी पिच पर अभी तक बसपा और इंडिया गठबंधन कोई खिलाड़ी 2024 के चुनावी मैदान में नहीं उतारा है। इंडिया गठबंधन और बसपा ऐसे चेहरे की तलाश कर ही रही है। जो जगदंबिका पाल जैसे राजनीति के माहिर खिलाड़ी को मात दे सके।

भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र में पहली बार उन्होंने 2004 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े थे परंतु उन्हे हार का मुंह देखना पड़ा था। किंतु वह जनता के बीच लगे रहे और 2009 के चुनाव में 20 साल बाद डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र में जगदंबिका पाल ने कांग्रेस से जीत दर्ज कराई। इसके बाद 2014 में जगदंबिका पाल ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थामा भाजपा ने उन पर अपना विश्वास जताते हुए 2019 में प्रत्याशी बनाया। 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन था 2019 का चुनाव काफी रोचक रहा। बसपा प्रत्याशी आफताब आलम ने उस समय गजब का बैटिंग करते हुए मुकाबला किया किंतु उस चुनाव में जगदंबिका पाल ने 105000 मतों से सपा बसपा गठबंधन प्रत्याशी आफताब आलम को हरा दिया । भाजपा ने पुन जगदंबिका पाल पर अपना विश्वास जताते हुए तीसरी बार 2024 के चुनावी पिच पर प्रत्याशी के रूप में उतार दिया है। किंतु अभी तक इंडिया गठबंधन और बसपा प्रत्याशी का दूर-दूर तक कहीं भी नामोनिशान नहीं दिखाई पड़ रहा है। मतदाता की निगाहें इस आस से दोनों प्रत्याशियों के आने की बाट जोह रहे हैं। कि शायद कोई पाल को आउट कर सके।

सपा प्रत्याशी के रूप में ब्राह्मण चेहरा विनय शंकर त्रिपाठी की चर्चा लगातार चल रही है डुमरियागंज संसदीय सीट से पिच पर बैटिंग करने उतरते हैं तो यहां का चुनाव काफी रोचक हो जाएगा। यहां के चुनाव में ब्राह्मण और मुस्लिम मतदाता की अहम भूमिका जीत के लिए रहती है, और अगर विनय शंकर त्रिपाठी चुनावी समर में उतरते हैं तो लोकसभा डुमरियागंज का चुनाव काफी रोचक हो सकता है।


जगदंबिका पाल

● **विनय शंकर त्रिपाठी हो सकते हैं इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार**

# पहले जितनी थी गोंडा-बलरामपुर की आबादी, अब उतने एक क्षेत्र में मतदाता

## पांच गुना बढ़े मतदाताओं तक पहुंचना हुआ दुष्कर, प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया सहित अन्य प्लेटफार्म का सहारा

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार:** 1951 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में प्रचार के जो साधन थे अब वे बदल गए। हर घर तक पहुंचने की उम्मीदवारों की ललक भी कम हो गई। संसाधन बदल गए, मानक बदल गए और चुनाव कराने वाली एजेंसी के नियम भी बदल गए। मतदान का तरीका बदल गया। 1951 में मतदाताओं में जो उल्लास था और विश्वसनीयता थी वह भी बदल गई। एक जीप के आने पर गांव के युवा व लड़के पर्चा लूटने तथा बिल्ला मांगने के लिए जुटते थे वह तरीका भी बदल गया। इसका कारण विकास की ओर बढ़ते भारत तथा सुरसा की तरह मुहं फैलाए जनसंख्या है।

1551-52 में जब देश का पहला चुनाव हुआ था तो गोंडा-बलरामपुर की कुल आबादी 18 लाख के करीब थी। और अब दोनों को मिलाकर कुल आबादी 70 लाख से अधिक हो गई है। गोंडा और बलरामपुर लोकसभा के उम्मीदवार का चयन तब करीब 10-12 लाख मतदाता करते थे और 36 लाख से अधिक मतदाता करेंगे।

बात करते हैं 1951 में गोंडा की। गोंडा जिले की कुल आबादी 1877671 थी। इसमें तीन तहसीलें व आठ नगर निकाय शामिल थे। उस वक्त बलरामपुर भी गोंडा जिले का भाग था। तीन तहसीलों में गोंडा तहसील की कुल आबादी 455738, तरबगंज तहसील की आबादी 428824 तथा उतरौला तहसील क्षेत्र की आबादी 901242 थी। इसके अलावा गोंडा नगर पालिका में 32749, कटरा बाजार में 2261, खरगूपुर में 3420, करनैलगंज में 8386, नवाबगंज में 5825, बलरामपुर में 23130, तुलसीपुर में 7338 तथा उतरौला नगर में 8738 लोग निवास करते थे।

1951 में भी गोंडा में दो लोकसभा क्षेत्र था। एक गोंडा तथा दूसरा बलरामपुर। दोनों लोकसभा क्षेत्र की कुल आबादी 18 लाख के करीब थी और 74 साल बाद भी दो ही लोकसभा है जिसकी कुल आबादी 70 लाख से अधिक है। एक लोकसभा क्षेत्र में उस दरम्यान 5 से 7 लाख मतदाता अपना रहनुमा चुनते थे अब 18 लाख से अधिक मतदाता अपने सांसद का चुनाव करते हैं। आबादी के लिहाज से यदि लोकसभा क्षेत्र का पुनर्गठन होता है तो गोंडा और बलरामपुर में तीन लोकसभा क्षेत्र बन सकते हैं।

### गोंडा लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाता

| विधानसभा | कुल मतदाता | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर |
|---|---|---|---|---|
| गोंडा | 352430 | 187839 | 164561 | 30 |
| मेहनौन | 372559 | 200352 | 172196 | 11 |
| मनकापुर | 333968 | 178042 | 155926 | 00 |
| उतरौला | 426913 | 231116 | 195767 | 30 |
| गौरा | 327327 | 176726 | 150593 | 08 |
| कुल | 1813197 | 974075 | 839043 | 79 |
| गोंडा जिले में बढ़े मतदाता – 74 हजार | | विलोपित– | 48 हजार | |

### बलरामपुर-श्रावस्ती

| विधानसभा क्षेत्र | कुल मतदाता | पुरूष | महिला | थर्ड जेंडर |
|---|---|---|---|---|
| बलरामपुर सदर | 418992 | 227634 | 193383 | 10 |
| तुलसीपुर | 377515 | 203213 | 174283 | 19 |
| गैसड़ी | 360708 | 192889 | 167794 | 25 |
| श्रावस्ती | 421161 | 222338 | 198809 | 14 |
| भिनगा | 393415 | 210270 | 183143 | 2 |
| कुल– | 1971791 | 1056344 | 917412 | 70 |

### परिसीमन में कुछ विधानसभा क्षेत्र जुड़े कुछ कटे

● 2009 में हुए लोकसभा के परिसीमन में कई लोकसभा क्षेत्रों में बदलाव हो गया। कैसरगंज लोकसभा में बाराबंकी के जो क्षेत्र शामिल थे वे 2009 में हट गए और गोंडा जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र तरबगंज, कटरा बाजार व करनैलगंज को शामिल किया गया। इसी तरह गोंडा लोकसभा में शामिल कटरा बाजार, करनैलगंज को हटा दिया गया और नए नाम से बनी गौरा विधानसभा, उतरौला विधानसभा क्षेत्र के साथ गोंडा, मेहनौन व मनकापुर को शामिल किया गया। बस्ती में जिले की डिक्सर विधानसभा क्षेत्र को हटा कर तरबगंज किया गया और इसे करनैलगंज में शामिल किया गया। ऐसे ही बलरामपुर लोकसभा क्षेत्र का नाम श्रावस्ती कर दिया गया और श्रावस्ती के दो विधानसभा क्षेत्रों के साथ बलरामपुर की तीन विधानसभा क्षेत्रों को जोड़ दिया गया।

### घर-घर तो दूर अब गांव तक नहीं पहुंच पा रहे उम्मीदवार

● पहले के आम चुनावों में उम्मीदवार दिन रात चलकर हर मतदाता तक पहुंचने का प्रयास करते थे। 1951 में सड़कें भी नहीं थीं। चकरोड़, लीक के रास्ते धूल उड़ाते जब नेता जी गांव की ओर बढ़ते थे तो गांव के लोग स्वयं एकत्र होकर उनकी बात सुनते थे। लेकिन अब गांव तक पक्की सड़क होने के बावजूद उम्मीदवार गांवों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इसलिए नुक्कड़ नाटक, जनसभा तथा सोशल मीडिया या अन्य साधनों से उम्मीवार आम मतदाता तक अपनी बात पहुंचा रहे हैं।



### हर बार बदला उम्मीदवार, दल बदलकर ही दोबारा संसद पहुंचे सांसद

# किसी भी दल ने दोबारा नहीं बनाया अपने सांसद को प्रत्याशी




राजू जायसवाल, बहराइच

**अमृत विचार:** बहराइच सीट से वर्ष 1952 से वर्ष 2019 तक हुए लोकसभा चुनाव में किसी एक प्रत्याशी को निरंतर दो बार टिकट नहीं मिला है। इसे संयोग ही कहा जायेगा। हालांकि भाजपा के पदम सेन चौधरी और तत्कालीन कांग्रेस नेता आरिफ मोहम्मद खान ने कुछ वर्षों के अंतराल में दो बार जीत दर्ज कर संसद का रुख जरूर किया है।

बहराइच लोकसभा का गठन वर्ष 1952 में हुआ था। गठन के बाद इस बार वर्ष 2024 में 18वा प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। हालांकि इस सीट पर संयोग कहें या किसी पार्टी के पास सक्षम प्रत्याशी न होना कहा जाए तो गलत नहीं होगा। वर्ष 1952 से वर्ष 2024 लोकसभा चुनाव की बात करें तो बहराइच सीट से लगातार किसी एक प्रत्याशी को किसी भी पार्टी ने टिकट नहीं दिया है। तत्कालीन कांग्रेस नेता आरिफ मोहम्मद खान ने वर्ष 1984 और वर्ष 1989 का चुनाव जनता दल के टिकट से लड़ा और चुनाव भी जीता था। लेकिन पार्टी अलग होने के चलते वह रिकार्ड नहीं बना सके। इसके बाद केरल के राज्यपाल

▸▸ **आरिफ ने ही लगातार दो बार दल बदलकर जीती सीट**

**बहराइच में शामिल हैं यह विधानसभा क्षेत्र**

बहराइच सीट में पांच विधान सभा क्षेत्र के मतदाता मतदान करते हैं। इनमें बहराइच, बलहा, मटेरा, नानपारा और महसी विधान सभा के मतदाता मतदान कर सांसद का चुनाव करेंगे।

आरिफ मोहम्मद खान ने वर्ष 1998 के चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ते हुए जीत का परचम फहराया था। इसी तरह भाजपा पार्टी से वर्तमान विधान परिषद सदस्य पदम सेन चौधरी ने वर्ष 1996 और 1999 के चुनाव में जीत दर्ज की थी। इस पर पुनः भाजपा ने वर्तमान सांसद अक्षयवर लाल का टिकट काटते हुए उनके पुत्र डॉक्टर आनंद गोंड को प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में साफ है कि बहराइच सीट से किसी एक पार्टी का प्रत्याशी निरंतर चुनाव नहीं लड़ पाया है।

### मतदाताओं की संख्या एक नजर में (बहराइच)

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 2602762 है। |
| पुरुष मतदाता | 1373392 |
| महिला मतदाता | 1229288 |

### अब तक हुए चुनाव जीते प्रत्याशी

| | | |
|---|---|---|
| रफी अहमद किदवाई | कांग्रेस | 1952 |
| सरदार जोगेन्द्र सिंह | कांग्रेस | 1957 |
| राजा राम सिंह | स्वतन्त्र पार्टी | 1962 |
| के के नायर | जनसंघ | 1967 |
| पण्डित बदलू राम | कांग्रेस | 1971 |
| ओम प्रकाश त्यागी | जनतापार्टी | 1977 |
| मुजफ्फर हुसैन | कांग्रेस | 1980 |
| आरिफ मो0 खां | कांग्रेस | 1984 |
| आरिफ मो0 खां | जनता दल | 1989 |
| रुद्र सेन चौधरी | भाजपा | 1991 |
| पद्मसेन चौधरी | भाजपा | 1996 |
| आरिफ मो0 खान | बसपा | 1998 |
| पदमसेन चौधरी | भाजपा | 1999 |
| रुबाब सईदा | सपा | 2004 |
| कमल किशोर | कांग्रेस (अजा) | 2009 |
| सावित्रीबाई | भाजपा | 2014 |
| अक्षयवर लाल | भाजपा | 2019 |

# भाजपा का अभेद्य दुर्ग रहा है लखनऊ का पश्चिम विधानसभा क्षेत्र

**पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में वर्ग विशेष के मतदाता अधिक, फिर भी नहीं लग पा रही सेंध** | **भाजपा प्रत्याशी को दोनों पार्टी के प्रत्याशियों से अधिक वोट मिला**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चुनावी महासमर का आगाज हो चुका है और सभी पार्टियों ने अपनी राजनीतिक बिसात बिछा दी है। एक-दूसरे को पटखनी देने के लिए तैयारी की जा रही है, मगर इंडिया गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी के सामने चुनौती होगी पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वोट बैंक में सेंध लगाने की। क्योंकि आंकड़े बताते हैं कि 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में वर्ग विशेष वाली पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को चारो खाने चित कर दिया था।



वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले अलग ही माहौल बन चुका था। यूपीए के दस वर्षों के शासन को देख चुके मतदाता बदलाव के मूड में थे। साथ ही मोदी लहर भी अपने चरम पर थी। भाजपा नेतृत्व ने प्रधानमंत्री पद के लिए मोदी को चेहरा घोषित कर दिया था। मोदी के चेहरे के साथ ही भाजपा सत्ता के महासंग्राम में कूदी थी। लखनऊ संसदीय सीट से राजनाथ सिंह को उम्मीदवार बनाया गया था। लखनऊ संसदीय सीट के तहत पांच विधानसभाएं आती हैं। इसमें कैंट विधानसभा को भाजपा का गढ़ माना जाता है। जबकि पश्चिम विधानसभा सीट पर एक वर्ग विशेष के मतदाता निर्णायक की भूमिका में होते हैं। भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह को पश्चिम विधानसभा से 1,01,373, कांग्रेस प्रत्याशी रीता बहुगुणा जोशी को 65,949 और सपा प्रत्याशी अभिषेक मिश्रा को 11,249 मत मिले। वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में राजनाथ सिंह को पश्चिम विधानसभा से 1,15,491, सपा प्रत्याशी पूनम सिन्हा को 61,005 और कांग्रेस प्रत्याशी आचार्य प्रमोद कृष्णम को 47,791 वोट मिले थे। दोनों दलों में कोई भी पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के दुर्ग को नहीं भेद सका।

इस बार इंडिया गठबंधन के तहत समाजवादी पार्टी ने रविदास मल्होत्रा को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस मल्होत्रा के पक्ष में जोर-शोर से प्रचार करेगी। चार जून को ही पता चल सकेगा कि सपा-कांग्रेस क्या एकसाथ आने के बाद भाजपा के अभेद दुर्ग पश्चिम विधानसभा में परचम लहरा पाते हैं या नहीं।

**रणनीति** | अंबेडकर नगर सीट पर त्रिकोणीय संघर्ष के बन रहे आसार, नामांकन से पहले ही बढ़ी सरगर्मी

# बसपा नेताओं के भरोसे भाजपा और सपा की नैया

## मिशन 80 को भेदने के लिए सपा ने बैठाई गणित, बसपा छोड़कर आये नेताओं पर ही सपा व भाजपा का दांव

पदमाकर पाण्डेय,लखनऊ

**अमृत विचार:** भाजपा के लिए मिशन 80 को साधने के तहत उप्र. की अंबेडकर नगर सीट पर भी विजय हासिल करना चुनौती होगी। यहां पुराने और मौजूदा बसपा नेताओं के बीच ही आपस में टक्कर है। हालांकि मुख्य मुकाबला भाजपा और सपा के बीच माना जा रहा है। दरअसल, पिछली बार चुनाव में जीते सांसद रितेश पाण्डेय बसपा छोड़ने के बाद अब भाजपा के टिकट पर यहां से किस्मत अजमा रहे हैं। सपा ने साढ़े तीन दशक से राजनीति में जमे पूर्व बसपा नेता लालजी वर्मा को मैदान में उतारा है। वहीं, बसपा ने कलाम शाह को प्रत्याशी बनाया है। इसके बाद भी भाजपा की राह आसान नहीं मानी जा रही क्योंकि यह सीट मुस्लिम-दलित बाहुल्य है।

ऐसे में अंबेडकर नगर सीट को भाजपा की ओर से ब्राम्हण प्रत्याशी देना, किसी प्रयोग से कम नहीं। वैसे भी क्षेत्र का राजनीतिक इतिहास बताता है कि यह सीट भाजपा के लिए सहज कभी नहीं रही है। 2014 में यहां पर भाजपा ने मोदी लहर में जीत दर्ज थी, मगर 2019 में स्थितियां फिर से विपरीत हो गई, जब सपा-बसपा गठबंधन में बसपा के प्रत्याशी रितेश पाण्डेय ने भाजपा के मुकुट बिहारी को करीब 96 हजार से अधिक वोटों से पराजित किया था।



रितेश पांडेय की इस जीत में पिता व पूर्व सांसद राकेश पाण्डेय के दबदबे को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वो भी बसपा से सांसद रह चुके हैं और वर्तमान में सपा से विधायक हैं। गंभीर सवाल तो यह है कि क्या इस चुनाव में वह अपने पुत्र का समर्थन करेंगे या फिर अपनी पार्टी के उम्मीदवार लाल जी वर्मा का?




दूसरी तरफ लाल जी वर्मा के राजनीतिक व्यक्तित्व की बात की जाये तो, बसपा के लालजी वर्मा व राम अचल राजभर, जमीनी स्तर के नेताओं का जिले में खासा प्रभाव है। इन्होंने दशकों से अपनी राजनीति के बल पर जिले में बसपा को रोपा है। इन्हीं की वजह से लोकसभा सीट व विधानसभा की पांचो सीटें ज्यादातर समय बसपा के कब्जे में रही है, या फिर सपा के पाले में गई है।

मौजूदा समय में ये दोनो ही नेता, सपा का दामन थाम चुके हैं। इनके सपा में जाने के बाद ही 2022 में अंबेडकर नगर अंतर्गत पांचों विधानसभा सीटो पर सपा ने परचम लहराया था। अंबेडकर नगर के पूर्व जिला अध्यक्ष मिथलेश त्रिपाठी का दावा है कि भाजपा प्रत्याशी रितेश पाण्डेय ही नहीं, उनके पूरे परिवार का क्षेत्र में खासा जनाधार है। वह सपा के मंच से दूर हैं और भाजपा प्रत्याशी का समर्थन कर रहे हैं।

अंबेडकरनगर के जलालपुर विधानसभा सीट से सपा विधायक राकेश पाण्डेय बीते दिनों राज्यसभा के चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों का समर्थन करने वाले सपा के सात विधायकों में शामिल थे। इसके बाद उन्होंने पुत्र रितेश के समर्थन में प्रचार करना शुरू कर दिया है। चर्चा है कि वह खुद भी भाजपा का दामन थामना चाहते हैं।

# जेल जाने से भी डर रहे अपराधी : मुख्यमंत्री

## आगरा में चुनाव प्रचार के दौरान योगी ने कहा, डर न हो तो माफिया कर देंगे गरीबों का जीना मुहाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/आगरा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए आगरा में प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने फतेहपुर सीकरी से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर के लिए जनचौपाल और आगरा सीट से प्रत्याशी प्रो. एसपी सिंह बघेल के समर्थन में प्रबुद्धजनों को संबोधित किया। यहां मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कानून व्यवस्था के मोर्चे पर सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति के बारे में बताते हुए कहा कि आज अपराधियों में सरकार का भय व्याप्त हो चुका है। यहां तक कि अब अपराधी जेल भी जाने से कतराने लगे हैं। उन्होंने कहा कि माफिया में अगर डर न हो तो वो गरीबों का जीना मुहाल कर देंगे।

**▶▶ फतेहपुर सीकरी में मुख्यमंत्री ने की जनचौपाल, सूरसदन में प्रबुद्धों से संवाद**

फतेहपुर सीकरी में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले अधिकांश क्षेत्रों में सूर्य अस्त होने के बाद थानों में भी ताले लग जाते थे। अपराधी सोचते थे कि पिछली सरकारों की तरह ही यह सरकार भी रहेगी, लेकिन हमारी सरकार ने कहा कि हम जीरो टालरेंस की नीति पर चलेंगे। तुम अपराध बंद करो या कीमत चुकाने को तैयार रहो।

वहीं, आगरा के सूरसदन में पार्टी प्रत्याशी प्रो. एसपी सिंह बघेल के पक्ष में प्रबुद्धजनों से संवाद स्थापित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चुनाव पहले ही दो ध्रुवों में विभाजित हो चुका है। इस बार फैमिली बनाम नेशन फर्स्ट, तुष्टीकरण बनाम राष्ट्रवाद, भ्रष्टाचार बनाम जीरो टॉलरेंस के बीच मुकाबला है। उन्होंने कहा कि विपक्षी इंडी गठबंधन की हालत खराब है, उन्हें ढूंढने से भी प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं।




आगरा के सूरसदन में हुए प्रबुद्धजन सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गदा भेंट करते सांसद एसपी सिंह बघेल। अमृत विचार

### प्रधानमंत्री के प्रतिनिधि बनकर घर घर जाएं

अपने संबोधन में योगी ने दावा किया कि, 18वीं लोकसभा का चुनाव पहला ऐसा चुनाव है जिसके परिणाम के बारे में उत्तर, दक्षिण, पूरब, पश्चिम कहीं किसी को कोई संदेह नहीं है। हर तरफ से एक ही आवाज आ रही है। उन्होंने कहा कि आगरा में जीत सुनिश्चित है, मगर इस जीत को ऐतिहासिक बनाने के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ना है। उन्होंने प्रबुद्धजनों से अपील की कि वे सभी प्रधानमंत्री मोदी के प्रतिनिधि बनकर घर-घर जाएं और जनता को एक-एक वोट की ताकत समझाएं।

### गाजियाबाद में राजनाथ ने किया जनसभा को संबोधित



अमृत विचार, लखनऊ : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को गाजियाबाद के रामलीला मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस कार्यक्रम के दौरान मंच पर उप्र. के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज सहित अन्य नेतागण मौजूद रहे। जनसभा में राजनाथ सिंह ने भाजपा के जनकल्याणकारी कार्यों पर प्रकाश डालते हुए पूर्व सरकारों के भ्रष्टाचार पर अंकुश न लगा पाने का आरोप लगाया। साथ ही, उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध उठाए गए कठोर कदमों के बारे में बताया। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री ने जनता से स्थानीय पार्टी प्रत्याशी अतुल गर्ग को भी विजयी बनाने की अपील की।

### योगी ने अति आत्मविश्वास से बचने की दी सलाह



वाराणसी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में चुनाव की रणनीति बनाने के लिए बुधवार को पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां रोहनिया स्थित भाजपा कार्यालय में लोकसभा चुनाव प्रबंधन संचालन समिति के साथ बैठक की। इसमें प्रधानमंत्री की रिकॉर्ड जीत के लिए कार्यकर्ताओं को मंत्र दिया। मुख्यमंत्री का पूरा जोर बूथ मजबूती पर था। योगी ने यहां कहा कि चुनाव में प्रधानमंत्री को विजय मिलेगी, इसमें किसी को संदेह नहीं है। मत प्रतिशत बढ़ेगा, इसमें भी संदेह नहीं है, लेकिन अति आत्मविश्वास सदैव घातक होता है। अति आत्मविश्वास से बचते हुए कार्य करना होगा। प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल शक्ति केंद्र के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बूथ पर एक साथ इकट्ठा होकर बैठें और रणनीति तय करें कि इस बूथ क्षेत्र में कितने घर हैं। उनसे संपर्क करें। केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों व विकास योजनाओं की जानकारी आमजन से साझा करें।

## एक नजर

### युवाओं की जागरूकता से बढ़ेगा मतदान

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वीप कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन ने कहा कि यदि युवाओं को जागरूक किया जाए तो मतदान फीसद बढ़ेगा। 70 फीसद से अधिक मतदान का लक्ष्य तय करते हुए युवाओं को प्रेरित करें। बुधवार को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। लोकसभा चुनाव के लिए विभाग, शिक्षण संस्थान के नोडल अधिकारी, प्राचार्य व शिक्षकों के साथ 20 मई को होने वाले मतदान फीसद बढ़ाने पर चर्चा की। कहा कि युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करें। वोटर हेल्पलाइन एप पर अपना नाम मतदाता सूची में देखें। अन्य मतदाताओं को जागरूक करने की अपील की। प्रत्येक शैक्षणिक संस्था में निर्वाचन जागरूकता क्लब का गठन किया जाए। मॉक यूथ पार्लियामेंट का गठन, विभिन्न सामाजिक समस्याओं पर चर्चा, वोटर लिस्ट में मॉक रजिस्ट्रेशन, मॉक पोलिंग स्टेशन का निर्माण किया जाए।

### सहभागिता के गोवंशों की नवंबर से नहीं मांगी राशि

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत पशु पालकों को दिए गए गोवंशों के ईयर टैग का सत्यापन न होने के कारण भरण-पोषण की राशि नवंबर से नहीं मांगी गई है। पशु पालन विभाग के पास बजट है। योजना में गोशालाओं के 6162 निराश्रित गोवंश पशु पालकों को दिए गए हैं। इनके भरण-पोषण के लिए विभाग 50 रुपये प्रति दिन के हिसाब से पालकों को देता है।

# नामांकन के आखिरी दिन बागपत में दिख सकता है सपा का ड्रामा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▶▶ अखिलेश यादव ने बागपत लोकसभा सीट से भी प्रत्याशी बदलने के दिए संकेत**

**▶▶ पहले यहां अपने पुराने कार्यकर्ता मनोज चौधरी को बनाया था प्रत्याशी**

**अमृत विचार :** रामपुर और मुरादाबाद की ही तरह नामांकन के आखिरी दिन बागपत में भी समाजवादी पार्टी का राजनीतिक ड्रामा सामने आ सकता है। दरअसल, गुरुवार को बागपत से पूर्व घोषित प्रत्याशी मनोज चौधरी नहीं बल्कि अमरपाल शर्मा के पर्चा भरने की संभावना है। यहां भाजपा के टिकट पर राजकुमार सांगवान मैदान में हैं।

सूत्रों के मुताबिक, अखिलेश यादव के लखनऊ स्थित आवास पर बुधवार सुबह से कई टिकटों को लेकर हुई एक बैठक के बाद अब बागपत लोकसभा सीट से अमरपाल शर्मा को प्रत्याशी बनाया गया। ऐसे में मेरठ-हापुड़ लोकसभा से एडवोकेट भानु प्रताप का टिकट बदलने के बाद अब सपा ने बागपत में भी नामांकन खत्म होने से एक दिन पहले प्रत्याशी बदला है।

सपा ने बागपत से पहले जाट बिरादरी से अपने पुराने कार्यकर्ता मनोज चौधरी को प्रत्याशी बनाया था। पिछले दो दिनों से सिम्बल लेने को लेकर खींचतान चल रही थी और मनोज व अमरपाल शर्मा दोनों लखनऊ में डेरा डाले हुए थे। अब नामांकन का केवल एक दिन बाकी रहने से पहले अमरपाल शर्मा को अधिकृत प्रत्याशी बनाने की बात सामने आ रही है।

### एसटी हसन का दावा, मुझे उम्मीदवार बनाना चाह रहे थे अखिलेश, खेल हुआ

**लखनऊ :** मुरादाबाद के पूर्व घोषित सपा प्रत्याशी एसटी हसन को लेकर अखिलेश यादव का एक पत्र वायरल होने के बाद एक बार फिर पार्टी की रार सामने आयी है। दरअसल, कथित सपा प्रमुख का यह पत्र मुरादाबाद से पूर्व घोषित पार्टी प्रत्याशी सांसद एसटी हसन को ही अधिकृत प्रत्याशी बनाने को लेकर है जो कि सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस पत्र का संज्ञान लेते हुए सपा सांसद डॉ. एसटी हसन की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने स्थानीय मीडिया से कहा कि, अखिलेश चाहते थे कि मैं ही प्रत्याशी रहूं इसीलिए प्राइवेट जेट से भेजा था, उसके लिए उन्होंने इंतजाम भी किए थे। उन्होंने आरोप लगाया है कि कुछ बाहरी नेता हैं, जिन्होंने रामपुर में ही इतनी देर लगा दी कि यहां नामांकन का समय निकल गया।

# दोनों लड़कों की जोड़ी इस बार भी फेल होगी : केशव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की जोड़ी उप्र. में काम करने वाली नहीं है। साल 2017 में हम इन दोनों लड़कों की जोड़ी देख चुके हैं। जो तब भी फेल हुए थे और अब भी फेल होंगे।

केशव मौर्य बुधवार को बुलन्दशहर में पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार भोला सिंह के नामांकन में शामिल होने के बाद वहां राजेबाबू पार्क में हुई एक सभा को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने कहा कि सपा समाप्तवादी पार्टी बन गई है वहीं, कांग्रेस को उम्मीदवार भी नहीं मिल रहे हैं। विपक्षी दलों के नेता जमीन पर कहीं दिख नहीं रहे हैं। भाजपा के कार्यकर्ता और नेता हर परिस्थिति में जनता के बीच खड़े रहे हैं। पीएम मोदी पर जनता फिदा है और फिर उन्हें जन आशीर्वाद मिलने वाला है। कहा कि, चारों ओर कमल खिल रहा है।

उन्होंने दावा किया कि इस बार भाजपा की 370 सीट के साथ एनडीए 400 से अधिक सीटें जीतेगा। इस मौके पर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर और संदीप सिंह के साथ विधायक अनिल शर्मा समेत अन्य नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आचार संहिता पालन को तेज होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▶▶ 474 अपराधिक व्यक्तियों के लाइसेंसी शस्त्र जब्त**

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के तहत प्रदेश में आचार संहिता के पालन के लिए कार्रवाई तेज होगी। अभी तक कार्रवाई में अपराधिक व्यक्तियों के 474 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 3893 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। सघन जांच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट व 1850 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित किये गये हैं। 16 मार्च से 2 अप्रैल तक निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 16,83,019 लोगों को पाबन्द किया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग की ओर से 3,501 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 3,865 कारतूस, 60.5 किलोग्राम विस्फोटक व 204 बम बरामद कर सीज किये गये। अवैध शस्त्र बनाने वाले 922 स्थलों पर छापे डाले गए, जिसमें 70 स्थलों को सीज किया गया। अब तक सार्वजनिक स्थानों से 37,49,479 व निजी स्थानों से 24,38,975 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 4,04,687, पोस्टर के 17,52,809, बैनर के 10,78,726 व अन्य 5,13,257 मामलों में कार्रवाई की गई। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 3,14,873, पोस्टर के 11,15,099, बैनर के 6,14,581 व अन्य 3,94,422 मामलों में कार्रवाई की गई। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 810 मामलों में व लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 1,521 मामलों में कार्रवाई की गई।

### 106.46 करोड़ रुपये कीमत की मदिरा व नकदी जब्त

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस, नार्कोटिक्स विभाग व अन्य प्रवर्तन एजेंसियों के जरिए कुल 106.45 करोड़ रुपये की कीमत की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नकदी आदि जब्त किये गये, इसमें 1,896 लाख रुपये से अधिक नकद धनराशि, 3689.18 लाख रुपये कीमत की 777703.30 लीटर शराब, 4168.82 लाख रुपये कीमत की 6849530.13 ग्राम ड्रग, 1778.18 लाख रुपये कीमत की 39163.86 ग्राम बहुमूल्य धातुएं जब्त की गई।

# अलग-अलग मंचों के एक प्रतिनिधिमण्डल ने की अखिलेश यादव से मुलाकात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से बुधवार को सांझी दुनिया, नागरिक समाज, लोकतंत्र बचाओ और संविधान बचाओ के प्रतिनिधिमण्डल ने पार्टी मुख्यालय में मुलाकात की और गठबंधन को पूरा समर्थन दिये जाने का भरोसा दिलाया।

प्रतिनिधिमंडल में पूर्व कुलपति डॉ. रूपरेखा वर्मा, प्रो. रमेश दीक्षित, पूर्व आईएएस हरिश्चन्द्र, पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह, पूर्व डीआईजी राजेन्द्र सिंह यादव और पूर्व जज बीडी नकवी शामिल रहे। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी भी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमण्डल का कहना था कि देश में आपातकाल जैसी स्थिति है। नागरिक स्वतंत्रता पर आघात हो रहा है। भाजपा कैसे सरकारी लाभ का इस्तेमाल राजनीति में कर सकती है?

# सात जिलों के महाविद्यालयों में शिक्षकों के पद खाली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**▶▶ लखनऊ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ने जल्द पद भरने के निर्देश दिए**

**▶▶ समय पर पदों को न भर पाने वाले महाविद्यालयों पर होगी कार्रवाई**

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध लखनऊ सहित सात जनपदों के कई महाविद्यालयों में शिक्षकों के पद खाली हैं। रजिस्ट्रार ने महाविद्यालयों को रिक्त पद भरने के निर्देश दिए हैं। समय पर पद न भरने वाले महाविद्यालयों पर कार्रवाई की जाएगी।

लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, बाराबंकी, रायबरेली और उन्नाव के कई जनपदों के महाविद्यालय लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं। सीतापुर जनपद के श्रीकृष्णा एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में बीबीए, बीसीए, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान विषय के प्रवक्ताओं की कमी है। सीतापुर के खैराबाद स्थित बीएस एजूकेशनल महाविद्यालय में सहा प्राचार्य का पद रिक्त है। इसे भरने के लिए आवेदन मांगे गए हैं।

श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, बीएन डिग्री कॉलेज हरदोई, मान्यवार कांशीराम लॉ कॉलेज शाहाबाद, श्रीकृष्णदत्त एकेडमी रायबरेली, माडर्न गर्ल्स कॉलेज आफ प्रोफेशनल स्टडीज, प्रभात राजेन्द्र कुमार पूनम देवी महाविद्यालय, सत्यवती पटेल महाविद्यालय खीरी, पं राज नारायण मिश्रा डिग्री कॉलेज और अकबरी बेगम लॉ कॉलेज में भी शिक्षकों की कमी है। लखनऊ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. वीके सिंह ने बताया कि कई महाविद्यालयों के संकायों में शिक्षकों का अभाव है। कुछ में सहायक प्राचार्य/प्राचार्य के पदों को भरे जाना है। जीव विज्ञान, भूगोल सहित अन्य विषयों के शिक्षकों के पदों को भरने के लिए महाविद्यालयों को पत्र भेजा जा चुका है। समय पर पद नहीं भरे तो महाविद्यालयों पर कार्रवाई की जाएगी।

### महाविद्यालयों में तेजी से बढ़ी प्रवेश प्रक्रिया

एक तरफ महाविद्यालय शिक्षकों की भारी कमी से जूझ रहा है, वहीं दूसरी तरह छात्रों की प्रवेश प्रक्रिया को लेकर आवेदन बढ़े हैं। लखनऊ विवि के अलावा भाषा विवि, बीबीएयू, पुनर्वास विवि, एकेटीयू सहित केकेसी, ऐपीसेन व अन्य महाविद्यालयों में ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जोरों पर है।

### ऑनलाइन प्रक्रिया में आई बाधा

भाषा विवि में पीएचडी आवेदन को लेकर सीमित समयावली दी गई है। बुधवार को ऑनलाइन आवेदन में समस्या देखने को मिली। विवि प्रशासन का कहना है कि नेटवर्कों की बाधा के चलते फार्म नहीं भरे जा पा रहे हैं। यही हाल केकेसी, एपीसेन के सहित अन्य जनपदों में प्रवेश आवेदन प्रक्रिया में देखने को मिला।

## इंडिया गठबंधन को ज्यादा सीटें दिलाने के लिए जुटें

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन को ज्यादा से ज्यादा सीटें दिलाने के लिए जुट जाएं। राष्ट्रीय महासचिव बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश सोशल आउटरीच कांग्रेस की विधानसभा स्तरीय कार्य समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हम सभी को युद्धस्तर पर कार्य करते हुए इंडिया गठबंधन को अधिक से अधिक सीटों पर जीत हासिल करना है। इसके लिए हमें संकल्प लेने की आवश्यकता है। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि सोशल आउटरीच विभाग के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शहरों व गांवों में जाकर पार्टी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें।

## वर्ग पहेली-29

**बाएं से दाएं**

3. 1. जिसपर पूर्ण रूप से प्रभाव पड़ा हो 2. तर-बतर, लतपथ 3. भीगा, गीला 4. अभिभूत, ओतप्रोत, अभिपन्न।

5. रास्ते का खाना और ख़र्च, मार्ग व्यय, पाथेय।

6. 1. आधारस्वरूप 2. जड़ से संबंध रखने वाला 3. बिलकुल प्रारंभिक 4. नींव या बुनियाद के रूप में होने वाला।

9. 1. गली, मार्ग 2. चित्रशाला 3. चित्रों की पंक्ति 4. चित्रांकित दीवार या पट्ट।

10. 1. सिर या किसी अंग का बाल साफ़ करना, मूंड़ा जाना 3. ठगा जाना।

**ऊपर से नीचे**


1. 1. एक प्रकार का आभूषण जो बांह में पहनते हैं, बाज़ूबंद, केयूर 2. कवच 3. ज़िरहबख़्तर।

2. 1. औषधियों से बना वह गाढ़ा और चिकना लेप जो घाव आदि पर लगाया जाता है 2. घाव की दवा। (मु.) -लगाना : राहत पहुंचाना।

4. 1. रज़ामंद होने की अवस्था या भाव, राज़ी-ख़ुशी, सहमति 2. स्वीकृति, मंज़ूरी।

7. 1. हाथी के पांव को बांधने का सिक्कड़, आंदू 2. बेड़ी।

8. 1. पोई नामक पौधा 2. पोई नामक पौधे की पत्ती।





### वर्ग पहेली-28 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 चा | ब | |
| 2 सू | झ | बू | 3 झ | | | 4 उ |
| | | | 5 प | ढ़ा | लि | खा |
| | 6 शं | 7 सि | का | | | ड़ |
| 8 कं | | ल | | 9 मै | | प |
| था | | हि | | थि | | छा |
| | 10 को | ला | ह | ल | | ड़ |

## सुडोकू-108

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 7 | | | | 1 | |
| 8 | | | | 4 | | | 2 | |
| 9 | | 5 | | | | 3 | | 6 |
| | 3 | | | 9 | 5 | | 8 | |
| 6 | | | 3 | | | | | 7 |
| | 4 | | 8 | 1 | | | 5 | |
| 3 | | 2 | | | | 5 | | 1 |
| | 8 | | | 3 | | | | 4 |
| | 1 | | | | 6 | 9 | | |

### सुडोकू-107 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 1 | 6 | 8 | 5 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 |
| 1 | 6 | 7 | 8 | 2 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 1 | 6 | 2 | 7 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 8 | 1 | 3 | 4 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 |
| 5 | 2 | 4 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 अप्रैल गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 16.14 तक तत्पश्चात एकादशी।

**मेष** – आज आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। दूसरों की निंदा करने से बचें। जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बनाकर रखें। व्यवसाय में नए ऑर्डर मिल सकते हैं, जो आपके लिए काफी महत्वपूर्ण होने वाले हैं।

**वृष** – आज आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। संतान की गतिविधि से आप कुछ व्यथित हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। विदेश यात्रा की योजना बन सकती है। नकारात्मक प्रवृत्ति के सहकर्मियों के साथ परेशानी होगी।

**मिथुन** – आज परिवार का सहयोग न मिलने से कुछ काम रुक सकते हैं। बड़े भाई-बहनों को लेकर परेशानी होगी। भावुक होकर कोई बड़ा निर्णय न लें। आपको धैर्यवान होकर काम करना चाहिए। अपनी दिनचर्या को असंतुलित न होने दें।

**कर्क** – आज अनावश्यक चिंता न करें। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। आप भोग-विलास का भरपूर आनंद लेंगे। आप समझदारी से उलझे मामलों को सुलझा लेंगे। समाज में आपका प्रभाव बढ़ेगा। आपको शिक्षा में काफी मेहनत करनी पड़ेगी।

**सिंह** – आज राजनीतिक व्यक्तियों को मान-सम्मान मिलेगा। सूझ-बूझ के साथ मामलों को सुलझा लेंगे। नजदीकी मित्र आपका काफी अच्छा सहयोग करेंगे जिसके कारण आप तनाव मुक्त महसूस कर सकते हैं।

**कन्या** – आज दांपत्य संबंधों में नजदीकी बढ़ेगी। खानपान में लापरवाही न करें। वाणी में संयम अवश्य रखें। अनचाही यात्रा करने से आपको बचना चाहिए। अपरिचित लोगों के कारण नुकसान हो सकता है। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में दबदबा बढ़ेगा।

**तुला** – आज माता से सलाह लेना आपके लिए लाभकारी होगा। विवाहेतर संबंधों से स्वयं को दूर रखें। महत्वपूर्ण कार्य रुक सकते हैं। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**वृश्चिक** – आज नए संपर्कों का लाभ उठाएंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। प्रेम संबंधों को लेकर तनाव दूर होगा। जीवनसाथी के साथ पर्यटन के लिए जा सकते हैं। आप काफी सहज महसूस करेंगे। व्यापार में नई शुरुआत कर सकते हैं।


**धनु** – आज जॉब में आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। वैवाहिक संबंधों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। मानसिक दबाव से छुटकारा मिलेगा। घर का वातावरण सुखद रहेगा। परिवार के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। माता के स्वास्थ्य की कुछ चिंता हो सकती है।

**मकर** – आज प्रियजनों के साथ हास्य-विनोद में शाम बिताएंगे। व्यापार की प्रगति से हर्षित होंगे। परीक्षा परिणामों में शानदार परिणाम प्राप्त होंगे। परिवार का माहौल सौहार्दपूर्ण रहने वाला है। जॉब में उच्च पद मिल सकता है।

**कुंभ** – आज पुरानी यादों को लेकर मन व्यथित होगा जिसके कारण आत्मविश्वास में कमी महसूस करेंगे। दूसरों की बातों पर ज्यादा विश्वास न करें। दिनचर्या थोड़ी अव्यवस्थित रहेगी। वाणी में कटुता के कारण रिश्तों में दरार आ सकती है।

**मीन** – आज मूल्यवान वस्तु उपहार में मिल सकती है। आप परेशान लोगों की मदद करने की कोशिश करेंगे। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं। पति-पत्नी के आपसी संबंध मधुर रहेंगे। व्यवसाय में आपकी आय में बढ़ोतरी होगी।

## आज का पंचांग





दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 20.12 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
जान से प्यारा – दोपहर : 12.00
मजाल – रात : 07.00

&pictures
धड़क – सुबह : 10.54
साइलेंस ... – रात : 08.00

SONY PIX
लाइफ – सुबह : 11.25
मॉन्स्टर हंटर – रात : 09.00

ZEE CINEMA
क्रांति – सुबह : 08.45
बीवी हो तो ऐसी – रात : 07.20

colors CINEPLEX
कल हो न हो – सुबह : 07.57
फिर हेरा फेरी – शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म





एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टकला बीवी से पूछता है- कैसा लग रहा हूं?
बीवी- अजी छोड़ो भी
टकला- अरे बता ना
बीवी- अजी रहने दो अब मैं क्या बताऊं
टकला - अरे बता भी तुझे मेरी कसम अरे बता भी तुझे मेरी कसम
बीवी - ऐसे लग रहे हो जैसे फटे हुए मौजे से अंगूठा बाहर निकल आया हो।

बैंक मैनेजर- ये कैसे हस्ताक्षर हैं?
संजू- यह हस्ताक्षर मेरी दादी के हैं
बैंक मैनेजर- ऐसे अजीब हस्ताक्षर? नाम क्या है उनका?
संजू- जलेबी बाई।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,876.82 | 22,434.65 |
| नुकसान | 27.09 | 18.65 |
| प्रतिशत में | 0.04 | 0.08 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1120 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1170 डीएमओ 890।

## लखनऊ मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)-**
गेहूं (आरआर 21) 2360-2800
गेहूं (के 65) 3500-3800
बाजरा 2200-2300
मक्का 2700-2800
जौ 2900-3000

**चावल (प्रति क्वि.)**
चावल सेल्हा 2800-3100
चावल बासमती 7000-8000
चावल मोटा 2800-3000
चावल मन्सूरी 3200-3500
चावल शक्कर चीनी 4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600
चावल राजरानी 7000-7500

**दाल दलहन**
चना देशी 6800-7000
चना फार्मी 7200-7500
चना काबली 14500-17000
मटर हरा 6000-6200
मटर सफेद 6100-6500
दाल चना 8000-8400
दाल मटर 6400-6500
उड़द हरा 12000-12500
उड़द काला 9000-9500
दाल उड़द हरी 15500-16000
दाल उड़द काली 10500-11000
दाल उड़द धोवा 12000-12500
मूंग खड़ा 10000-10500
मूंग दाल 10500-11000
मूंग धोवा 12000-13000
मसूर 8800-9000
मलका 9000-9500
दाल अरहर फूल 16000-17000
दाल स्पेशल 13000-14000
राज्मा सफेद 13000-14000
राज्मा काला 11500-12500
मूंगफली का दाना 11000-12000

**तेल तिलहन**
अलसी 5310-5510
लाही 4800-5200
काली सरसों 4900-5300
पीली सरसों 5600-5800 रुपये।

# नई सरकार वाणिज्य नियमों को करे आसान

## पहले 100 दिन के लिए जीटीआरआई ने दी सलाह, निर्यात को बढ़ावा देने पर दे ध्यान

**नई दिल्ली, एजेंसी**



ई-वाणिज्य नियमों को आसान करने, शुल्क वापसी योजना का नकद वितरण, एक राष्ट्रीय व्यापार तंत्र की स्थापना और भारत के व्यापार समझौतों की प्रभावशीलता पर एक रिपोर्ट प्रकाशित करना नई सरकार के 100 दिन का एजेंडा होना चाहिए। आर्थिक शोध संस्थान 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव' (जीटीआरआई) ने बुधवार को एक रिपोर्ट में कहा कि प्रमुख फलों और सब्जियों के उत्पादों के लिए तंत्र का पता लगाने के वास्ते ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल का सुझाव दिया गया है।

ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी एक उन्नत डेटाबेस तंत्र है जो एक व्यावसायिक नेटवर्क के भीतर पारदर्शी जानकारी साझा करने की अनुमति देता है। रिपोर्ट में विशेष आर्थिक क्षेत्रों को छूट के आधार पर घरेलू बाजार में सामान बेचने की अनुमति देना और दवा सामग्री, सौर सेल, ईवी बैटरी और मोबाइल फोन घटकों जैसे महत्वपूर्ण आयात के लिए चीन पर निर्भरता को कम करने आदि का भी सुझाव दिया गया। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा-पहले 100 दिन (एक नई सरकार के लिए) शासन और नीति की दिशा निर्धारित करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण होते हैं...। भारत में लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल को शुरू होगा और मतों की गिनती चार जून को की जाएगी। चुनाव सात चरण में होने हैं।

शोध संस्थान ने यूरोपीय जलवायु विनियमन के प्रतिकूल प्रभावों का मुकाबला करने के लिए एक कार्य योजना तैयार करने; गठबंधन बनाने, डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) में बेहतर परिणामों के लिए साझेदारी को मजबूत करने; डब्ल्यूटीओ कानून कितने भेदभावपूर्ण हैं और उनमें बदलाव की जरूरत है इस बात पर प्रकाश डालने और विनिर्माण योजनाओं में प्रोत्साहनों का मानकीकरण करने आदि के सुझाव दिए। इसके साथ ही रिपोर्ट में कहा गया कि राष्ट्रीय व्यापार तंत्र (एनटीएन) सभी आवश्यक दस्तावेजों तथा सूचनाओं को ऑनलाइन जमा करने को केंद्रीकृत करने के अलावा, सीमा शुल्क, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी), शिपिंग कंपनियों, बंदरगाह और बैंक के साथ अलग-अलग बातचीत की आवश्यकता को समाप्त करने के अलावा सभी निर्यात-आयात संबंधी अनुपालन को ऑनलाइन सक्षम करने में मदद करेगा। श्रीवास्तव ने एनटीएन की वकालत करते हुए कहा कि विशिष्ट विभागों पर केंद्रित मौजूदा प्रणालियां तेजी से विकसित नहीं होती और व्यापक प्रक्रियाओं को भी कुशलतापूर्वक नहीं संभाल पाती। उन्होंने कहा है कि नई व्यावसायिक प्रक्रिया के तहत तैयार एनटीएन भारत के लिए आवश्यक है।

## दूरसंचार विभाग ने स्पेक्ट्रम नीलामी 17 दिन बढ़ाकर 6 जून की

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने स्पेक्ट्रम नीलामी 17 दिन आगे बढ़ाकर 6 जून कर दी है। आवेदन आमंत्रित करने के लिए जारी नोटिस में बुधवार को इस संदर्भ में संशोधन किये गये। विभाग ने बोलीदाताओं के लिए नकदी को सुगम बनाने के लिए बैंक गारंटी और बयाना राशि जमा की गारंटी भी कम कर दी है। नोटिस संशोधन के अनुसार, लोकसभा परिणामों की घोषणा के बाद लाइव नीलामी की शुरुआत की नई तारीख 20 मई से बदलकर 6 जून कर दी गई है। परीक्षण के तौर पर नीलामी अब 13 और 14 मई के बजाय 3 जून को होगी। सरकार मोबाइल सेवाओं के लिए लगभग 96,317 करोड़ के आधार मूल्य पर आठ स्पेक्ट्रम बैंड की नीलामी करेगी। विभाग ने पश्चिम बंगाल सर्किल में 900 मेगाहर्ट्ज बैंड में नीलामी के लिए ब्लॉक की संख्या भी घटाकर 44 कर दी है।

# सरकार ने 1,000 टन काला नमक चावल के निर्यात पर शुल्क हटाया

- अभी तक निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क लागू था
- काला नमक गैर-बासमती चावल की है एक किस्म

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने छह निर्दिष्ट सीमा शुल्क केंद्रों के माध्यम से 1,000 टन तक काला नमक चावल की किस्म के निर्यात पर शुल्क हटा दिया है। अभी तक काला नमक चावल के निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क लागू था।

वित्त मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, चावल की इस किस्म के 1,000 टन तक के निर्यात पर शुल्क छूट बुधवार से प्रभावी होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने मंगलवार को निर्दिष्ट सीमा शुल्क केंद्रों के माध्यम से 1,000 टन तक काला नमक चावल के निर्यात की अनुमति दी थी। काला नमक गैर-बासमती चावल की एक किस्म है, जिसके निर्यात पर पहले प्रतिबंध था। चावल की इस किस्म के निर्यात को छह सीमा



शुल्क केंद्रों के माध्यम से अनुमति दी गई है। ये केंद्र वाराणसी एयर कार्गो; जेएनसीएच (जवाहरलाल नेहरू कस्टम्स हाउस), महाराष्ट्र; सीएच (कस्टम हाउस) कांडला, गुजरात; एलसीएस (भूमि सीमा शुल्क स्टेशन) नेपालगंज रोड; एलसीएस सोनौली; एवं एलसीएस बरहनी हैं।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 78,600 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 70,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 52,900-53,100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 69,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 68,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 77,300 |
| चांदी तैयार | 77,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 68,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 67,600 |
| चांदी पक्की | 765 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 68,800 |
| चांदी आभूषण | 76,800। |

# कल आएगा नीतिगत ब्याज दर पर अंतिम फैसला

- रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू

**मुंबई, एजेंसी**

नीतिगत ब्याज दर पर निर्णय करने वाली भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक बुधवार को शुरू हो गई। तीन दिन तक चलने वाली बैठक में केंद्रीय बैंक की एमपीसी रेपो दर के संबंध में अंतिम निर्णय करेगी। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी के फैसले की घोषणा शुक्रवार को की जाएगी।

ऐसी उम्मीद है कि केंद्रीय बैंक एक बार फिर प्रमुख नीतिगत दर रेपो को यथावत रखेगा और मुद्रास्फीति नियंत्रण पर अपना ध्यान बनाए रखेगा। आर्थिक वृद्धि दर को लेकर चिंताएं कम होने से खुदरा मुद्रास्फीति पर ही ध्यान रहने की उम्मीद है। यह वित्त वर्ष 2024-25 की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा है। एक अप्रैल से शुरू हुए नए वित्त वर्ष में एमपीसी की कुल छह बैठकें आयोजित होंगी। आरबीआई ने आखिरी बार फरवरी, 2023 में रेपो दर में बढ़ोतरी की थी और तब से यह लगातार 6.5 प्रतिशत पर बरकरार है।

## विस्तारा एयरलाइन ने 26 और उड़ानें रद कीं

**मुंबई।** चालक दल की अनुपलब्धता के कारण उड़ानें रद होने के बीच विस्तारा के शीर्ष अधिकारियों ने बुधवार को पायलटों के साथ बैठक की। इसमें नए अनुबंध और ड्यूटी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि टाटा समूह की एयरलाइन ने बुधवार को 26 उड़ानें रद कीं।

गौरतलब है कि संशोधित वेतन संरचना के विरोध में पायलटों के एक वर्ग ने पिछले कुछ दिन से बीमार होने की सूचना देकर छुट्टी ली है। इससे विस्तारा के लिए मुश्किलें खड़ी हो गईं हैं और एयरलाइन ने पिछले दो दिन में 100 से अधिक उड़ानें रद की हैं।

# भारत जल्द ही बनाएगा अपना पहला वाणिज्यिक कच्चा तेल रणनीतिक भंडारण

- सरकार ने उसके परिचालन के लिए विशेष इकाई का किया गठन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दुनिया का तीसरे सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश भारत जल्द ही कच्चे तेल का अपना पहला वाणिज्यिक रणनीतिक भंडारण बनाने की योजना बना रहा है। किसी भी आपात स्थिति में आपूर्ति बाधा से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है।

सरकार ने देश में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार तैयार करने और उसके परिचालन के लिए विशेष इकाई इंडियन स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लि. (आईएसपीआरएल) का




गठन किया है। इस इकाई ने कर्नाटक के पादुर में 25 लाख टन भूमिगत भंडारण बनाने के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। निविदा दस्तावेज से यह जानकारी मिली है।

आईएसपीआरएल ने पहले चरण में तीन स्थानों पर 53.3 लाख टन का भंडारण बनाया था। ये तीन जगह आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम (13.3 लाख टन) कर्नाटक में मेंगलोर (15 लाख टन) तथा पादुर (25 लाख टन) हैं। तेल के भंडारण के लिए ये भूमिगत चट्टानी गुफाएं हैं। दूसरे चरण के तहत, आईएसपीआरएल की पादुर-दो में 5,514 करोड़ रुपये की लागत से वाणिज्यिक सह रणनीतिक भूमिगत पेट्रोलियम भंडार तैयार करने की योजना है। इसमें जमीन के ऊपर संबंधित सुविधाएं भी शामिल है। इस निर्माण कार्य में 25 लाख टन कच्चा तेल के रणनीतिक भंडार के लिए निर्माण शामिल हैं।

# राष्ट्रीय



## भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस नेता और मुक्केबाज विजेंदर सिंह

**नई दिल्ली।** मुक्केबाजी में भारत के पहले ओलंपिक पदक विजेता विजेंदर सिंह, बुधवार को यहां भाजपा में शामिल हो गए। अप्रैल 2019 में कांग्रेस में शामिल होकर राजनीति में कदम रखने वाले सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जमकर सराहना की और कहा कि उनके नेतृत्व के कारण विदेशों में खिलाड़ियों का मान-सम्मान बढ़ा है।

### वायनाड लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान भाजपा पर भड़के राहुल गांधी

# संविधान को नष्ट करने का प्रयास कर रही आरएसएस

**वायनाड (केरल), एजेंसी**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को वायनाड लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और एक विशाल रोड शो कर अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की। उन्होंने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर भारत के संविधान और लोकतांत्रिक ढांचे को 'नष्ट करने की कोशिश' का आरोप लगाया। राहुल गांधी सुबह हेलीकॉप्टर से वायनाड पहुंचे और उन्होंने कलपेट्टा से सिविल स्टेशन तक रोड शो किया जहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों समेत लोगों की भारी भीड़ को संबोधित किया। अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा और अखिल भारतीय कांग्रेस




कांग्रेस उम्मीदवार राहुल गांधी ने पार्टी नेताओं के साथ वायनाड जिले में अपना नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले एक रोड शो निकाला। ● एजेंसी

कमेटी (एआईसीसी) महासचिव के सी वेणुगोपाल समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ पहुंचे राहुल ने वायनाड जिलाधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपा। वायनाड जिलाधिकारी रिटर्निंग अधिकारी भी हैं।

अपना नामांकन दाखिल करने के बाद गांधी ने पत्रकारों से कहा कि लोकसभा चुनाव लोकतंत्र और भारत के संविधान को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने कहा-एक तरफ वे ताकतें हैं जो इस देश के लोकतंत्र और संविधान को नष्ट करना चाहती हैं और दूसरी तरफ वे ताकतें हैं जो हमारे देश के संविधान और लोकतांत्रिक ढांचे की रक्षा कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य लोग हैं जो देश में संविधान और लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं।

## खरगे ने की घर-घर गारंटी अभियान की शुरुआत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली से पार्टी के 'घर-घर गारंटी' अभियान की शुरुआत की और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'गारंटी' लोगों को नहीं मिली, लेकिन उनकी पार्टी जो गारंटी दे रही है, उन पर वह अमल करेगी। पार्टी का यह चुनावी अभियान पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' पर आधारित है। इस अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' वाला कार्ड घर-घर जाकर वितरित करेंगे। पार्टी का लक्ष्य आठ करोड़ परिवारों तक पहुंचने का है। खरगे ने उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में इस अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस के पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' का उल्लेख किया। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा-इन गारंटी के कार्ड हमारे लोग घर-घर बांटेंगे। वह लोगों को बताएंगे कि हमारी सरकार आने के बाद हम क्या क्या काम करेंगे। उन्होंने कहा-हम लोगों को गारंटी देते हैं कि हमारी सरकार हमेशा गरीबों के साथ रहेगी और गरीबों के लिए काम करेगी।

## एक नजर

### भाजपा नेता सुशील कुमार ने कैंसर से पीड़ित होने की दी जानकारी

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने बुधवार को बताया कि उन्हें छह माह पहले ही कैंसर से पीड़ित होने की बात पता चली है और वह पार्टी के लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान में भाग नहीं ले सकेंगे। सुशील मोदी (72) को भाजपा ने राज्य के लिए अपने स्टार प्रचारकों में शामिल किया था और अपनी चुनाव घोषणापत्र समिति का सदस्य नियुक्त किया था। सुशील मोदी ने सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर लिखा, ''मैं पिछले छह महीने से कैंसर से जूझ रहा हूं। मुझे लगता है कि अब लोगों को यह जानकारी देने का वक्त आ गया है। मैं लोकसभा चुनाव के लिए कुछ नहीं कर पाऊंगा।

### ओडिशा के मल्कानगिरि में विस्फोटक जब्त

**मल्कानगिरि।** ओडिशा के मल्कानगिरि जिले में बुधवार को भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गुप्ता सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ से लगी राज्य की सीमा पर कालीमेला थानांतर्गत दयालतुंग गांव में एक जंगल के निकट 12 बारूदी सुरंग और जिलेटिन की 190 छड़ बरामद कीं हैं।

# न्यायालय ने अजित पवार नीत राकांपा से जारी विज्ञापनों का मांगा ब्योरा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**घड़ी चुनाव चिह्न के आवंटन का मामला**



उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से उसके आदेश के अनुपालन के तहत समाचार पत्रों में डिस्क्लेमर (दावा अस्वीकरण) के साथ जारी किए गए विज्ञापनों का ब्योरा देने को कहा। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में राकांपा (अजित पवार गुट) को इस 'डिस्क्लेमर' के साथ प्रचार करने का निर्देश दिया था कि पार्टी को 'घड़ी' चुनाव चिह्न के आवंटन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले धड़े की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से जारी विज्ञापनों का विवरण देने को कहा। दरअसल, शरद पवार गुट ने आरोप लगाया था कि अजित पवार गुट अदालत के 19 मार्च के आदेश का अनुपालन नहीं कर रहा है। इस पर पीठ ने कहा-रोहतगी, आप इस संबंध में (अपने मुवक्किल से) जानकारी हासिल कीजिए कि इस आदेश के बाद कितने विज्ञापन जारी हुए। यदि वह (अजित पवार) इस प्रकार का बर्ताव कर रहे हैं तो हमें इस पर फैसला करना पड़ेगा। किसी को भी जानबूझकर हमारे आदेश का गलत मतलब निकालने का अधिकार नहीं है। शरद पवार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि 19 मार्च को इस अदालत ने तर्कों के साथ एक आदेश पारित किया था, जिसमें उनसे (अजित पवार धड़े से) अखबारों में यह विज्ञापन जारी करने को कहा गया था कि 'घड़ी' चुनाव चिह्न आवंटन का मामला अदालत में विचाराधीन है और उन्हें इस चिह्न के इस्तेमाल की अनुमति इस आधार पर दी गई है कि यह शीर्ष अदालत के अंतिम फैसले के अधीन होगा। सिंघवी ने कहा-अब, उन्होंने निर्देश का अनुपालन नहीं किया है और उनके द्वारा बिना 'डिस्क्लेमर' के विज्ञापन जारी किये जा रहे हैं। उन्होंने इस अदालत के समक्ष एक आवेदन भी दायर किया है, जिसमें इस आदेश में छूट दिए जाने का अनुरोध किया गया है।

# बिना समय गंवाए जांच एनआईए को सौंपने का आदेश

**कोलकाता, एजेंसी**

**दाड़ीभीत उच्च विद्यालय में हिंसा का मामला**

कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने उत्तरी दिनाजपुर जिले के दाड़ीभीत उच्च विद्यालय में हिंसा मामले में बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार से एकल पीठ के आदेश का पालन करने को कहा।

एकल पीठ ने दाड़ीभीत उच्च विद्यालय में हिंसा की घटना में दो युवकों की मौत और अन्य के घायल होने की घटना की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपने का निर्देश दिया था।

मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवज्ञानम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने एनआईए को जांच स्थानांतरित करने को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त करते हुए एकल पीठ के आदेश पर कोई अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया। खंडपीठ ने राज्य को बिना समय बर्बाद किए जांच एनआईए को स्थानांतरित करने के एकल पीठ के आदेश को लागू करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि राज्य की अपील पर फैसले के अनुरूप इसका क्रियान्वयन होगा।

# धनखड़ ने 12 नवनिर्वाचित सदस्यों को राज्यसभा सदस्यता की दिलाई शपथ

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को 12 नवनिर्वाचित सदस्यों को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ दिलाई। राज्यसभा सचिवालय के अनुसार श्री धनखड़ ने राज्यसभा में आयोजित संक्षिप्त शपथ ग्रहण समारोह में इन सदस्यों को शपथ दिलायी। शपथ लेने वालों में बिहार से भाजपा की धर्मशीला गुप्ता, बिहार से ही राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा और संजय यादव , गुजरात से भाजपा के गोविंदभाई लालजीभाई ढोलकिया, हरियाणा से भाजपा के सुभाष चंद्र बराला, हिमाचल से भाजपा के हर्ष महाजन, कर्नाटक से कांग्रेस के जी सी चंद्रशेखर, एमपी से डॉ. एल मुरूगन, एमपी से कांग्रेस के अशोक सिंह, महाराष्ट्र से कांग्रेस के चंद्रकांत हंडोरे,महाराष्ट्र से ही भाजपा की मेधा विश्राम कुलकर्णी और यूपी से भाजपा की साधना सिंह शामिल हैं।

## बीजापुर में करीब 12 घंटे तक चली मुठभेड़ 13 नक्सली मारे गए

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के घने जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच लगभग 12 घंटे तक चली मुठभेड़ में तीन महिला नक्सलियों समेत 13 नक्सली मारे गए। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुरक्षाबलों की इस सफलता के लिए सराहना करते हुए, इसे राज्य में नक्सल विरोधी अभियान में मिली सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक बताया। बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लेंड्रा गांव के जंगल में हुई इस मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने मंगलवार को 10 नक्सलियों के शव बरामद किए थे।

# स्वतंत्र, शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव कराएं अधिकारी

- चुनाव आयोग की बैठक में की गई संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों की समीक्षा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चुनाव आयोग ने बुधवार को यहां राज्यों और केंद्र की प्रवर्तन एजेंसियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक में लोकसभा चुनावों और कुछ राज्यों की विधान सभा के चुनावों की इस समय चल रही प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश दिए। आयोग ने बैठक के बाद जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों और केंद्रीय एजेंसियों के प्रमुखों को शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त आम चुनाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आयोग ने प्रत्येक राज्य/केंद्रशासित प्रदेश से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों की विस्तार से समीक्षा की।

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने भी भाग लिया। कुमार ने अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आयोग की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया और इसके लिए सभी हितधारकों से मिलकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने राज्य और केंद्र के अधिकारियों को इस को संकल्प को ठोस कार्रवाई में बदलने का आह्वान किया। बैठक में इन चुनावों के दौरान पड़ोसी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया गया। आयोग की ओर से राज्यों को कहा गया है कि वे चुनाव ड्यूटी के लिए उपलब्ध कराए गए केंद्रीय बलों की समुचित ढंग से तैनाती करें। आयोग ने सीमावर्ती राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) कर्मियों की आवाजाही और परिवहन के लिए साजो-सामान संबंधी सहायता, सीमावर्ती क्षेत्रों में उन फ़्लैशपॉइंटों की पहचान और निगरानी करने के भी निर्देश दिए है जो चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकते हैं। एजेंसियों को पिछले अनुभवों के आधार पर सांप्रदायिक तनाव को दूर करने के लिए निवारक उपाय, और खुली सीमाओं पर अवैध गतिविधियों के खिलाफ चौकसी, आयोग ने अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के पार नशीले पदार्थों, शराब, हथियारों और विस्फोटकों सहित प्रतिबंधित वस्तुओं की आवाजाही पर अंकुश लगाने के लिए कड़ी निगरानी के महत्व को रेखांकित किया। विज्ञप्ति के अनुसार कुछ राज्यों में अवैध गांजा की खेती पर अंकुश लगाने, सीमाओं पर शराब और नकदी की आवाजाही के लिए निकास और प्रवेश बिंदुओं की पहचान करने का निर्देश दिया गया।

# प्राकृतिक आपदा के लिए धन नहीं दे रहा केंद्र, कोर्ट का रुख किया

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्र के विरुद्ध शीर्ष कोर्ट पहुंची तमिलनाडु सरकार

तमिलनाडु सरकार ने केंद्र सरकार पर प्राकृतिक आपदा राहत कोष को रोकने का आरोप लगाया है। साथ ही इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रमुक सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 का प्रयोग करते हुए शीर्ष अदालत में मुकदमा दायर किया है।

याचिका में स्टालिन सरकार ने आरोप लगाया है कि प्राकृतिक आपदाओं के लिए केंद्र से मिलने वाला धन उसके लिए जारी नहीं किया जा रहा है। साथ ही इसमें तमिल सरकार ने हाल ही में आई बाढ़ और चक्रवात मिचौंग से हुए नुकसान के लिए केंद्र को 37 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सहायता प्रदान करने का निर्देश देने का आग्रह किया। इतना ही नहीं याचिका में केंद्र को अंतरिम उपाय के रूप में दो हजार करोड़ रुपये जारी करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है।

इससे पहले, कर्नाटक सरकार ने भी केंद्र के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। उसने यह आरोप लगाया था कि केंद्र सूखे की स्थिति से निपटने के लिए उसे वित्तीय सहायता नहीं दे रहा है। इसने यह निर्देश देने की मांग की थी कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष से धन जारी किया जाए।

# जल संकट से निपटने के लिए भंडारण का संयोजन आवश्यक

**हैदराबाद।** जैसा जल संकट फिलहाल बेंगलुरु में देखा जा रहा है, पानी की इस तरह की कमी की समस्या का समाधान करने के लिए जल भंडारण सहित जल संसाधन प्रबंधन के अलग-अलग तरीकों के संयोजन की आवश्यकता है।

विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक परमेवरन अय्यर ने कहा कि ग्लोबल वॉर्मिंग और जलवायु परिवर्तन के समय में जल संसाधन प्रबंधन बिल्कुल महत्वपूर्ण है। उन्होंने केंद्र के 'जल शक्ति अभियान' का हवाला दिया। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया की बैठक में बोले जल संसाधन प्रबंधन और पानी की उपलब्धता के कई मुद्दे गंभीर होते जा रहे हैं। आगे बोले- बेहतर संसाधन तरीकों का संयोजन महत्वपूर्ण है।

# चुनाव में डीपफेक से लड़ने को प्लेटफॉर्म नए टूल व नीति ला रहे


*इस साल भारत समेत दुनिया के 50 फीसदी से भी अधिक लोग मतदान करने वाले हैं। हालांकि एआई और डीपफेक जैसी चुनौती के आने के बाद चुनाव सुचारू रूप से करा पाना सभी देशों के लिए चुनौती बनता जा रहा है। हालिया समय में चुनाव प्रचार में एआई डीपफेक का इस्तेमाल कर सिंथेटिक इमेज, डीपफेक ऑडियो और वीडियो बनाना काफी सस्ता और आसान हो गया है। इसी कारण अमेरिका सहित दुनिया भर के उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों द्वारा एआई का व्यापक रूप से उपयोग और दुरुपयोग किया जा रहा है।*

## गलत सूचना और फर्जी खबरों को पकड़ पाना सबसे बड़ी समस्या

एआई जनरेटेड गलत सूचना और फर्जी खबरों को पकड़ पाना बड़ी समस्या बन रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि यह तकनीक भारत समेत बाकी देशों के लोकतंत्र को कमजोर कर सकते हैं। चुनाव में डीपफेक और एआई जनरेटेड सामग्री पर लगाम लगने के लिए भारत और अमेरिका में बड़ी तैयारियां की जा रही हैं। ओपनएआई और मेटा जैसी टेक कंपनियों ने ऐसे खतरों से निपटने के लिए नितिगत बदलाव किए हैं। चैट जीपीटी के स्वामित्व वाली ओपन एआई 'वॉयस इंजन' के साथ डीपफेक से लड़ेगा। वॉयस इंजन, एक टेक्स्ट-टू-स्पीच मॉडल है जो सिंगल 15 सेकंड ऑडियो से किसी की भी नेचुरल आवाज को प्रोड्यूस कर सकता है।



## ओपनएआई ने किए कई बदलाव



चुनावों में 'लोकतांत्रिक प्रक्रिया' को कमजोर करने से रोकने के लिए ओपनएआई ने अपनी जेनरेटिव एआई-आधारित तकनीकों जैसे चैटजीपीटी, डल-ई में कई बदलाव किए हैं। इसमें इस प्लेटफॉर्म से उत्पन्न सामग्री का उपयोग कैसे किया जा रहा है, इसकी सक्रिय निगरानी शामिल है। नई नीति के तहत अब जो आवाजें एआई- जनरेटेड हैं वो बताने के लिए ओपनएआई वाध्य होगा। कोई भी व्यक्ति नेता के नाम से चैटवॉट नहीं बना सकेगा। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने से रोकने जैसे सवालों का रिस्पॉन्स अव चैटवॉट नहीं देगा।

## फेक इमेज और डीपफेक के लिए नई नीति



यूजर्स को एआई द्वारा उत्पन्न इमेज का पता लगाने में मदद करने के लिए ओपन एआई काम करेगा। मेटा के वैश्विक मामलों के अध्यक्ष निक क्लेग के अनुसार, मेटा अपने फेसबुक, इंस्टाग्राम और थ्रेड्स प्लेटफॉर्म पर पोस्ट की गई डीपफेक या एआई-जनरेटेड इमेज को 'इमेजिन्ड विद एआई' के रूप में लेबल करना शुरू करेगा, ताकि उनमें और मानव-जनित सामग्री के बीच अंतर किया जा सके। हालिया समय में मेटा ने स्टेबल सिग्नेचर नामक एक अदृश्य वॉटरमार्किंग तकनीक विकसित की है, जो वॉटरमार्किंग को किसी हटाने से रोकेगा।

## एआई ने दिया सुझाव, रेगुलेशन में सभी मंत्रालयों की हो भागीदारी

देश में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की निगरानी के लिए जरूरी सिस्टम तैयार करने पर गंभीर विचार चल रहा है। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के सदस्यों से मिलकर बनी कमेटी ने सिफारिश की है कि इसके लिए एक अंतर मंत्रालयीन कमेटी का गठन हो। पिछले माह सौंपी गई सिफारिश में कहा गया है कि यह काम सरकार से जुड़ी सभी मंत्रालय मिलकर करें। इलेक्ट्रानिक्स और आईटी मंत्रालय के साथ केंद्र के हर मंत्रालय को निगरानी तंत्र में कोई न कोई भूमिका दी जाए। बता दें, बाजार नियामक सेबी एल्गोरिदेमिक ट्रेडिंग करने वाली कंपनियों को तब तक ही प्रोप्रिएटर टेक्नोलॉजी का उपयोग करने की अनुमति देता है, जब तक वे कुछ गलत न करें।

# ताइवान में शक्तिशाली भूकंप से तबाही कई इमारतें जमींदोज, नौ की मौत

## 25 साल बाद आया 7.4 तीव्रता का भूकंप, 700 से ज्यादा लोग घायल, मोदी ने जताया दुख

ताइपे (ताइवान), एजेंसी

ताइवान के हुलिएन में 25 साल बाद बुधवार सुबह आए 7.4 तीव्रता के भूकंप ने तबाही मचा दी। कई इमारतें जमींदोज हो गई है, जबकि कई 45 डिग्री के कोण पर झुक गईं। राजमार्ग क्षतिग्रस्त हो गए पूरे द्वीपीय देश में रेल सेवा प्रभावित हो गई है। हालांकि, पूर्व में जारी सुनामी की चेतावनी बाद में वापस ले ली गई। आपदा में नौ लोगों की मौत हो गई और 700 से अधिक लोग घायल हो गए। वहीं 50 से ज्यादा लोगों लापता हैं।

सीएनएन ने राष्ट्रीय अग्निशमन एजेंसी (एनएफए) का हवाला देते हुए बताया कि द्वीप के पूर्वी तट पर आए शक्तिशाली भूकंप के बाद पूरे ताइवान में कम से कम 77 लोग फंस गए हैं। अधिकारियों ने फंसे हुए लोगों की स्थिति के बारे में विस्तार से नहीं बताया लेकिन कहा कि बचाव अभियान जारी है। एनएफए के अनुसार, घायलों में से 132 लोग भूकंप के केंद्र के पास हुलिएन काउंटी में हैं। भूकंप के बाद के झटकों की वजह से भूस्खलन की 24 घटनाएं हुई हैं तथा 35 सड़कें, पुल और सुरंगे क्षतिग्रस्त हुई हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ताइवान में बुधवार को 25 वर्षों में सबसे शक्तिशाली भूकंप आया, जब द्वीप के पूर्वी तट पर 7.4 तीव्रता का भूकंप आया, तो इमारतें ढह गईं। बता दें, सुनामी की चेतावनी के कारण एयरलाइंस और हवाईअड्डों को उड़ानें निलंबित करनी पड़ीं। हालांकि, बाद में फिर से शुरू कर दिया गया। आपदा से पूरे द्वीप में 125 इमारतों को नुकसान पहुंचा है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, क्षतिग्रस्त इमारतों में से लगभग आधी इमारतें भूकंप के केंद्र के पास हुलिएन काउंटी में हैं। हुलिएन काउंटी के मजिस्ट्रेट सू चेन-वेई ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, काउंटी में चार इमारतें आंशिक रूप से ढह गईं। तीन इमारतों के निवासियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है, जबकि नौ मंजिला यूरेनस बिल्डिंग में खोज और बचाव अभियान जारी है।





7.4 तीव्रता से आए भूकंप से 45 डिग्री के कोण पर झुकी इमारत, वहीं मलबे में पीड़ितों की तलाश करते बचावकर्मी।

## पीएम मोदी ने भूकंप प्रभावित ताइवान के लोगों के प्रति एकजुटता व्यक्त की



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ताइवान में आए भूकंप में जानमाल के नुकसान पर दुख जताया और देश के लोगों के प्रति भारत की एकजुटता व्यक्त की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट साझा करते हुए उन्होंने लिखा, आज ताइवान में भूकंप के कारण जानमाल के नुकसान से बहुत दुखी हूं। शोकाकुल परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हम ताइवान के लोगों के साथ एकजुटता से खड़े हैं क्योंकि वे सह रहे हैं।

# कानून उल्लंघन पर 5 गैर सरकारी संगठनों का एफसीआरए रद

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने विदेशी अनुदान के दुरुपयोग और अन्य कारणों का हवाला देते हुए उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद पांच जानेमाने गैर सरकारी संगठनों के विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) लाइसेंस रद कर दिए हैं।

जिन एनजीओ के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है उनमें सीएनआई सिनोडिकल बोर्ड ऑफ सोशल सर्विस (सीएनआई-एसबीएसएस), वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इंडिया (वीएचएआई), इंडो-ग्लोबल सोशल सर्विस सोसाइटी (आईजीएसएसएस), चर्च ऑक्जिलरी फॉर सोशल एक्शन (सीएएसए) और इवेंजेलिकल फेलोशिप ऑफ इंडिया (ईएफओआई) शामिल हैं।

गृह मंत्रालय ने कथित तौर पर उन कार्यों के लिए धन का उपयोग करने के लिए गैर सरकारी संगठनों का एफसीआरए पंजीकरण रद कर दिया जो उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं थे। एनजीओ ने एफसीआरए के प्रावधानों के विपरीत गतिविधियों में शामिल होकर कानूनों का उल्लंघन किया है।

# न्याय तंत्र की आजादी पर हमला बर्दाश्त नहीं

इस्लामाबाद, एजेंसी

- खुफिया एजेंसियों की दखलअंदाजी के आरोपों पर बोले पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश

पाकिस्तान की न्यायपालिका इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) काजी फैज ईसा ने बुधवार को मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि न्यायपालिका की आजादी पर किसी भी तरह के हमले को विफल किया जाएगा।

उन्होंने इस बात का भी संकेत दिया कि न्यायिक मामलों में खुफिया एजेंसियों की कथित दखलंदाजी की पूर्ण अदालत सुनवाई करेगी। दरअसल, मंगलवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के छह न्यायाधीशों ने दावा किया कि उन्हें धमकी भरे पत्र मिले और इन पत्रों में मादक पदार्थ भेजा गया था। इन न्यायाधीशों ने सीजेपी को पत्र लिखा था। शीर्ष अदालत की सात सदस्यीय पीठ इस मामले पर सुनवाई कर रही है। सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश तसादुक हुसैन जिलानी ने खुफिया एजेंसियों की कथित दखलंदाजी की जांच के लिए गठित एक सदस्यीय जांच आयोग की अध्यक्षता से खुद को अलग कर दिया था। सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल मंसूर अवान ने कहा, सरकार ने पूरी ईमानदारी से मामले की जांच के लिए एक आयोग का गठन किया था। लेकिन सोशल मीडिया और वकीलों ने उस आयोग की आलोचना की। वह चाहते थे कि अदालत मामले की सुनवाई करे। सीजेपी ईसा ने कहा कि वह अपने संस्थान की आजादी को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, न्यायाधीशों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे खतरे में नहीं हैं। सीजेपी ने कहा, अगर न्यायपालिका की आजादी पर किसी तरह का हमला होता है, तो मैं (न्यायपालिका का बचाव करने में) सबसे आगे रहूंगा और निश्चित तौर पर मेरे साथी न्यायाधीश इसमें मेरे साथ खड़े रहेंगे और हम कभी भी दखलंदाजी को स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, यह संभव है कि हम अगली सुनवाई में एक पूर्ण अदालत का गठन कर सकते हैं।

# सीमा पार आतंकवाद का कोई भी कृत्य बर्दाश्त नहीं

अस्ताना, एजेंसी



- कजाकिस्तान में आयोजित एससीओ बैठक में बोले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार

कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों की सुरक्षा परिषदों के सचिवों की 19वीं बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक की अध्यक्षता कजाकिस्तान कर रहा है।

इसमें ईरान पहली बार एससीओ में पूर्ण सदस्य के रूप में भाग ले रहा है। भारत की तरफ से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बैठक में हिस्सा लिया। डोभाल ने कहा सीमा पर आतंकवाद समेत किसी भी व्यक्ति द्वारा कहीं भी और किसी भी उद्देश्य से किया गया आतंक का कोई भी कृत्य उचित नहीं है। सीमा पार आतंकवाद अपराधियों से प्रभावी ढंग से और शीघ्रता से निपटा जाना चाहिए। उन्होंने दोहरे मानदंडों से दूर रहने और उन लोगों को जवाबदेह बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला जो आतंकवाद के प्रायोजक, वित्तपोषक और मददगार हैं। अफगानिस्तान में आतंकवाद की निरंतर मौजूदगी सुरक्षा स्थिति पर गहरा चिंता का विषय है।

## एक नजर

### अमृतसर में हवाला रैकेट का पर्दाफाश, दो तस्कर गिरफ्तार

**अमृतसर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) अमृतसर ने बुधवार को हवाला रैकेट का पर्दाफाश किया। संयुक्त टीम ने पास से हेरोइन और दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि 28 मार्च 2024 को बीएसएफ के खुफिया तंत्र को अमृतसर जिले के एक सीमावर्ती गांव में नशीले पदार्थों के साथ एक तस्कर की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली, फिर संयुक्त टीम के ऑपरेशन दौरान अमृतसर में पर्यटक स्थल 'साडा पिंड' के बाहर एक और संदिग्ध को पकड़ा। युवक ने पूछताछ के दौरान हवाला रैकेट और पाकिस्तान से तस्करों को हस्तांतरित करने का जुर्म कबूल लिया है। दोनों तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। बाद में उन्हें जिला अदालत ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में सेंट्रल जेल, अमृतसर भेज दिया।

### महाराष्ट्र में एग्जिट पोल के प्रकाशन और प्रसारण पर प्रतिबंध

**मुंबई।** भारत चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र में पांच चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव के संपन्न होने तक एग्जिट पोल के प्रसारण या प्रकाशन पर रोक लगा दी है। इस पृष्ठभूमि में, आयोग ने चुनाव अवधि के दौरान चुनावी भविष्यवाणियां दिखाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। आयोग की ओर से बुधवार को जारी बयान अनुसार, महाराष्ट्र में पांच चरणों में चुनाव होंगे और गत 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। राज्य में एग्जिट पोल के प्रकाशन/प्रसारण पर 19 अप्रैल सुबह सात बजे से एक जून तक प्रतिबंध लागू रहेगा। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रत्येक चरण में मतदान समाप्त होने से 48 घंटे पहले ओपिनियन पोल पर प्रतिबंध रहेगा।

### यमन में सेना और हूती के बीच संघर्ष, 21 लोगों की मौत

**अदन।** यमन के दक्षिणी प्रांत लाहज में बुधवार को सेना और हूती समूह के बीच हुए संघर्ष में 21 लोग मारे गए। एक सैन्य अधिकारी ने बताया है कि, मोर्चे पर सेना और हूती आतंकवादियों के बीच जबरदस्त संघर्ष हुआ। जहां सेना और हूती आतंकवादियों की बीच गोलाबारी हुई। इस गोलीबारी में कमांडर सहित 12 जवानों की मौत हो गई और अन्य आठ घायल हो गए। इस बीच नौ हूती आतंकवादी मारे गए और 15 से अधिक घायल हुए हैं। यमन में दो अक्टूबर 2022 से हालात बहुत नाजुक बने हुए हैं। जब संयुक्त राष्ट्र ने छह महीने के संघर्ष विराम को बढ़ाने और यमन सरकार की हूती आतंकवादियों से निपटने की विफलता की घोषणा की थी। बता दें, लड़ाकों ने 2014 में सना पर कब्जा कर लिया था।

## भक्तों का सैलाब..

**अबूधाबी।** अबूधाबी में बने मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। एक महीने के दौरान 3 .5 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। बता दें, इस मंदिर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। इसे एक मार्च को श्रद्धालुओं के लिए खोला गया। हर शनिवार और रविवार को 50 हजार के करीब लोग पहुंच रहे हैं। मंदिर की देखरेख करने वालों का कहना है कि मंगलवार से रविवार तक हर शाम 7 .30 बजे स्वामीनारायण घाट पर गंगा आरती होती है। इसका निर्माण गंगा और यमुना के पवित्र जल से किया गया है। मंदिर का निर्माण बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था की ओर से लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से दुबई-अबूधाबी शेख जायद राजमार्ग पर अल रहबा के पास 27 एकड़ में किया गया है। राजस्थान के 1.8 लाख घन मीटर बलुआ पत्थर से निर्मित यह मंदिर नागर शैली में बना है। यह पूरे खाड़ी क्षेत्र में सबसे बड़ा है।




# ब्राजील में 40 करोड़ रु. में बिकी भारतीय नस्ल की गाय

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत में गायों की औसत कीमत 11 हजार रुपये या इससे अधिक है, लेकिन ब्राजील में एक गाय 40 करोड़ रुपये में बिकी है। पशुओं की नीलामी में इसे नया रिकॉर्ड बताया जा रहा है। गाय आंध्र प्रदेश के नेल्लोर की 'वियाटिना-19 एफआइवी मारा इमोविस' नाम की नस्ल की है।

ब्राजील में नीलामी के दौरान इसे 48 लाख डॉलर में खरीदा गया। सफेद फर और कंधों पर विशिष्ट बल्बनुमा कूबड़ वाली यह गाय भारत की मूल निवासी है। ब्राजील में इस नस्ल की काफी डिमांड है। नस्ल का वैज्ञानिक नाम 'बोस इंडिकस' है। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह भारत के ओंगोल मवेशियों की वंशज है, जो अपनी मजबूती के लिए जानी जाती है। यह खुद को पर्यावरण के हिसाब से ढाल लेती है। यह नस्ल पहली बार 1868 में जहाज से ब्राजील भेजी गई थी। साठ के दशक में कई और गायों को वहां ले जाया गया था।

ओंगोल नस्ल के मवेशी काफी गर्म तापमान में भी रह सकते हैं। इनका उपापचय (मेटाबॉलिज्म) मजबूत होने से इनमें किसी तरह का इंफेक्शन नहीं होता। ब्राजील में जमकर गर्मी होती है। इसलिए वहां यह गाय काफी पसंद की जाती है।

# इजराइली हमले में सात राहतकर्मियों की मौत पर भड़के बाइडन

**वाशिंगटन।** गाजा में मंगलवार को इजराइली हमले में सात राहतकर्मियों के मारे जाने पर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि वह क्रोधित हैं, यह घटना हृदय विदारक है।

मारे गए राहतकर्मी वर्ल्ड सेंट्रल किचन (डब्ल्यूसीके) के लिए सेवा कार्य करते थे और ये बेघर फिलिस्तीनियों तक भोजन पहुंचाने के कार्य में लगे थे। हमले के बाद इजराइल ने उस पर खेद जताया और जांच की बात कही है। बाइडन ने कहा है कि हमले के संबंध में इजराइल की जांच जल्द पूरी होनी चाहिए, इसमें हमला करने वालों की जिम्मेदारी निश्चित होनी चाहिए और इस जांच को सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

## विज्ञान

आठ अप्रैल तक जागरूकता के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुक्त प्रकाश प्रदूषण के रूप में मनाया जाएगा

# विश्व में 1988 के बाद तेजी से हुई प्रकाश प्रदूषण की वृद्धि

नैनीताल, कार्यालय

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय डार्क स्काई वीक यानी साप्ताहिक स्याह आकाश शुरू हो गया है। आठ अप्रैल तक दुनियाभर में यह सप्ताह अंधेरे के प्रति जागरूकता और मुक्त प्रकाश प्रदूषण के रूप में मनाया जाएगा।

1988 के बाद से दुनिया में बहुत तेजी से प्रकाश प्रदूषण में वृद्धि हुई है। भले की भारत मे इस इस सप्ताह को लेकर जागरूकता नही है, लेकिन कई देशों में अंतर्राष्ट्रीय डार्क स्काई वीक अंधेरी और प्राकृतिक रात का विश्वव्यापी उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इंटरनेशनल डार्क-स्काई एसोसिएशन (आईडीए) की स्थापना का उद्देश्य मानव जनित प्रकाश प्रदूषण को रोकना है। इसकी अनिवार्यता खगोलीय अध्ययन में प्रकाश द्वारा पड़ने वाले व्यवधान को कम करना है। नए आंकड़े के अनुसार प्रकाश प्रदूषण मानव जनसंख्या वृद्धि की दोगुनी दर से बढ़ रहा है।

दुनिया भर में 80 प्रतिशत लोग प्रकाश-प्रदूषित आकाश के नीचे रहते हैं। इसीलिए आईडीए ने एक अंतर्राष्ट्रीय डार्क स्काई वीक की स्थापना की है, जो 3 से 8 अप्रैल को पड़ता है। यह सप्ताह स्याह रहेगा। जिसमें कई तरह के खगोलीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस सप्ताह सितारों और नक्षत्रों की महत्ता को समझने का मौका मिलेगा।

इस सप्ताह को लेकर आईडीए ने अपील है कि सभी लोग अंधेरी रात के आसमान की हमारी साझा विरासत की रक्षा और जश्न मनाने के लिए वैश्विक डार्क स्काई आंदोलन में शामिल होंगे। डार्कस्काई इंटरनेशनल ऐसे समाधानों को बढ़ावा देता है और लोगों को आउटडोर प्रकाश को कम करने की अपील करता है।



स्याह रात में मिल्की वे का शानदार नजारा।

### एरीज के वैज्ञानिकों ने भी की अपील

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के निदेशक प्रो दीपांकर बनर्जी कहते हैं कि ब्रह्मांड की खोज खबर के लिए किए जा रहे अनुसंधानों में प्रकाश प्रदुषण बड़ी समस्या के रूप में तेजी से उभर रहा है। जिसे कम करना बेहद जरूरी है। इस दिशा में दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति को अपना योगदान देना होगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस मुहीम में देश का हर व्यक्ति सहयोग करे।


# बाइडन-ट्रंप ने चार और राज्यों में जीते प्राइमरी चुनाव, फिर होंगे आमने-सामने

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आसानी से चार और राज्यों में अपनी-अपनी पार्टियों के प्राइमरी चुनाव पर जीत दर्ज की है। नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में फिर से दोनों के बीच कांटे का मुकाबला होगा।

राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी ने दो अप्रैल को चार राज्यों न्यूयार्क, कनेक्टिकट, रोड आइलैंड और विसकन्सिन में प्राइमरी चुनाव आयोजित किए। इन चुनावों में ट्रंप को 75 प्रतिशत से अधिक और बाइडन को 80 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त हुए।

हालांकि, ये प्राइमरी चुनाव अब औपचारिकता भर हैं, क्योंकि बाइडन और ट्रंप अपनी-अपनी पार्टियों से नामांकन की पात्रता पहले ही हासिल कर चुके हैं। दोनों ही आवश्यक डेलीगेट का समर्थन पा चुके हैं। चार राज्यों के ताजा चुनाव के बाद ट्रंप के पास अब 1860 डेलीगेट और बाइडन के पास 3,030 डेलीगेट का समर्थन है। राष्ट्रपति प्रत्याशी बनने के लिए उनके नामांकन की पुष्टि जुलाई में मिल्वौकी में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन और अगस्त में शिकागो में डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में की जाएगी। ट्रंप ने मिशिगन में मंगलवार को अवैध आप्रवासियों को 'जानवर' बताकर विवाद खड़ा कर दिया था।



### जज, गवाह व कर्मियों के खिलाफ नहीं बोल पाएंगे ट्रंप

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हश मनी मामले में परेशानियां बढ़ गई हैं। ट्रंप के आपराधिक मामले की सुनवाई का नेतृत्व करने वाले जज ने गैग ऑर्डर का दायरा बढ़ा दिया है। जज जुआन मर्चन ने कहा कि ट्रंप अब मेरे परिवार, मैनहट्टन जिला अटॉर्नी एल्विन बैग के अलावा गवाहों, अभियोजकों, अदालत के कर्मचारियों और उनके रिश्तेदारों के खिलाफ बात नहीं कर सकेंगे।